सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80502.08 |
| निफ्टी | 24509.25 |
| सोना 73,850 | चांदी 91,335 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



गंभीर चाहते रोहित-विराट खेले 2027 वनडे विश्वकप

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 23 जुलाई, 2024 | 8 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 216, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 तक बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राऊज एवेन्यू कोर्ट से फिर राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी है। मनीष सिसोदिया को सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

### जेडीएस नेता सूरज रेवन्ना को मिली सशर्त जमानत



**बेंगलुरु।** यौन शोषण मामले में फंसे प्रज्ज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) नेता सूरज रेवन्ना को बेंगलुरु की अदालत से सशर्त जमानत मिली है। सूरज पर यौन शोषण का आरोप है। सूरज को 23 जून को गिरफ्तार किया गया था।

### के. कविता को राहत नहीं, 26 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर राऊज ऐवन्यू कोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने के. कविता को 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश करने को कहा है। कोर्ट ने के. कविता की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पहली बार 4200 में बिका रॉयल सेब का बॉक्स -पेज 3
- एयरपोर्ट विस्तार को 930 करोड़ का मुआवजा मंजूर -पेज 5
- मंडी-कांगड़ा सीमा पर पुलिस ने बढ़ाई नाकाबंदी -पेज 9
- बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर -पेज 13
- जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा भारत -पेज 14

## तीन नवनिर्वाचित विधायकों कमलेश आशीष और बावा ने ग्रहण की शपथ

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी एवं देहरा से नवनिर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर, नालागढ़ से बावा हरदीप सिंह और हमीरपुर से भाजपा विधायक आशीष शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अब हिमाचल विधानसभा में विधायकों की संख्या साढ़े चार महीने बाद 68 हो गई है। इससे पहले तीनों विधायक ढोल-नगाड़ों के साथ विधानसभा पहुंचे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



नवनिर्वाचित विधायकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते विधानसभा अध्यक्ष।

### मुख्यमंत्री सुक्खू बोले, जनता ने दिखाया खरीद-फरोख्त की राजनीति को आईना

तीन नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ लेने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 27 फरवरी को भाजपा ने षड्यंत्र रचा और खरीद-फरोख्त की गई। उस राजनीति को जनता ने आईना दिखाया है। नोटों के दम पर सरकार को गिराने की कोशिश हुई, लेकिन जनता ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। हम 40 विधायक 2022 में चुनकर आए, आज खुशी है कि हम फिर से 40 हो गए हैं।

## सावन के पहले सोमवार को उमड़ा श्रद्धा का सैलाब




सावन माह के पहले सोमवार को बैजनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर के बाहर लोगों ने लाइनों में लगकर भोले बाबा के दर्शन किए।

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट से पहले पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

# देश में ईंधन महंगाई घटी, जीडीपी ग्रोथ 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी, नई दिल्ली

- वित्त वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा जीडीपी 8.4% रही
- जून में रिटेल महंगाई सबसे ज्यादा 5.08% रही

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वित्त वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण लोकसभा में पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण सर्वे में कहा गया कि सरकार ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। इससे रिटेल ईंधन महंगाई दर वित्त वर्ष 24 में नीचे बनी रही। वहीं, वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित 8.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से कम है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) जैसी वैश्विक एजेंसियों का मानना है कि



चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में पेश किए दस्तावेज में कहा कि समीक्षा में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत (दोनों तरह घट-बढ़ के साथ) रहने का अनुमान लगाया गया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि बाजार की अपेक्षाएं उच्च स्तर पर हैं। अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू मोर्चे पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले प्रमुख तत्वों ने 2023-24 में आर्थिक वृद्धि का समर्थन किया है। बेहतर बही-खाते से निजी क्षेत्र को मजबूत निवेश मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। पिछले तीन साल में अच्छी वृद्धि के बाद निजी पूंजी सृजन थोड़ा अधिक सतर्क हो सकता है, क्योंकि अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका है। वहीं, आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की संभावनाओं में सुधार के साथ माल तथा सेवा निर्यात में भी आगे वृद्धि होने की संभावना है। समीक्षा में कहा गया कि भारत मौसम विभाग की ओर से सामान्य वर्षा का पूर्वानुमान तथा दक्षिण-पश्चिम मानसून का अबतक संतोषजनक प्रसार कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार लाएगा तथा ग्रामीण मांग में सुधार को समर्थन देगा।

### संसद किसी दल के लिए नहीं, देश के लिए है: मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच साल में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने अढ़ाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया।

### महिला बजट में हुई वृद्धि

**महिलाओं** के बजट में लगातार वृद्धि हुई है और यह वित्त वर्ष 2013-14 के 97,134 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ पर पहुंच गई है। सोमवार को संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

### बिहार को नहीं मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा

विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर नीतीश सरकार को केंद्र से करारा झटका लगा है। केंद्र ने साफ किया है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता। जदयू सांसद रामप्रीत मंडल के सवाल पर केंद्र की तरफ से संसद में जवाब दिया गया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जे के लिए राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) की तरफ से कुछ जरूरी पैमाने तय किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया था कि एनडीसी के क्राइटेरिया के तहत बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे पाना संभव नहीं है।

## आईजीएमसी में जल्द 600 नर्सों व 43 ओटीए की होगी तैनाती: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**आईजीएमसी** शिमला में जल्द 600 स्टाफ नर्सों और 43 ऑपरेशन थिएटर सहायक (ओटीए) की जल्द तैनाती होगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।



- सीएम बोले- 30 चिकित्सा अधिकारियों के भरे जा रहे पद

उन्होंने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा विभाग को सुदृढ़ करने के लिए 30 चिकित्सा अधिकारियों (एमओ) के पद भरे जा रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों के रिक्त पदों को भरने और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया, ताकि राज्य में विशेष चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रचलित बीमारियों और उच्च संख्या वाले ओपीडी की पहचान के लिए एक अध्ययन किया जाएगा, जिससे सरकार डॉक्टरों की संख्या और सुविधाओं में अनुपातिक वृद्धि कर सके। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि आधुनिक तकनीकों और उपकरणों को शामिल करने के लिए धन उपलब्ध है और आईजीएमसी के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस अवसर पर म स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, विधायक हरीश जनार्था, प्रमुख सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. गोपाल बेरी आदि उपस्थित रहे।

### साइबर सैल करेगा प्रदेश हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मामले की जांच

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी के मामले की जांच अब साइबर सैल करेगा। मामले में कई तकनीकी पहलू होने की वजह से जांच को साइबर एक्सपर्ट से करवाने पर सहमति बनी है। प्रदेश हाईकोर्ट को 17 जून को केएनआर समूह के नाम से एक ई-मेल मिला था। इसमें हाईकोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ई-मेल में हाईकोर्ट परिसर में कई बम होने की बात भी कही गई थी।

## कांवड़ यात्रा के मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के निर्देश पर लगी अंतरिम रोक

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी।

कोर्ट ने कहा कि दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं है। होटल चलाने वाले यह बता सकते हैं कि वह किस तरह का खाना यानी शाकाहारी या मांसाहारी परोस रहे हैं।

- सुप्रीम कोर्ट का यूपी, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस

उन्हें अपना नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पुलिस ने इस मामले में अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है, ऐसा नहीं करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है। तीनों राज्यों में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकान मालिकों को अपना नाम लिखने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नाम के एनजीओ ने 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की पहचान के जरिए उनका आर्थिक बहिष्कार किया जा रहा है। यह चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की 26 जुलाई को सुनवाई होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट के विवादित सवाल की जांच के दिए आदेश

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने नीट-यूजी मामले की सुनवाई मंगलवार तक टाल दी। कोर्ट ने कहा कि फिजिक्स के 2 सही ऑप्शन वाले प्रश्न नंबर 19 की पड़ताल होनी चाहिए।

2 सही ऑप्शन देने से 44 स्टूडेंट्स को बोनस मार्क्स मिले और 4.2 लाख कैंडिडेट्स को नुकसान हुआ है। कोर्ट ने आदेश दिया कि आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर 2 जवाबों वाले सवाल की जांच के

- आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर तीन सदस्यों की कमेटी बनाकर आज 12 बजे तक रिपोर्ट सौंपें

लिए एक तीन सदस्यों की कमेटी बनाएं। एक्सपर्ट टीम उनमें से एक सही ऑप्शन चुनकर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को अपनी राय भेजें। नीट-यूजी गड़बड़ी मामले में सुप्रीम कोर्ट में 40 से ज्यादा याचिकाओं पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के सामने सुनवाई खत्म हुई।

## राजौरी में शौर्य चक्र विजेता के घर पर हमला, एक आतंकी ढेर

### हमले में सेना का जवान और एक नागरिक घायल



अशोक ठाकुर, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर के राजौरी जिले में एक बार फिर से आतंकी हमला हुआ है। इस बार आतंकवादियों ने राजौरी जिले के गुंडा खवास गांव में शौर्य चक्र विजेता परषोत्तम कुमार के घर पर सोमवार सुबह करीब 3 बजे हमला किया। परषोत्तम को हाल ही में शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है।

वहीं, सेना का एक जवान और आम नागरिक घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की तरफ से उन्हें निशाना बनाने का प्रयास किया गया। परुषोत्तम के घर के पास चौकी को स्थापित किया गया है, जिन्होंने हमले को नाकाम कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, आतंकियों की तरफ से सेना के कैंप पर भी हमला किया गया है। अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है और आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)






## न्यूज ब्रीफ

### शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** सावन के पहले सोमवार को राजधानी शिमला सहित पूरे जिला के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शिमला के मिडल बाजार शिव मंदिर व भट्टाकुफर सहित अन्य मंदिरों में सावन के पहले सोमवार के अवसर पर शिव भक्त मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। शिवालयों में हर हर महादेव का उद्घोष सुनने को मिला। श्रद्धालु सुबह से ही जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते नजर आए। मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

### महासू देवता के दर्शन के लिए पैदल निकला सोलन का युवक



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विशाल ठाकुर सोलन से शनिवार को नंगे पांव पैदल उत्तराखंड के हनोल में महासू देवता के दर्शन के लिए निकला, जिसके बाद सोमवार को मां हटेश्वरी के मंदिर पहुंचने पर युवक ने बताया की आज कल युवा नशे के दलदल में फंसता चला जा रहा है। ऐसे में युवाओं को हेल्थ के प्रति जागरूक करने के मकसद से सोलन से उत्तराखंड के लिए विशाल ठाकुर पैदल यात्रा पर निकला है। विशाल ने कहा कि आज के समय युवा बेरोजगारी के चलते भी काफी तनाव में है जिसके चलते कई बार गलत कदम भी युवक उठा लेते हैं। युवाओं को हार नहीं माननी चाहिए और अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए।

### विश्वविद्यालय का 55वां स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** विश्वविद्यालय का 55वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमे राष्ट्रगान, विश्वविद्यालय के कुलगीत तथा गणेश एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर समारोह का शुभारंभ किया गया। तदोपरांत जेसीसी पदाधिकारियों में नरेश कुमार शर्मा, प्रेम राज शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, राज कुमारी व राजेश ठाकुर ने विश्वविद्यालय के 55वें स्थापना दिवस पर अपने बधाई संदेश देकर कर्मचारियों को संबोधित किया। विश्वविद्यालय इतिहास में पहली बार समस्त गैर शिक्षक कर्मचारी समुदाय एवं विभिन्न छात्र संगठनो द्वारा कुलपति कार्यालय के बाहर विशाल समूह में एकत्रित होकर विश्वविद्यालय स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। विश्वविद्यालय के 55वें स्थापना दिवस समारोह में प्रत्येक गैर- शिक्षक कर्मचारियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय गैर-शैक्षक कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति की एक्शन कमेटी के निर्णय अनुसार आगामी कार्य दिवस पर भी गेट मीटिंग यथावत होगी।

### चिड़गांव व समोली फीडर में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञाना, रोहड़ू।** सहायक अभियंता ई. सत्यपाल भटवान ने बताया कि विद्युत उपमंडल चिड़गांव नंबर -1 की आम जनता को सुचित किया जाता है 22 केवी कंट्रोल प्वाइंट समोली व एचटी लाइन कि मरम्मत के चलते समोली फीडर नंबर-1 के अनुभाग सीमा, जखार, रंटाडी व मलवाडी आदि का पुरा क्षेत्र मंगलवार 23 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि समोली फीडर नंबर-2 के अनुभाग सीमा के कलोटी, मिणी, भटवाडी, ग्वास, बाघी व झटवाडी आदि का पूरा क्षेत्र बुधवार 24 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि शटडाऊन मौसम के स्थिति पर निर्भर करेगा।

### अग्नि पीड़ितों को आर्थिक मदद देकर बांटा दर्द



**अनंत ज्ञान, नेरवा।** पिछले दिनों ग्राम पंचायत देईया के कटांह गांव में हुए भीषण अग्निकांड में एक परिवार पर कहर बरपाते हुए उसका आशियाना और जीवन भर की जमा पूंजी छीन ली थी । इस परिवार का दर्द बांटने फ्रेंड्स क्लब मालत के सदस्य आगे आए है । क्लब के सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें 11 हजार रुपए की राशी भेंट कर आर्थिक मदद प्रदान की एवं भविष्य में उनके पुनर्वास तक हरेक मदद का आश्वासन भी दिया ।

### राधिका का पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में चयन

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के भौतिक विज्ञान की छात्रा राधिका का पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ में पीएचडी में डीएसटी इंस्पायर फैलोशिप स्कीम के तहत चयन हुआ है। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने छात्रा के परिजनों को व छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी बाहर जाकर हमारे कॉलेज का नाम रोशन करें। इस कामयाबी के लिए भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर सुरजीत, डॉक्टर अरुण, डॉक्टर मोनिका, डॉक्टर घनश्याम व प्रोफेसर शीतल ने छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आज से 26 तक इन क्षेत्रों में बिजली बंद

**बिलासपुर।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल रविंद्र चैधरी ने बताया कि 23 से 26 तक बिजली की नई लाइन बिछाने व सर्विस लाइनों की आवश्यक मरम्मत के लिए डियारा अनुभाग में बिजली बंद रहेगी। हनुमान मंदिर, बाल्मीकी मोहल्ला, जंज घर, आनंद पैलेस, नाले का नौण तथा उसके साथ लगते स्थानों पर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से वाधित रहेगी। उन्होने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया और बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

### कैडेट्स ने की कोहू गांव की बावड़ी की सफाई

**डंगार चौक।** बिलासपुर कॉलेज के एनसीसी आर्मी विंग के पांच कैडेट्स ने कैडेट चंदन कौंडल के नेतृत्व में अपने गांव कोहू में स्थित बावड़ी की साफ-सफाई की। एनसीसी आर्मी विंग हर महीने एसएससी डी-ऐक्टिविटीज के तहत यह गतिविधियां आयोजित करती है। कॉलेज एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जय ने बताया कि द्वितीय एनसीसी बटालियन मंडी द्वारा निर्देशित इस तरह की गतिविधियां कैडेट्स के व्यक्तित्व और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।

### अपना लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थी: प्रो. रामकृष्ण



**घुमारवीं।** घुमारवीं कॉलेज में बीबीए और बीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक ओरियेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी के सदस्य सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने संचार के प्रभाव पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने नए सत्र के लिए सभी छात्रों का स्वागत किया और कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

# आईजीएमसी से चमियाणा शिफ्ट हुई यूरोलॉजी ओपीडी

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी से यूरोलॉजी विभाग की सभी तरह की ओपीडी सेवाएं अब अटल सुपर स्पेशियलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा में शिफ्ट कर दी गई है। आईजीएसी में अब यूरोलॉजी से संबंधित कोई भी सेवा मरीजों को नहीं मिलेगी। यह जानकारी एमएस राहुल राव ने दी है।

यूरोलॉजी विभाग के एचओडी पम्पोश रैना ने बताया कि चमियाणा में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को मरीजों को ओपीडी सेवाएं मिलेंगी, जबकि छोटे ऑपरेशन भी यहीं किए जाएंगे। हालांकि अभी इमरजेंसी सेवाएं और मुख्य ऑपरेशन आईजीएमसी शिमला में पहले की तरह चलते रहेंगे। चमियाणा के प्रधानाचार्य बृज शर्मा ने बताया कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की एक अतिरिक्त ओपीडी चमियाणा में शिफ्ट की गई। हर शुक्रवार को यहां मरीजों को ओपीडी की सेवाएं मिलेंगी, जबकि आईजीएमसी में पहले की तरह गेस्ट्रो की सेवाएं सोमवार, बुधवार (दोपहर बाद), वीरवार मरीजों को मिलती रहेंगी।



अपनी बारी का इंतजार करते मरीज।

बता दें कि आईजीएमसी में लोगों की भीड़ को कम करने के लिए 11 विभागों को सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में शिफ्ट किया जाएगा। मंगलवार को आईजीएमसी में एमएस डॉ. राहुल रॉव ने कहा था कि अभी चमियाणा में दो विभाग ही शिफ्ट करने की योजना है, क्योंकि चमियाणा में स्टाफ की कमी और सड़क की दिक्कत है। इसलिए अन्य डिपार्टमेंट बाद में ही शिफ्ट किए जाएंगे। यूरोलॉजी की पूरी ओपीडी अब सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाणा में ही चलेगी। आईजीएमसी शिमला से चमियाणा की दूरी 12 किलोमीटर है। (अनंत ज्ञान)

### अस्पताल में हैं ये सुविधाएं

**इस** संस्थान में 11 सुपर स्पेशलाइज्ड विभाग, जिनमें 50 आईसीयू और केंद्रीकृत ऑक्सीजन आपूर्ति वाले 283 साधारण बिस्तर की सुविधा है। इस अस्पताल में नौ ऑपरेशन थियेटर, दो कैथ लैब और सिटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस संस्थान में ओपन हार्ट सर्जरी, एंजियोप्लास्टी, टीएवीआई, बीएमयू आईवीयूएस और 4-डी अल्ट्रासाउंड की सुविधा होगी।

## आयुष्मान व हिमकेयर योजनाएं वरदान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान तथा हिमकेयर योजनाएं निर्धन परिवारों के लिए किसी संजीवनी या वरदान से कम नहीं हैं। केंद्र सरकार की आयुष्मान व प्रदेश सरकार की हिमकेयर योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मदद करना है।

योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जो परिवार आयुष्मान योजना से वंचित रह गए, उन्हें भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। अगर किसी परिवार के दो सदस्यों ने एक साल में तीन लाख तक का मुफ्त इलाज करवा लिया, तो अन्य तीन सदस्य अगले दो साल तक दो लाख तक का इलाज करवा सकते हैं।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत तथा हिमाचल की मुख्यमंत्री हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल योजना हिमकेयर, दोनों योजनाओं के अंतर्गत प्रति वर्ष प्रति परिवार के पांच सदस्यों को पांच लाख तक का कैशलैस उपचार कवरेज प्रदान किया गया था, परंतु हिमाचल प्रदेश की मुख्यमंत्री हिमकेयर योजना में पहली अप्रैल, 2022 से कुछ बदलाव किया गया।

# प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण सेब बागवानी पर संकट: चेतन बरागटा



प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा पत्रकार वार्ता करते हुए, साथ हैं अन्य।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण सेब बागवानी पर पुरी तरह से संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने बताया कि सेब मंडियों में छोटे आकार के सेब पर दर लगाई जा रही है। बगीचों में फैल रहे विभिन्न तरह के रोग की रोकथाम के लिए सरकार की ओर से कोई भी उपयोगी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

उद्यान केंद्रों पर उपयुक्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही है। सरकार ने आनन-फानन में यूनिवर्सल कार्टन तो लाया है, लेकिन यूनिवर्सल कार्टन में किस तरह से पैकिंग की जाए। इसका प्रशिक्षण तक बागवानों को नहीं दिया गया है। जिस कारण आज बागवान परेशान और हताश है। बरागटा ने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन का हम स्वागत करते हैं, लेकिन यूनिवर्सल कार्टन को शुरू करने से पहले बागवानों से संवाद करना आवश्यक था। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कैंप लगाकर बागवानों को सेब की पैकिंग की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए थी। बागवानों को अच्छी गुणवत्ता का यूनिवर्सल कार्टन मिले इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रदेश में इस वर्ष 2.90 करोड़ यूनिवर्सल कार्टन होने का अनुमान लगाया गया है, जिसमें से करीब 1.60 करोड़ पेटियां जिला शिमला के अंदर होनी है। ऐसे में बागवानी मंत्रालय जिला शिमला में दिया जाना चाहिए। इसलिए मेरी मांग है कि बागवानी मंत्रालय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को दिया जाए।(अनंत ज्ञान)

## विद्यार्थियों को नशे से रहने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में ओरिऐंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की आधारभूत संरचना, कार्यप्रणाली तथा महाविद्यालय में संचालित बीए एवं बीकॉम के सभी विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

महाविद्यालय की प्रेस सचिव हिंदी विभाग की सहायक आचार्य बबिता ने बताया कि महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षण एवं गैरशिक्षण कर्मचारियों से नए विद्यार्थियों को परिचित कराया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को समाज में फैल रही बिमारी नशे से सचेत रहने के लिए तथा मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के दुरुपयोग से बचने के संबोधित किया।

# सीमा कॉलेज में छात्रों को दी संभावित करियर की जानकारी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जागरूक करते गणमान्य।

राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय सीमा ने नवागंतुक छात्रों के लिए एक विस्तृत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण, शैक्षिक अपेक्षाओं व कैरियर संभावनाओं से अवगत करवाया गया।

इस कार्यक्रम में छात्रों को उनके चुने हुए विषयों, पाठ्यक्रम और शैक्षणिक अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को यह समझाया गया कि प्रत्येक विषय की क्या विशेषताएं हैं और किस प्रकार से वे अपने शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। इस सत्र में छात्रों को पारंपरिक विषयों बीए, बीकॉम, बीएससी व प्रोफेशनल विषयों बीसीए, बी वॉक, बीबीए में अध्ययन क्षेत्र से संबंधित संभावित करियर के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने मार्गदर्शकों के रूप में भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।

## चूड़ेश्वर मंदिर समिति की बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने की अध्यक्षता

# चूड़धार में 11 अक्तूबर को होगा प्राण प्रतिष्ठा शांत महायज्ञ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में चूड़ेश्वर मंदिर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 11 अक्तूबर 2024 को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा एवं शांत महायज्ञ कार्यक्रम के आयोजन बारे विस्तृत चर्चा की।

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए हम सभी को आज से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि आयोजन का सफल समापन हो सके और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सके।

प्राण प्रतिष्ठा एवं शांत महायज्ञ कार्यक्रम में जिला शिमला, सिरमौर एवं सोलन के साथ उत्तराखंड राज्य से लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस तर्ज पर हमे उनके रहने सहने तथा खाने पिने के इंतजाम करने की आवश्यकता है।



### कुरड़ लगाकर संपन्न होगा मंदिर निर्माण कार्य

उपायुक्त ने कहा कि 11 अक्टूबर 2024 को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा एवं शांत महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान मंदिर में कुरड़ लगाई जाएगी जिसके साथ ही मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। कार्यक्रम में सिरमौर, सोलन एवं शिमला से विभिन्न देवता भी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

### काला बाग में श्रद्धालुओं के लिए बनेगा बेस कैंप

अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला के सराहां तथा तराहां वाले रास्ते से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खाने पीने एवं टेंट की व्यवस्था काला बाग में की जाएगी, सिरमौर के नौहराधार से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जाएगी, जिसके लिए प्रशासन से बैठक होगी।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए उठाए जाएंगे उचित कदम: एसपी शिमला

पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलने के लिए उचित व्यवस्था की जाएंगी ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों को क्षेत्र की जिओमैप्पिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान के लिए मूलभूत व्यवस्था पर कार्य करने की आवश्यकता है ।

# सावन के पहले सोमवार को शिव के जयकारों से गूंजे शिवालय



बिलासपुर के द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम पंयाला में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु।

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सावन महीने के उपलक्ष्य पर बिलासपुर के द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम पंयाला में सुबह से ही शिवभक्त पहुंचना शुरू हो गए और शिवलिंग व नंदी पर दूध व जल चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते दिखाई दिए। वहीं, मंदिर परिसर में भक्तों के लिए दूध व जल चढ़ाने सहित फल, खीर के रूप में प्रसाद की पूरी व्यवस्था की गई थी।

सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय होता है और सोमवार के दिन व्रत रखने वाले भक्तों की भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इसीलिए शिव भक्तों के लिए सावन का महीना बेहद खास माना गया है। इस बात की जानकारी देते हुए द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम पंयाला के पुजारी बाबा धर्मवीर ने कहा कि सोमवार को सावन माह का पहला सोमवार है और सुबह से ही शिव भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग व नंदी पर दूध व जल चढ़ाया। हर सोमवार को जो वक्त व्रत रखता है भगवान शिव व माता पार्वती उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। वहीं, शिवधाम मंदिर में लंबे समय से सेवा कर रहे धर्मपाल का कहना है कि द्वादश ज्योतिर्लिंग शिवधाम में भक्तों की अपार आस्था है और इस मंदिर में केवल बिलासपुर से ही नहीं, बल्कि दूर-दूर से शिव भक्त यहां आकर पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## ममता बनी लाडली फाउंडेशन की उपाध्यक्ष

**दधोल।** लाडली फाउंडेशन के राज्य महासचिव बीए शाह ने राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा की सहमति से ममता देवी को लाडली फाउंडेशन घुमारवीं ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। घुमारवीं के गांव कसोहल



मोरसिंघी की समाजसेविका ममता देवी कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म संभाव राष्ट्रीय मंच एव लाड़ली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा संरक्षण, कुष्ठरोग की जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे सामाजिक कार्यों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है।

लाडली फाउंडेशन की घुमारवीं ब्लाक उपाध्यक्ष ममता देवी का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए और कमजोर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेंगी।

# छह माह में तैयार होगा बैक वाटर पर बन रहा नंद नगरांव पुल



गोबिंद सागर के बैक वाटर पर बन रहा नंद नगरांव पुल।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

गोबिंद सागर के बैक वाटर पर बन रहा नंद नगरांव पुल का कार्य लगभग छह महीने में पूरा हो जाएगा।

यह पुल स्टील सस्पेंशन तकनीक से बन रहा है और इसकी लंबाई 377 मीटर होगी। यह पुल 56 करोड़ की लागत से बनेगा। हिमाचल में इस तरह का यह पहला पुल है, जो इस तकनीक से बन रहा है। इस पुल का निर्माण साईं इंटरनल फाउंडेशन शिमला की ओर से करवाया जा रहा है। यह पुल पिछले साल आई आपदा में थोड़ा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण पुल का काम थोड़े दिन रुक गया था। अब पुल का काम छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इस पुल के बनने से जेजवी और झंडूता आपस में जुड़ जाएंगे। कंपनी के इंजीनियर शुभम गुप्ता ने बताया कि छह महीने में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। 56 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा। पुल के दोनों ओर ए-1 400 मीटर ए-2 90 मीटर सड़क बनाई जाएगी। नंद-नगरांव पुल का एक बड़ा हिस्सा प्रदेश में आई आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था, अब लगभग 60 फीसदी पुल का काम पूरा हो चुका है। यह पुल एमडीआर मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड से जुड़ेगा। एक ओर यह पुल जहां फोरलेन से जुड़ेगा। वहीं, दूसरी ओर हमीरपुर से भी कनेक्टिविटी होगी। इससे झंडूता से हमीरपुर और कांगड़ा की दूरी लगभग 50 किलोमीटर कम हो जाएगी। वहीं, दूसरी ओर इस पुल के बनने से झंडूता की जनता को अधिक लाभ मिलेगा, जिससे लोगों को यहां पर क्नेक्टिविटी के लिए सही रहेगा। जानकारी के अनुसार इस पुल के बनने से झंडूता के गांव तलवाड़, जेजवीं और कोटधार क्षेत्र के लोगों को अधिक लाभ मिलेगा। इसके साथ यहां पर चंडीगढ़ की ओर से जाने के लिए भी झंडूता के लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं, झंडूता मुख्यालय तक जाने के लिए लोगों का 30 किलोमीटर का फासला कम होगा। (अनंत ज्ञान)

## 27 को 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**दधोल।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि औरो स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, वर्धमान ग्रुप बद्दी सोलन द्वारा ट्रेनिस के 50 पदों के लिए 27 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं, में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं से लेकर 9वीं अथवा 10वीं से लेकर 12वीं रखी गई है। ट्रेनिंग के दौरान मासिक वेतन 9500 रुपए तथा 1000 रुपए अलाउंस साथ ही हॉस्टल एवं कैंटीन की सुविधा दी जाएगी। तीन माह के बाद मासिक वेतन 13064 रुपए दिया जाएगा। 18-25 वर्ष के पुरुष व महिला उम्मीदवार पात्र होंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने सभी पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की है कि अपने मूल दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों सहित संबंधित साक्षातकार में भाग ले सकते हैं। किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत उम्मीदवार सक्षत्ताकार में भाग ले सकते हैं तथा उम्मीदवार एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर रजिस्टर कर इंटरव्यू के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नियोक्ता के दूरभाष नंबर 01795272011, 07195272012 तथा कार्यालय के दूरभाष नंबर 01978222450 पर संपर्क कर सकते हैं।

**परेशानी** एसीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने कूड़ा लेने से किया इंकार, डेंगू बीमारी फैलने की बढ़ीं संभावनाएं

# नगर परिषद की बढ़ी मुश्किलें, कूड़ा डंप करने के लिए नहीं मिल रहा स्थान

**शुभम राही, बिलासपुर**

नगर परिषद बिलासपुर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बिलासपुर जिले में एसीसी सीमेंट फैक्टरी और सोलन जिले में अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्टरी दोनों ने कूड़ा लेने से इंकार कर दिया है।

अब नगर परिषद को यह दिक्कत सता रही है कि आखिरकार कूड़ा फेंके तो कहां पर फेंके क्योंकि प्रतिदिन शहर से कूड़ा नप अपने ही प्रागंण में एकत्रित कर रहा है, लेकिन कूड़ा एकत्रित करते-करते यहां पर कूड़े का पूरा पहाड़ बनना शुरू हो गया है, जिससे यहां पर काफी दिक्कतें पेश आना शुरू हो गई हैं। वहीं, दूसरी ओर बरसात भी शुरू है और बारिश की वजह से यहां पर अधिक गंदगी फैल रही है। यहां पर कभी भी कोई बड़ी बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर में स्थित नगर परिषद परिसर में सबसे ज्यादा डेंगू बीमारी फैलने का भय बना हुआ है क्योंकि बिलासपुर के डियारा सेक्टर में हर साल डेंगू के अधिक मामले सामने आते हैं, जिससे इस साल भी इस तरह से फैली गंदगी की वजह से डेंगू बीमारी फैलने की संभावनाएं हैं। बिलासपुर नगर परिषद प्रांगण विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाता है। यहां पर प्रत्येक साल रामलीला का आयोजन किया जाता है। यह रामलीला 100 साल से अधिक समय से इसी प्रांगण में होती आ रही है, जिससे यहां पर लोगों की आस्था भी जुड़ी है। इसी के साथ यहां पर शादी समारोह के लिए भी मैदान है। परंतु इस तरह से पसरी यहां पर गंदगी से लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंच रही है साथ ही यहां पर शादी समारोह करने के लिए भी लोगों की अब खास दिलचस्पी नहीं दिखाई दे रही है।



नगर परिषद की ओर से कूड़ा एकत्रित के कारण लगे कूड़े के पहाड़।

नगर परिषद द्वारा कूड़े के सही निष्पादन न करने से यह दिक्कतें पेश आ रही हैं। वहीं, अब देखना होगा कि कब तक नप इस कूड़े को कहीं पर्याप्त स्थान पर फेंकने के लिए सक्षम होती है। हालांकि नप लंबे समय से बिलासपुर मुख्यालय के साथ कई स्थानों पर डंपिंग साइड ढूंढ रही है, परंतु कोई भी पर्याप्त स्थान नप को नहीं मिल रहा है। वहीं, कुछ समय से सीमेंट फैक्टरी की ओर से कूड़ा लेने से नप की थोड़ी मुश्किलें कम हुई थी, लेकिन अब एक बार फिर से इन सीमेंट कंपनियों ने कूड़ा लेने से इंकार कर दिया है, जिससे यहां पर आने वाले समय में काफी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना होगी प्रभावित

आपको बता दें कि अगर ऐसा ही रहा तो कुछ दिन के भीतर ही शहर से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना प्रभावित हो सकती है क्योंकि नप के पास अब कूड़ा डंप करने के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। साथ ही सीमेंट कंपनियों ने कूड़ा लेने से इंकार कर दिया है, जिसके चलते नप आने वाले समय में बिलासपुर शहर में कूड़े की समस्या विक्राल रूप धारण कर सकती है।

### प्रतिदिन चार टन एकत्रित करती है नप कूड़ा

जानकारी के अनुसार नगर परिषद प्रतिदिन चार टन के करीब कूड़ा एकत्रित करती है। ऐसे में अब कूड़े के निष्पादन के लिए जगह नहीं मिल पाने से नप प्रांगण में प्रतिदिन टनों के हिसाब से कूड़ा एकत्रित हो रहा है, जिससे काफी मुश्किलें सामने आ रही हैं।

### नप जल्द कोई अन्य विकल्प ढूंढ रही

उधर, इस संदर्भ में जब नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि दोनों सीमेंट कंपनियों ने कूड़ा लेने से इंकार कर दिया है। नप प्रशासन जल्द कोई अन्य विकल्प ढूंढ रही है और जल्द ही यहां से कूड़ा उठा दिया जाएगा।

# 25 पंचायत घरों के निर्माण संबंधी कार्यों की समीक्षा की



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग और पंचायतीराज विभाग के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में बिलासपुर में नए बनाए गए 25 पंचायतों के पंचायत घरों के निर्माण संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 25 में से 16 पंचायत घरों के निर्माण के लिए जमीन का चयन कर निर्माण के लिए पैसा जारी कर दिया गया है, जबकि सदर उपमंडल के भोली पंचायत घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत संदिया, अवारी, पनोह, त्यून खास और झंडूता उपमंडल के अंतर्गत विजयपुर, बाला और निहान पंचायत घर के निर्माण के लिए जमीन चयन करने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में बिलासपुर के अंतर्गत सभी ब्लॉकों के माध्यम से 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत खर्च की जा रही राशि की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सभी ब्लॉक अधिकारी जल्द सभी विकास कार्यों में तेजी लाएं। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा कार्यों में वर्ष 2023-24 के दौरान 4170 कार्य किए गए। इस दौरान सदर उपमंडल के अंतर्गत 131 हाउस होल्ड टॉयलेट, घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत 182, झंडूता उपमंडल के अंतर्गत 129 आदि बनाए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी सीएम ने मां जवालामुखी में किए दर्शन



**पंकज सोनी, जवालामुखी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सावन महीने के पहले सोमवार को शक्तिपीठ ज्वालामुखी में पवित्र ज्योतियों का आशीर्वाद लिया। पुजारी नितिन शर्मा ने उन्हें विधिवत पूजा अर्चना करवाई। उप मुख्यमंत्री ने योगिनी कुंड, शयन भवन, मोदी भवन में भी पूजा अर्चना की। मंदिर न्यास की तरफ से उन्हें माता की चुनरी व सिरोपा भी भेंट किया गया। (अनंत ज्ञान)

### जेल वार्डर की लिखित परीक्षा 28 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग हिमाचल प्रदेश में वार्डरों के पदों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके जिला कांगड़ा, ऊना व चंबा के अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा 28 जुलाई को निर्धारित की गई है। अधीक्षक कारागार, लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला विकास भटनागर ने बताया कि जेल वार्डर की लिखित परीक्षा का केंद्र राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला निर्धारित किया गया है। बकौल अधीक्षक कारागार, लिखित परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पूर्व (प्रातः 10 बजे) निर्धारित परीक्षा केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी जेल वार्डर की लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) कारागार विभाग की वेबसाइट एचपीपीआरआईएसओएनएस डॉट एनआईसी डॉट आईएन या अपनी पंजीकृत ई-मेल से दिनांक 23 जुलाई के बाद डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए चयन बोर्ड द्वारा यही प्रवेश पत्र मान्य होगा।

### हत्या के मामले में दोषी को 10 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नालागढ़ अभय मंडयाल की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी सुभाकर साकेल निवासी पुर्बा



जखरावल जिला सिगरौली मध्यप्रदेश को 10 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपए की जुर्माना की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 7 व 8 मार्च वर्ष 2016 की रात को थाना बद्दी में ठेडा से मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी जो पुलिस के मौके पर पहुंचने पर शिकायकर्ता अनिल कुमार ने बताया कि दोषी सुभाकर साकेत व इसका भाई अनिल साकेत आपस में किसी बात को लेकर बहसबाजी कर रहे थे। इतने में दोषी सुभाकर साकेत हाथ में तवा लेकर आया और पीड़ित असरफ अली को कमरा बंद करके तवा से मारने लगा, जिसके खिलाफ बद्दी थाना में आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए गवाहों के आधार पर दोषी सुभाकर साकेत के गैर इरादतन हत्या की धारा 302 के तहत 10 साल की सजा और 50 हजार जुर्माना की सजा सुनाई। इसके साथ ही जुर्माना अदा न करने की एवज में दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### शमलेच टनल के अंदर टकराई बाइक, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना सदर सोलन के अंतर्गत शमलेच टनल के अंदर एक तेज रफ्तार बाइक टकरा जाने से चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ओवरटेक करते हुए बाइक चालक टनल क्रॉस कर रहा था। इस दौरान उसकी बाइक दीवार से टकरा गई, जिससे बाइक सवार चालक जिसका नाम राहुल पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव बठोल डाकघर धर्मपुर तह. कसौली जिला सोलन उम्र 19 वर्ष की मौत हो गई।पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग अधीन धारा 281,106 (1) बीएसएस के तहत पंजीकृत किया गया। मामले की जांच जारी है ।

# मनाली में गोवंश से भरे दो ट्रक पकड़े

## पंजाब से 23 गाय-बैल को ट्रकों में भरकर लाहौल की ओर ले जा रहे थे ट्रक चालक

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में सोमवार को एक बार फिर गोवंश से भरे दो ट्रक पकड़े गए हैं। मनाली पुलिस ने बाहंग में हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्म कांटा के समीप गोधन से भरे दो ट्रक पकड़े हैं। दोनों ट्रक में 23 गाय व बैल भरे हुए थे। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, इस मामले में जम्मू-कश्मीर के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को बाहंग में धर्मकांटा में नाके पर तैनात पुलिस टीम ने दो ट्रक जांच के लिए रोके। दोनों ट्रक लाहौल की ओर जा रहे थे। पुलिस ने जब ट्रकों की तलाशी ली तो दोनों जम्मू-कश्मीर के ट्रक गोधन से भरे हुए थे। एक ट्रक में 10 और एक में 13 गाय-बैल पाए गए।

इस मामले मे पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के रामबन निवासी बरकत अली, मोहम्मद अख्तर निवासी डनसाल, जम्मू कश्मीर और मोहम्मद यासीन निवासी रियासी, जम्मू कश्मीर को गिरफ्तार किया है। एक ट्रक पूरी तरह से गाय व बैल से भरा हुआ पाया गया जबकि एक ट्रक में नीचे गाय-बैल भरे थे और उनके ऊपर फटटे लगाकर भूसा भरा हुआ था।

उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वाहनों के दस्तावेज की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी गोधन को पंजाब से लाए थे। (अनंत ज्ञान)



पर्यटन नगरी मनाली में गोवंश से भरे दो ट्रक। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### गो तस्करी पर लगाम नहीं लगा पा रही सुक्खू सरकार : गोविंद ठाकुर

**सूचना** मिलते ही पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर, उपाध्यक्ष मनोज लारजे, होटलियर एसोसिशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर पुलिस थाना पहुंचे। गोविंद ठाकुर ने कहा कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई कि जानी चाहिए। उन्होंने सरकार पर पशु तस्करी मामले मे गंभीरता नहीं दिखाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गोधन से भरे दो ट्रक मनाली तक पहुंचना कानून व्यवस्था पर सवाल खडे करता है। पूर्व मंत्री ने कहा है पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में गाय तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है, लेकिन सरकार इस मामले को लेकर गंभीर नहीं दिख रही और हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अभी तक करीब पांच ट्रक गोवंश से भरे हुए पकड़े गए हैं , लेकिन इन मामलों में संलिप्त लोगों से पुलिस कुछ भी उगलवा नहीं पाई है। यह एक अत्यंत गंभीर मामला है और सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

## शिष्टाचार भेंट



शिमला। देहरा निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित सदस्या कमलेश ठाकुर ने शपथ लेने से पूर्व हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठनियां से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान व विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति निवास में टौर के पत्तल में परोसी जाएगी धाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रपति निवास छराबड़ा में भ्रमण पर आने वाले सरकारी स्कूल के छात्रों को टौर के पत्तल में परोसी जाएगी। यह जानकारी राष्ट्रपति निवास छराबड़ा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित बैठक में दी गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की।

बैठक में राष्ट्रपति निवास से आए अधिकारियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जिला के मंदिरों में टौर के पत्तलों में लंगर परोसने की शुरुआत को सराहा और इसी कड़ी में राष्ट्रपति निवास छराबड़ा में भ्रमण पर आने वाले सरकारी स्कूल के बच्चों को भी पत्तलों में धाम परोसने की शुरुआत करने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्रपति निवास को टौर के पत्तों से बने पत्तल उपलब्ध करवा दिए जाएंगे, जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजित भारद्वाज, उपमंडल दंडाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने बाल देखभाल संस्थान के सभी बच्चों को आगामी 15 दिनों में राष्ट्रपति निवास का दौरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ़ द स्टेट का दर्जा दिया गया है, जिसके तहत सरकार ही उन बच्चों के माता-पिता हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने में यह एक सराहनीय कदम होगा।



शिमल में मीटिंग की अध्यक्षता करते उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप।

# डेढ़ साल में 25 हजार करोड़ का कर्ज लेने वाले बताएं, इन पैसों का क्या किया : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा में विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष का यह काम है कि सरकार को सही रास्ते पर रखे। उसके हर जनविरोधी काम और तानाशाही भरे फैसले का डटकर विरोध करे। सरकार अच्छा काम करेगी तो भारतीय जनता पार्टी सरकार के साथ है, लेकिन मनमानी करने पर सरकार के खिलाफ आवाज भी उठाएगी। उसके हर गलत फैसले पर उन्हें टोकेगी भी, और रोकेगी भी। जरूरत पड़ने पर सड़क से सदन तक लोगों के हितों के लिए संघर्ष करेगी।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब झूठ बोलने से बाज आएं और कांग्रेस द्वारा दी गई चुनावी गारंटियों को पूरा करने का काम करें। अब झूठ बोलकर उनकी नैया पार होने वाली नहीं हैं। प्रदेश के लोग सरकार से राहत का इंतजार कर रहे हैं। आपदा से प्रभावित परिवारों को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। युवा परीक्षाओं के परिणाम जारी करने के लिए चयन आयोग के गेट पर धरना दे रहे हैं। मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की बड़ी-बाड़ी बातें याद करके तत्काल प्रभाव से उन्हें पूरा करने का काम शुरू करना चाहिए।

पत्रकारों द्वारा ऋण को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री इधर-उधर की बातें करने के बजाय बताएं कि सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में लगभग 25 हजार करोड़ का कर्ज क्यों लिया? आज प्रदेश में विकास के काम ठप पड़े हैं। सरकार ने इन पैसों का क्या किया? कहां खर्च हुए। हमारी सरकार में कोरोना जैसी महामारी का भयानक दौर भी आया। किसी भी कर्मचारी के हक से एक पैसे की कटौती नहीं की।

विकास का एक काम रुकने नहीं दिया। सड़कों से लेकर शिक्षण और स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर से बेहतर बनाया।

### उपप्रधान पर डराने धमकाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत लंबलू के गांव झटवाड़ निवासी वीना देवी पत्नी मदन लाल ने पंचायत प्रधान केसी चैहान से शिकायत की है कि उपप्रधान ने 4 जुलाई को उसे डराया और घमकाया।

वीना ने कहा कि उसके खेत में से जो रास्ता है, उसमें से प्यार चंद तथा रमेश कुमार ने रास्ता बंद कर दिया है। रास्ते बंद करने को लेकर 4 जुलाई को कानूनगो, पटवारी भी जब मौके देखने आए तो उनके साथ उपप्रधान सुरेंद्र कुमार भी शामिल थे, जिसमें सुरेंद्र कुमार ने उसे धमकियां दी।

वहीं उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि 4 जुलाई को डीसी की तरफ से रास्ते का विवाद सुलझाने की जांच आई थी, उसी को लेकर वह भी गए थे, वीना देवी जो आरोप लगा रही है वो गलत है।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए तंदुरुस्त रहना आवश्यक : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन समस्याएं व शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने रा व मा पा कटगांव में छात्राओं के लिए आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नेगी ने कहा कि राज्य सरकार, सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को खेलों से जोड़ रही है तथा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन प्रदान कर उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए तंदुरुस्त रहना आवश्यक है।



जिला स्तरीय अंडर-14 खेल-कूद प्रतियोगिता में देवी चंडिका रा व मा पा कोठी को गवर्नर ट्रॉफी, रा व मा पा कटगांव को ओवरआल विजेता तथा रा व मा पा निगुलसरी ने अनुशासन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान बॉलीवाल प्रतियोगिता में रा उ पा बरी ने प्रथम, रा व मा पा तांगलिंग ने द्वितीय व रा व मा पा छितकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में रा मा पा काफनू ने प्रथम तथा रा उ पा पानवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रा उ पा छोलतु ने प्रथम, रा व मा पा कटगांव ने द्वितीय तथा रा व मा पा बारंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में रा उ पा कगोंस ने प्रथम, रा व मा पा मुरंग ने द्वितीय तथा रा उ पा सुगंरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि लोक नृत्य प्रतियोगिता में रा व मा पा कटगांव ने प्रथम व रा व मा पा पांगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजस्व मंत्री ने आयोजित की गई जिला स्तरीय अंडर-14 खेल-कूद प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# प्रतिस्पर्धा के युग में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. शांडिल आज सोलन जिला के वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में 'सितारे हिमाचल के सम्मान 2024' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस समारोह का लक्ष्य उज्जवल युवाओं से जुड़ना और एक रचनात्मक समाज को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं तथा अपनी संस्कृति को भी संजोए रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें।

उन्होंने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर मंच प्रदान कर भविष्य में अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इस दिशा में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (ना.) कण्डाघाट सिद्धार्थ आचार्य, बाहरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जी.एस. बाहरा, कुलपति डॉ. एस.एस. सहगल, महानिदेशक डॉ. आर.एस. भगत, उप निदेशक उच्च शिक्षा जगदीश सिंह नेगी, मनीष कुमार और साक्षु सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# आशीष ने सीएम सुक्खू के पांव छूकर राजनीतिक तल्खी मिटाने का किया प्रयास

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उपचुनावों के समय राजनीतिक दलों में तल्खी और उगले गए जहर को शालीनता और सद्भाव के माहौल में पिरोने का हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पांव छूकर जिस गैस्चर के रूप में दिखाया, उसकी चर्चा खूब हो रही है।

विधानसभा में शपथ लेने के मौके पर आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के पांव जैसे ही छुए, राजनीतिक हलकों में हलचल तो होनी ही थी।

हालांकि इसे लेकर खुद आशीष ने मीडिया को साफ बता दिया कि भाई चुनावों के समय जो हुआ वह हो गया। वोट के माध्यम से जनता ने जवाब दे दिया है। अब 'अंत भला तो भला', यही रणनीति का हिस्सा है।

दरअसल उपचुनाव के दौरान सरकार और भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के दरमियान नेताओं की तल्खीयां और जहर उगलने वाले बयान खूब चर्चा में रहे थे। लेकिन विधानसभा के अंदर जिस व्यवहार की सवारी पर आशीष ने मुख्यमंत्री के साथ व्यवहार किया, उसे चर्चा का विषय बनना ही है।




**आशीष ने कहा- विधानसभा में क्षेत्र के मुद्दों को उठाएंगे, हमीरपुर और हिमाचल के दो सांसद विकास के लिए तैयार**

खुद आशीष ने कहा कि पिछले 18 महीनों में हिमाचल में क्या हुआ। उनके विधानसभा क्षेत्र में भी उसी का प्रभाव रहा। यदि निर्दलीय विधायकों के साथ इस सरकार का व्यापार बेहतर होता तो पिछले तीन-चार महीनों से जो माहौल प्रदेश में बना वह शायद नहीं होता लेकिन अलग परिस्थितियों में निर्दलीय विधायकों को भी इतना बड़ा फैसला लेना पड़ा था। यह पूछे जाने पर काम कैसे होंगे?

उन्होंने कहा विधानसभा में क्षेत्र के मुद्दों को उठाएंगे हमीरपुर और हिमाचल के दो सांसद विकास के लिए तैयार हैं। केंद्रीय योजनाओं के जरिए बजट लाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी मौजूद हैं। सब ठीक होगा और जनता की उम्मीद पर मैं खड़ा उतारूंगा। (अनंत ज्ञान)

# मटौर-शिमला फोरलेन पर टोल प्लाजा बनाने पर जताया ऐतराज

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मटौर-शिमला फोरलेन मार्ग पर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तकीपुर में टोल प्लाजा का निर्माण कार्य धीरे-धीरे मुकम्मल हो रहा है, जबकि फोरलेन का काम अभी बहुत अधूरा है। यह बात समाजसेवी मुनीष शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ व राजेश परियाल चौधरी ने कही।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के चंगर क्षेत्र के बहुत सारे लोग कांगड़ा, धर्मशाला व पालमपुर इत्यादि क्षेत्रों में नित्य जॉब, खरीददारी व व्यवसाय करने के लिए इसी फोरलेन मार्ग से आते-जाते रहते हैं। इस फोरलेन मार्ग पर अभी कई जगह काम अधूरा है, जिसे पूरा होने में अभी काफी समय लगना है। यहां पर टोल प्लाजा शुरू करने की तैयारी है, जो कि सरासर गलत बात है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की तमाम जनता की तरफ से आग्रह किया कि जब तक मटौर-शिमला तक का पूरा फोरलेन बनकर तैयार नहीं हो जाता, तब तक टोल प्लाजा पर कोई भी शुल्क न वसूला जाए। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि न जाने इस पर क्यों चुप्पी सादे बैठे हैं।



वहीं, यहां से आने-जाने वाले लोगों ने कहा कि फोरलेन का निर्माण पूरा न होने से पहले ही कंपनी टोल प्लाजा शुरू देगी। अभी फोरलेन का लोकार्पण भी नहीं हुआ है। टोल प्लाजा के शुरू होने से पहले ही स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अगर इस टोल प्लाजा को फोरलेन निर्माण से पहले हर शुरू कर दिया गया तो आम जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि अभी तक फोरलेन का काम चल रहा है और कई जगाहों पर सड़क में गड्ढे पड़े हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को सफर करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## सेब सीजन

## इस बार सेब के अच्छे दाम मिलने से बागवानों में खुशी की लहर

# पहली बार 4200 में बिका रॉयल सेब का बॉक्स

**पीयूष शर्मा, करसोग**

राजधानी शिमला की फल मंडी भट्टाकुफर में रॉयल सेब के दामों ने रिकॉर्ड बना लिया है। रविवार को फल मंडी में करसोग के रॉयल सेब के 20 किलो के बॉक्स को 4200 रुपए रेट मिले। यह पहली बार है कि करसोग के रॉयल सेब को इतने दाम मिले हैं। फल मंडी में अभी तक सबसे ज्यादा रॉयल सेब के रेट 3400 रुपए का मिला था, लेकिन उस बॉक्स का वजन 25 किलो था, लेकिन 20 किलो के बॉक्स में 4200 का दाम मिला है, यह अपने आप में एक रिकार्ड बन गया है।

बता दें कि पिछले हफ्ते से रॉयल सेब का सीजन करसोग क्षेत्र से शुरू हुआ है। रॉयल सेब की पहली खेप चुराग के कनेरी गांव से आई थी, उसे 2800 रुपए का रेट मिला था, लेकिन रविवार को मंडी में जैसे ही करसोग का रॉयल सेब पहुंचा तो इसकी बोली 3 हजार से शुरू हो गई और 4200 रुपए तक चली। इस रेट से बागबान काफी खुश हैं। रविवार को रॉयल सेब के करीब 50 बॉक्स पहुंचे थे। वहीं, रविवार को सेब की सपर किस्म के दो बॉक्स आए थे और उस सेब को भी 4200 का रेट मिला है,

**स्पर किस्म को भी 4200 का रेट मिला, 5 हजार तक जाते हैं इसके दाम**

लेकिन सपर किस्म के सेब सबसे बेहतरीन किस्म का सेब होता है और इसके दाम 5 हजार तक भी जाते हैं, लेकिन इस सीजन का यह पहला सबसे बड़ा दाम अभी तक फल मंडी में देखने को मिला है।

हालांकि अन्य किस्म के सेब को भी 2800 रुपए तक के दाम मिले हैं। जो इस साल काफी अच्छे दाम है। हर साल रॉयल सेब का दाम 3 हजार तक रहता है और अन्य किस्म के सेब के दाम 1500 तक सिमट जाते हैं, लेकिन इस साल हर किस्म का सेब 2 हजार से अधिक दाम पर बिक रहे हैं। पहली बार रॉयल सेब को 20 किलो के बॉक्स में 4200 रुपए का दाम मिला है। यह ऐतिहासिक रेट है। अभी तक इतने दाम कभी भी रॉयल सेब को नहीं मिले हैं। अभी यह दाम स्थिर रहने वाले हैं और यदि दाम कम भी होते हैं तो 4 हजार तक ही कम होंगे। ऐसे में नए यूनिवर्सल कार्टन आने से बागवानों को काफी लाभ मिलने वाला है। (अनंत ज्ञान)



मंडी में बिकने के लिए आए रॉयल सेब के बॉक्स।

### नए यूनिवर्सल कार्टन में आ रहा सेब, लाभदायक

इस साल राज्य सरकार नया यूनिवर्सल कार्टन पूरे प्रदेश को भेजा है और इसी यूनिवर्सल कार्टन में सेब खरीदा और बेचा जा रहा है। इसमें बॉक्स का वजन भी तय किया गया है, जिसका बागबानों को भरपूर लाभ मिल रहा है। इसमें बागबान सिर्फ 20 किलो की पैकिंग कर रहे हैं। इसके मार्केट में बागवानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। यहां तक कि इस साल तो रॉयल सेब के दामों ने भी ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है।

### निजी डीलर के यूनिवर्सल कार्टन की शिकायत

बागबान अपनी सुविधा के अनुसार निजी डीलरों से यूनिवर्सल कार्टन खरीद रहे हैं, जो कि खराब गुणवत्ता के पाए जा रहे हैं। बागवानों और आढ़तियों का कहना है कि यूनिवर्सल कार्टन मंडी तक पहुंचकर खराब हो रहे हैं जिससे सेब को भी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं, एपीएमसी का कहना है कि यूनिवर्सल कार्टन की जितनी डिमांड आ रही है, वह भेजे जा रहे हैं और अभी तक एपीएमसी के कार्टन की कोई शिकायत भी नहीं आई है।

न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किंचन। नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि ॥

**भावार्थ :** श्री कृष्ण कहते हैं कि हे अर्जुन! तीनों लोकों में मेरा कोई भी कर्तव्य नहीं है अर्थात मुझे किसी भी वस्तु के प्रति लगाव नहीं है कुछ भी ऐसा नहीं है जो मुझे चाहिये हो, लेकिन फिर भी मैं अपने कर्तव्यों में लगा हूं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 23 जुलाई 2024

# राजस्थान के सांवलिया सेठ की महिमा अपरंपार, भरे रहते हैं भंडार





**राजस्थान** के मेवाड़ के आराध्य देव के रूप में पूजे जाने वाले प्रभु सांवलिया सेठ की महिमा अपरंपार है। इस मंदिर के भंडार हमेशा भरे रहते हैं। मंडफिया मंदिर कृष्ण धाम के रूप में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। यह मंदिर चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से 41 किमी एवं डबोक एयरपोर्ट-उदयपुर से 65 किमी की दूरी पर स्थित है। भगवान श्रीकृष्ण का सांवलिया सेठ जी मंदिर चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग पर चित्तौड़गढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर, भादसोरा, मंडफिया और छापर कस्बों में स्थित है। देवता को श्री सांवरिया सेठ के नाम से भी जाना जाता है और हिंदू धर्म में प्रसिद्ध हैं। सांवरिया सेठ जी मंदिर को सांवलिया जी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर हर महीने करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा और सोने-चांदी की वस्तुएं भी भक्त यहां पर भेंट करते हैं। भगवान सांवलिया के मंदिर परिसर में बने खुले चौक में इन करोड़ों रुपए की गणना हर महा चतुर्दशी के मौके पर मंदिर परिसर के सदस्यों द्वारा की जाती है।

मेवाड़ अंचल के चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया में स्थित श्रीकृष्ण धाम सांवलिया सेठ मंदिर की मान्यता पूरे देश में है। राजस्थान के बड़े मंदिरों में खाटूश्याजी, सालासर बालाजी, नाथद्वारा के श्रीनाथजी और मेहंदीपुर बालाजी आस्था के बड़े केंद्र हैं। राजस्थान के कई बड़े मंदिरों के अलग ट्रस्ट हैं। वे देवस्थान विभाग के अधीन नहीं आते हैं। लिहाजा उनमें आने वाले चढ़ावे का पूरी तरह से खुलासा नहीं हो पाता है। देवस्थान विभाग के मंदिरों की आय रिकॉर्डेड रहती है।

## सेठों के सेठ, सांवलिया सेठ 19 करोड़ से ज्यादा चढ़ा चढ़ावा

**हाल** ही में सांवलिया सेठ मंदिर का दानपात्र खुला तो उसमें बीते एक माह के चढ़ावे के रूप में 19.76 करोड़ रुपए का कैश और 505 ग्राम सोना तथा 89 किलो चांदी भी मिली। यह गिनती पांच राउंड में पूरी हुई।

## रसीद कटा कर भी देकर जाते हैं लोग

**मंदिर** में लोग रसीद कटाकर दान कर जाते हैं। यह राशि 30 से 70 लाख रुपए के बीच होती है। जनवरी माह में खुले भंडारे में यह राशि 66 लाख रुपए आई है। अधिकांश राशि सेवा कार्य में मंदिर ट्रस्ट को अर्जित होने वाली आय सेवा और विकास कार्य में उपयोग की जाती है। ट्रस्ट शिक्षा, चिकित्सा, धार्मिक आयोजन, विकास और मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने में यह राशि खर्च करता है। ट्रस्ट ने मंडफिया के आसपास के 16 गांवों का विकास भी इसी राशि से करवा रहा है।

## एक करोड़ लोग हर साल आते हैं दर्शन के लिए

**सांवलिया** सेठ की ऐसी मान्यता है जिसके कारण देश के कोने-कोने व विदेशों से हर साल करीब एक करोड़ लोग मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, हर माह करीब साढ़े 8 से 9 लाख के बीच श्रद्धालु मंदिर में आते हैं।

## 450 साल पुराना है यह मंदिर

**लगभग** 450 साल पुराने इस मंदिर को लेकर कई किवदंतियां हैं और मान्यताएं हैं। मेवाड़ राजपरिवार की ओर से इस मंदिर का निर्माण करवाया गया है। यह मंदिर कृष्ण धाम के रूप में प्रसिद्ध है। साल 1961 से इस प्रसिद्ध स्थान पर देवझूलनी एकादशी पर विशाल मेले का आयोजन हो रहा है। इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।



## खेती से लेकर हर बिजनेस में है भागीदारी

**कालां**तर में सांवलिया सेठ मंदिर की कीर्ति इतनी फैली कि बाद में उनके भक्त वेतन से लेकर व्यापार तक में उन्हें अपना पार्टनर मानने लगे। श्रद्धालुओं की आस्था है कि भक्त सांवलिया सेठ के खजाने में जितना देते हैं वे उससे कई गुना ज्यादा भक्तों को वापस लौटा देते हैं। इसी आस्था के कारण व्यापार जगत में उनकी ख्याति इतनी है कि लोग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए सांवलिया सेठ को अपना बिजनेस पार्टनर बनाते और मानते हैं। कई लोगों ने अपनी खेती से लेकर व्यापार व तनख्वाह में सांवलिया सेठ का हिस्सा रखा हुआ है। ऐसे लोग हर माह मंदिर आते हैं और उसके हिस्से की राशि चढ़ा देते हैं। यह राशि 2 से लेकर 20 फीसदी तक है।

## सांवलिया जी का संबंध मीरा बाई से

**सांवलिया** जी का संबंध मीरा बाई से बताया जाता है। मान्यता के अनुसार, मंदिर में स्थित सांवलिया जी मीरा बाई के वही गिरधर गोपाल हैं जिनकी वह पूजा किया करती थीं। भादसोड़ा में सुथार जाति के बहुत प्रसिद्ध गृहस्थ संत पुराजी भगत रहते थे। उनके निर्देशन में इन मूर्तियों को संभाला और सुरक्षित रखा गया। एक मूर्ति को भादसोड़ा गांव ले जाया गया, जहां भगतजी के निर्देश पर भींडर ठिकाने के शासक ने एक मंदिर का निर्माण कराया और सांवलिया जी का मंदिर बनवाया। दूसरी मूर्ति को मंडफिया गांव ले जाया गया, वहां भी एक मंदिर का निर्माण कराया गया, जो समय के साथ प्रसिद्ध हो गया। आज भी हर साल दूर-दूर से हजारों यात्री दर्शन करने आते हैं

## भोलाराम गुर्जर को मिली थी तीन दिव्य मूर्तियां

**स्थानीय** लोगों के अनुसार, वर्ष 1840 में भोलाराम गुर्जर नामक एक ग्वाले ने भादसोड़ा-बागुंड के छापर गांव में जमीन के नीचे दबी तीन दिव्य मूर्तियों का सपना देखा। स्थल की खुदाई करने पर सपने में बताए अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की तीन सुंदर मूर्तियां मिलीं। एक मूर्ति को मंडफिया ले जाया गया, दूसरी को भादसोड़ा ले जाया गया और तीसरी को छापर में ही खोजा गया। तीनों स्थानों को मंदिरों में बदल दिया गया। ये तीनों मंदिर एक-दूसरे से 5 किलोमीटर के दायरे में हैं। सांवलिया जी के तीनों मंदिर प्रसिद्ध हो गए और तब से भक्तों का तांता लगा रहता है। मंडफिया मंदिर इन तीनों मंदिरों (सांवलिया का निवास) में से सांवलिया जी धाम के रूप में जाना जाता है।

## सभी मनोकामनाएं होती हैं पूरी

**श्री** सांवलिया सेठ के दरबार में आने वाले लोगों का मानना है कि उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सन् 1840 में जब तत्कालीन मेवाड़ राज्य के समय उदयपुर से निकलने वाली कच्ची सड़क के निर्माण में बाधा बन रहे बबूल के पेड़ को खोदा गया तो वहां से भगवान श्रीकृष्ण की तीन मूर्तियां निकलीं। किवंदती के अनुसार ये मूर्तियां नागा साधुओं द्वारा आमंत्रित की गई थीं, जो आक्रमणकारियों के डर से यहां जमीन में छिपे हुए थे। कालांतर में एक बबूल का पेड़ उग आया। पेड़ की जड़ों को खोदते समय मजदूरों को भूगर्भ में श्री सांवलियाजी की तीन सुंदर एवं मनमोहक मूर्तियां छिपी नजर आईं। स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे।

## कैसे पहुंचें

**श्रद्धालु** देश की राजधानी दिल्ली से रेल मार्ग या वायु मार्ग के जरिए चित्तौड़गढ़ पहुंच सकते हैं। चित्तौड़गढ़ से सांवलिया धाम सड़क मार्ग के जरिए जा सकते हैं।

## आइए, जानते हैं भद्रा कब विशेष अशुभ व हानिकारक होती है?




**मृत्युलोक** की भद्रा विशेष अशुभ व हानिकारक है। यदि भद्रा वाले दिन चंद्र कर्क, सिंह, कुंभ व मीन राशि में स्थित हो तो भद्रा का निवास मृत्युलोक रहता है। मृत्युलोक की भद्रा विशेष अशुभ व हानिकारक मानी जाती है। इसमें सभी प्रकार के शुभ कार्य वर्जित होते हैं।

*यदि भद्रा वाले दिन चंद्र मेष, वृषभ, मिथुन व वृश्चिक राशि में स्थित हो तो भद्रा का निवास (स्वर्ग लोक) एवं भद्रा वाले दिन चंद्र कन्या, तुला, धनु व मकर राशि में स्थित हो तो भद्रा का निवास (पाताल लोक) में रहता है। स्वर्ग लोक एवं पाताल लोक निवासरत भद्रा विशेष अशुभ नहीं होती। मध्यान्ह काल के उपरांत भद्रा विशेष अशुभ नहीं होती।*



शुक्ल पक्ष की चतुर्थी व एकादशी तथा कृष्ण पक्ष की तृतीया व दशमी तिथि वाली भद्रा दिन में शुभ होती है, केवल रात्रि में अशुभ होती है।

*शुक्ल पक्ष की अष्टमी व पूर्णिमा तथा कृष्ण पक्ष की सप्तमी व चतुर्दशी तिथि वाली भद्रा रात्रि में शुभ होती है, केवल दिन में अशुभ होती है।*

**-डॉ. अमन कुमार शर्मा**

# शिवजी से बड़ी शिवभक्त की महिमा

## भोलेनाथ ने स्कंद जी को स्वयं बताया रहस्य

**शिवजी बोले, मैं अधिक तपस्या से, दान से कभी प्रसन्न नहीं होता हूं। मैं तो केवल भक्ति के लेशमात्र से ही संतुष्ट हो जाया करता हूं और उस अपने भक्त को शीघ्र ही परम पद प्रदान कर देता हूं....**



**शिव** महिमा का व्याख्यान तो बड़े से बड़ा योगी तपस्वी भी नहीं कर सकता, तो हम सांसारिक मानव अनेक दोषों से युक्त कैसे कर सकते हैं। शिव महिमा तो अपरंपार है, इसका गुणगान तो संत महात्मा ही कर सकते हैं। शिव लीला तो अनंत है, लेकिन शिव भक्त की महिमा भी महासागर है। शिव भक्त उसी महासमुद्र में गोता लगाकर शिव और शिव भक्त की महिमा का अमृत पान करना चाहते हैं, जो भविष्य में उन्हें मोक्ष और भक्ति प्राप्ति के लिए प्रभु धाम में गुरु कृपा से ले जाने में सहायक है। सूर्य पुराण में शिव भक्त की इस महिमा का बड़ा ही अद्भुत वर्णन कर समस्त शिव भक्तों पर अनुग्रह किया है। श्री सूत जी ने कहा कि हे मुनिश्रेष्ठो। मैं एक अन्य महाव्रत के विषय में बतलाऊंगा। आप लोग इसका सावधान होकर श्रवण करिए। श्री स्कंद के पूछने पर स्वयं भगवान शिव ने इसका वर्णन किया था। स्कंद जी ने कहा कि हे देवों के देव। आप तो महान देव हैं और आपने चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण कर लिया है। हे देवाधिदेव! आप समस्त ब्रह्मांड के ईश्वर हैं तथा करुण रूपी अमृत के महासागर हैं। आप कृपा कर यह बतलाइए कि आप क्या करने से बहुत शीघ्र प्रसन्न होते हैं और किस तरह आपका ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। आपके विषय का योग क्या है और आपसे संबंध रखने वाला ज्ञान क्या है। हे महादेव! यही सब आप मुझे अपना पुत्र समझकर स्नेहपूर्वक बताने की कृपा कीजिए। स्वयं महादेव बोले, हे स्कंद! मेरा भक्त सर्वदा मेरा हृदय है। कोई गुणों में अधिक हो वह मेरा प्रिय नहीं होता है। चाहे सर्वज्ञानी हो सभी आचारों का विलोम ही क्यों न करने वाला हो, परंतु मन वाणी और शरीर से मुझमें ही परायण रहने वाला हो, तो वह निश्चय ही मुक्त हो जाया करता है इसमें कुछ भी संशय नहीं है। जो त्रिपुंड को धारण करने वाला हो, अभक्ष्य पदार्थों से दूर रहता हो, धूम्रपान न करता हो, निरंतर शांत रहता हो और रुद्राक्ष को धारण करने वाला, दंभ से सहित और सत्य संकल्प हो, वही मेरा उत्तम भक्त होता है।



**-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।**

## मेष राशि वालों के लिए...




- **साधु-संतों,** मां व गुरु की सेवा करें। विधवाओं की सहायता करें और आशीर्वाद लें। काले, काने एवं अपाहिज व्यक्ति यों से दूर रहें।
- **मीठी** वस्तुओं का व्यापार न करें। बहन, बुआ व बेटी को उपहार में मिठाई दें। दिन ढलने के पश्चात गेहूं-गुड़ बालकों में बांटें। मीठी रोटी गाय को खिलाएं।
- **गज-दंत** से निर्मित वस्तु एवं किसी से कोई वस्तु मुफ्त में न लेना जातक के लिए हानिकारक है।
- **लाल** रंग का रूमाल हमेशा प्रयोग करें।
- **बाएं** हाथ में चांदी का छल्ला धारण करें।
- **रात्रि** में सिरहाने एक गिलास पानी भरकर रखें। सुबह उस जल को किसी गमले में डाल दें।
- **लॉन** में नीम का पेड़ लगाएं।
- **पुत्र** के जन्मदिन पर नमकीन वस्तु विशेष रूप से बांटें।
- **वैदिक** नियमों एवं सदाचार का सदा पालन करें।

❖❖❖❖❖

# पुष्य नक्षत्र का महत्व

**पुष्य** नक्षत्र को हिंदू शास्त्रों में सबसे शुभ माना गया है। पुष्य का अर्थ है 'पोषण करना' और इसलिए यह नक्षत्र ऊर्जा और शक्ति प्रदान करता है। इस नक्षत्र (नक्षत्र) के तहत पैदा हुए जातक लोगों की मदद और सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। ये अपनी मेहनत और काबिलियत से जीवन में आगे बढ़ने में भी विश्वास रखते हैं। आध्यात्मिक और धार्मिक आकांक्षीयों के लिए बहुत अच्छा समय है। रवि पुष्य तंत्र और मंत्र की सिद्धि देता है, जो आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों के अभ्यासी के लिए बेहद फायदेमंद है। पुष्य नक्षत्र केवल शुक्रवार के दिन विवाह और प्रत्येक कार्य के लिए वर्जित होता है। पुष्य नक्षत्र की मूल विशेषताएं उच्च उपज, पोषण और देखभाल हैं। पुष्य नक्षत्र के अन्य महत्वपूर्ण गुण ऐश्वर्य, भविष्यवक्ता और सौभाग्य हैं। पुष्य नक्षत्र अपने अनगिनत सकारात्मक गुणों और उससे मिलने वाले परिणामों के कारण सभी को प्रिय है।



### अपनी कार्यक्षमता बढ़ा सकते हैं

**हिंदू** ज्योतिष के अनुसार, पुष्य नक्षत्र पर सितारों के अनुकूल होने से शांति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गुरु पुष्य नक्षत्र के दौरान की गई किसी भी प्रकार की पूजा या साधना अधिक सफलता और लाभ देती है। पुष्य नक्षत्र इस अवधि में किए जा रहे किसी भी कार्य की प्रभावशीलता को बढ़ाता है, यह उच्च उत्पादकता और विलासिता में भी परिणाम देता है।

### मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त कर सकते हैं

**इस** समय आने वाली शादियों, कार्यक्रमों और त्योहारों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर में नई वस्तुओं के साथ-साथ लक्ष्मी भी आकर लंबे समय तक निवास करती हैं। साल में दो या तीन बार ही ऐसे शुभ योग बनते हैं।

### रवि पुष्य योग : कुछ चीजें खरीदने का शुभ समय

**भारतीय** परंपरा के अनुसार, धन और समृद्धि की भारतीय देवी, लक्ष्मी का जन्म पुष्य नक्षत्र में हुआ था और इस प्रकार व्यवसाय शुरू करने, सोने के गहने खरीदने, एक नया उद्यम शुरू करने, पूजा, हवन, होम, भूमि के लिए अत्यधिक शुभ मुहूर्त माना जाता है। पूजन, मांगलिक कार्य, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना आदि।

**-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



# अखंड सौभाग्य प्रदान करता है मंगला गौरी व्रत



**श्रावण** माह के प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत किया जाता है। यह व्रत अखंड सौभाग्य प्रदान करता है। श्रावण माह के पहले मंगलवार को व्रत का शुभारंभ हो जाएगा। मंगला गौरी व्रत के संबंध में एक कथा प्रचलित है। इसमें प्राचीन काल में एक नगर में धर्मपाल नामक एक सेठ अपनी पत्नी के साथ सुखपूर्वक जीवनयापन कर रहा था, लेकिन उसके कोई संतान नहीं थी, जिससे वह दुखी रहता था। उसने अनेक प्रकार की पूजा-अर्चना की, जिसके उपरांत उसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, लेकिन ज्योतिषियों ने बताया कि उनके पुत्र की 16वें वर्ष में सांप के डसने से मृत्यु हो जाएगी। अपने पुत्र की कम आयु जानकर उसके पिता पुत्र का विवाह एक उचित संस्कारी कन्या से कर देता है। कन्या की माता मंगला गौरी के व्रत का पूजन करती थी अत: इस व्रत के प्रभाव से कन्या को अखंड सौभाग्य होने का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप स्वरूप सेठ के पुत्र को दीर्घायु प्राप्त हुई। मंगला गौरी की प्रतिमा को जल, दूध, दही से स्नान करवाकर, वस्त्र आदि पहनाने चाहिए। अंत में मंगला गौरी व्रत की कथा सुनी जाती है। कथा सुनने के बाद महिला अपनी सास और ननद को सियूल के लड्डू देती है।



# भगवत कथा में छिपा है संसार में जीने का रहस्य

## आइए, जानते हैं कुछ भगवत के श्लोक व उनकी संख्या से

**सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्त्यादि हेतवे..**
**तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयंनुमः..**

सत् चित आनंद स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण को हम नमस्कार करते हैं जो जगत की उत्पत्ति स्थिति और विनाश हेतु तथा आध्यात्मिक अधिदैविक और अधिभौतिक तीनों प्रकार के तापों का नाश करने वाले हैं।

**सत्-ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः..**
**ब्रह्म ही सत्य है यह सम्पूर्ण प्रपंच मिथ्या है..**
**सत्यव्रतं सत्य परं त्रिसत्यं.....**
**सत्यात्मकं त्वां शरणं प्रपन्नाः..**
**( ,श्रीमद् भागवत 10,2,26 )**

जिनका व्रत सत्य है सत्य ही जिनकी प्राप्ति का श्रेष्ठ साधन है, जो तीनों कालों में सृष्टि के पूर्व में प्रलय के बाद और स्थिति में सत्य रूप से स्थित रहते हैं और सत्य स्वरूप होकर पंचमहाभूत में पृथ्वी आकाश अग्नि जल और वायु में विद्यमान हैं जो मधुर वाणी के प्रवर्तक और सत्य स्वरूप हैं हम सब उन्हीं परमात्मा की शरण में हैं..




**यज्ञे तपसि दाने च स्थितिः सदितिचोच्यते..**
**कर्म चैव तदर्थीयम्, सदित्येवाभिधीयते**
**( भा.गी.17/26 )**

शब्द का अर्थ सास्वत साधुता है। इसका प्रयोग शुभ कर्मों को सु संपन्न करने के लिए किया जाता है तप यज्ञ दान जैसे श्रेष्ठ कर्मों को संपन्न होने में प्रतिस्थापित होने के कारण इसे सत्य शब्द से वर्णित किया जाता है..

**सत्यम ब्रूयात प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात सत्यमऽप्रियम .**
**नाऽसत्यम प्रियं ब्रूयात, एषः धर्म सनातनः ..**

सत्य बोलो और प्रिय बोलो, सत्य हो परंतु अप्रिय हो वह सत्य मत बोलो, असत्य हो परंतु प्रिय हो ऐसा भी मत बोलो, यही सनातन धर्म की सीख है। धर्म न दूसर सत्य समाना, सत्य को धारण करने के समान कोई दूसरा धर्म नहीं है।

**-डॉ. अमन कुमार**

# ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

## सावन माह के पहले सोमवार को हजारों भक्तों ने किए भोले नाथ के दर्शन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में सावन माह के पहले सोमवार को मेले में हजारोंभक्तों ने मंदिर में शिव दर्शनों के लिए हाजिरी लगाई। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगना शुरू हो गई थीं, जोकि शाम के समय तक लगी रहीं। हालांकि सुबह के समय बारिश लगी रही, बावजूद इसके शिवभक्तों के कदम नहीं रुके।

शिव मंदिर में दिनभर जय भोले के उद्घोष लगते रहे। खीर गंगा घाट में भी स्नान के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भोले के मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु आते रहे और लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। प्रशासन की तरफ से भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।मंदिर में शिव भक्तों को बारिश की वजह से असुविधा न हो, इसीलिए वाटर प्रूफ टेंट लगाया गया था। मंदिर को लाइटों से भी सजाया गया था। पुलिस के साथ-साथ मंदिर कमेटी के सदस्य में भी मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए अपनी सेवाएं दीं।

मंदिर के साथ लगते प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सावन माह के पहले दिन भंडारे का आयोजन विधायक किशोरी लाल की ओर से था। उन्होंने भी लोगों के साथ बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर न्यास कमेटी के सदस्य मिलाप राणा इंद्र, नंदा, रमेश, घनश्याम शर्मा मुकेश शर्मा, मनी, लाल चंद आदि ने अपनी सेवाएं दीं। मंदिर पुजारियों की मानें तो सावन माह के इन दिनों में माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए कठिन तपस्या की थी, इसी के चलते उन्हें भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे, इसीलिए इन दिनों में जो भी भगवान से कि सच्चे मन से पूजा करता है, उसे मनचाहा फल मिलता है। (अनंत ज्ञान)


शिव मंदिर बैजनाथ में भगवान भोलेनाथ के दर्शनों को उमड़ी भक्तों की भीड़

**बारिश भी नहीं रोक पाई महादेव के भक्तों के कदम**

# दधोना सांबा महादेव मंदिर में लगी शिवभक्तों की भीड़



**राकेश डोगरा, डरोह**

श्रवण मास के पहले सोमवार को दधोना सांबा प्राचीन महादेव मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही। यहां पर बहुत से श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल व बिल्वपत्र का अभिषेक किया। इस दौरान महिला मंडल ने भोले बाबा जी के भजन सुना कर समां बांध दिया। मान्यता है कि यहां का शिवलिंग स्वयं भू स्थापित है।

मंदिर के पुजारी बाबा मंगल गिरि ने सबके लिए मंगल कामना की। साथ ही भक्तों में प्रसाद वितरित किया। इस प्राचीन महादेव मंदिर की बहुत मान्यता है। यहां पर स्थानीय लोग तो माथा टेकने आते ही हैं, दूर-दूर से भी लोग अपनी मन्नत मांगने आते हैं। जो भी सच्चे मन से बाबा जी से मांगता है, भोले बाबा उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करते हैं।

इस मौके पर संतोष कुमारी, अंजु शर्मा, स्वर्णा शर्मा, मीनू देवी, नेहा शर्मा, तमन्ना, अंकिता, अदिति, बाबा मंगल गिरि, तिलक राज शर्मा, आत्मा राम चौधरी, मदनलाल शर्मा, कमलेश शर्मा, सतीश राणा, ओम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भोले के जयकारों से गूंजा नाग मंदिर करियाड़ा



**अनंत ज्ञान, गरली।** गांव करियाड़ा के प्राचीन ऐतिहासिक नाग मंदिर में चल रहे सावन महीने में भक्तों की भारी जमा होने लगी है। सोमवार को मंदिर में हिमाचल के अलावा पड़ोसी राज्यों से यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने टोलियां बनाकर हाजिरी भरी। सुबह करीब पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने यहां विराजमान प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन करके दुध-लस्सी का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने नाग पिंडी, सिद्ध बाबा सिंडूं, मां बैष्णो गुफा के दर्शन किए। पूरा नाग मंदिर बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।

### शिव भक्तों ने रेल यात्रियों को बांटा प्रसाद



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री अमरनाथ लंगर कमेटी पठानकोट का वार्षिक भंडारा सोमवार को 25वें दिन में प्रवेश कर गया। 25वें दिन सोमनाथ अहमदाबाद एक्सप्रेस गाड़ी में भोजन विपरीत किया गया। शिव भक्तों ने बड़े ही उत्साह से भोजन प्रसाद ग्रहण किया और बम-बम भोले के जयकारे लगाए। हाईवे पर तो सभी लंगर लगाते हैं, लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है रेलवे स्टेशनों पर शिव भक्तों को लगातार लंगर मिल रहा है। जैसे ही स्टेशन पठानकोट पर गाड़ी रुकती है। शिव भक्त भोले का प्रसाद, भोले का प्रसाद के जयकारे लगाते हैं और प्रसाद बांटते हैं। इस अवसर पर सेवादार राकेश सूरी, बलजीत सिंह, डमरू सिंह, बलविंदर सिंह, संजय गांधी, विनोद शर्मा व विजय आदि ने प्रसाद बांटा।

### मुक्तेश्वर धाम में लगा भोले के भक्तों का मेला



**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन बाबा मुक्तेश्वर धाम में सावन मास के पहले सोमवार को दूरदराज से आए हजारों की संख्या में लोगों ने अपना शीश निभाया तथा भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस संबंध में बाबा मुक्तेश्वर धाम प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर भीम सिंह अध्यक्ष भाग सिंह प्रेस सचिन अंकुश तंनबाल ने बताया कि सावन महीने में बाबा मुक्तेश्वर धाम के दर्शनों के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कमेटी की ओर से सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए तैयारी की जाती हैं।

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** गुरु पूर्णिमा पर्व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के कैलाश आश्रम धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के श्रद्धालुओं ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक अशीष शर्मा ने गुरु शिष्य संबंध व गुरु परंपरा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गुजरेहड़ा गांव के निवासियों तथा दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने कांगड़ी धाम का आनंद लिया। संध्या के समय गुरु पूजा व महासत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें सुमेरू संध्या गायिका वनिता ने गुरु भजनों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मां चामुंडा मंदिर परिसर में रोपे औषधीय पौधे



**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जसवां-परागपुर ब्लॉक भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को कुलदीप कुमार, रवि कांत, शेष पाल, मनोज कुमार, राजेश कुमार, पंकज कुमार और बासु आदि ने वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत गांव दोदू ब्रह्मणा स्थित मां चामुंडा मंदिर परिसर में बट वृक्ष सहित 31 औषधीय पौधों का रोपण किया और संरक्षण का प्रण लिया। विनोद शर्मा ने कहा कि धरा को हरा-भरा बनाने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधरोपण का संकल्प लेने की जरूरत है।

### आईआरबी बटालियन सकोह में खुला मॉर्डन जिम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस की सेकेंड आईआरबी बटालियन सकोह में मॉर्डन जिम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। कमांडेट खुशहाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जवानों की फिटनेस के लिए ये शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि खेलों के नाकाफी प्रबंधों को देखते हुए जवानों के अच्छे स्वास्थय के लिए इस जिम की शुरूआत की गई है तथा सभी जवानों को अपनी फिटनेस बनाए रखने में इस जिम से काफी मदद मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि वेलफेयर फंड से यहां 9 लाख रुपए की लागत से वॉशरूम, पीने के पानी तथा उपकरणों का प्रबंध किया गया है। जिम में ट्रेनर का भी प्रावधान किया गया है तथा 200 जवानों की इच्छा को देखते हुए जिम का प्रबंध किया गया है।

### क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में आवेदन तिथि 25 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विवि क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र खनियारा में शिक्षा सत्र 2024-25 में विभिन्न संकायों में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को अब 25 जुलाई 2024 तक अपना आवेदन निर्धारित प्रवेश प्रपत्र पर अर्जित प्रवेशांकों सहित जमा करवान सुनिश्चित करना होगा।यह जानकारी क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो डीपी वर्मा ने देते हुए बताया कि हिमाचल विवि द्वारा एमए संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, एम कॉम, एमएससी गणित, एमबीए, एमसीए तथा एलएलबी में प्रवेश परीक्षा ली थी तथा उसी के आधार पर उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एमएससी ज्यूलॉजी, पीजीडीसीए में भी प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश विवि तथा क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र की बेवसाइट से विवरणिका तथा प्रवेश फार्म डाउनलोड कर सकते हैं।

## रैंखा सहित कई गांवों में कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विद्युत उपमंडल ज्वालामुखी-2 के अंतर्गत 11 केवी फीडर चंबापत्तन की तारों को उच्च क्षमता वाली तारों में बदला जाना है। इस कारण 24 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल ज्वालामुखी-2 के सहायक अभियंता अमर चंद ने कहा कि इसके कारण रैंखा, सिहोरपाई, मत्याल, रतयाल, खोलियां, गलखड़ी, बलारडू लार चलीर खास घलौर, बल्लियां, अधवानी, पंजयारा, धनोट, जिजल आदि क्षेत्र प्रभावित होंगे। खराब मौसम के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है अत: जनता से अनुरोध है कि सहयोग दें। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# एयरपोर्ट विस्तार को 930 करोड़ का मुआवजा मंजूर

## 13 अक्तूबर को भूमि अधिग्रहण की पब्लिकेशन के बाद शुरू होगी प्रक्रिया

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



प्रदेश के पर्यटन कारोबार को पंख लगाने की दिशा में महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जिला प्रशासन को 930 करोड रुपए की मंजूरी सरकार की ओर से दे दी गई है। इस एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर 13 दिन के कोर्ट स्टे तथा आचार संहिता के 83 दिनों के चलते 96 दिन के अंतराल के बाद अब 13 अक्तूबर को भूमि अधिग्रहण को लेकर पब्लिकेशन के बाद प्रक्रिया शुरू हो पाएगी।

पर्यटन विकास को लेकर मील पत्थर बताई जा रही इस परियोजना को लेकर कदमताल जारी है तथा मुआवजे की एक किस्त का अप्रूवल सरकार से मिल चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा सेक्शन-19 की नोटिफिकेशन जारी करने के बाद मुआवजा राशि के भुगतान का काम शुरू हो जाएगा।

बताते चलें कि विस्तारीकरण के चलते इसमें विधानसभा क्षेत्र कांगड़ा के बाग बल्ला, ढुगियारी खास, गगल खास, लोअर इच्छी, बरस्वालकड़, भेड़ी, मुगरेहड़, सहौड़ा और सनौरा के अलावा शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रछियालु, जुगेहड़, भड़ोत और कियोड़ी गांव इसकी जद में आएंगे। विस्तारीकरण के लिए 14 गांवों से करीब 1200 परिवारों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

अधिग्रहण के लिए सरकार ने 14 गांवों की सरकारी और निजी मिलाकर करीब 147 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की है। इसमें 123 हेक्टेयर निजी और 24 हेक्टेयर सरकारी भूमि शामिल है। इस विस्तारीकरण की जद में करीब 938 मकान और 594 के करीब दुकानें हैं। इसको लेकर प्रभावितों के पुनर्वास को लेकर भी काम जारी है। (अनंत ज्ञान)

**14 गांवों की 147 हेक्टेयर भूमि का होगा अधिग्रहण**

### पर्यटन को लेंगे पंख : विनय धीमान



**इस** बारे में जानकारी देते हुए पर्यटन विभाग के उपनिदेशक विनय धीमान ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के बाद बड़े विमानों की फ्लाइटों के शुरू होने से प्रदेश की पूरे विश्व से क्नेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन को पंख लगेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल सरकार ने कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। अब लैंड एक्विजिशन के लिए धारा-19 के तहत होने वाली नोटिफिकेशन 13 अक्तूबर तक की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 930 करोड़ रुपए के मुआवजे की मंजूरी सरकार की ओर से दे दी गई है तथा पहले फेज में यह मुआवजा प्रभावितों को दिया जाएगा।

## टांडा में बंद पड़ी टीएमटी मशीन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के हालात बदतर हैं। अस्पताल के कार्डियो विभाग (हृदय रोग) में अपने उपचार हेतु आने वाले मरीजों को जहां घंटों भूख-प्यासे रहकर लाइनों में लगकर पर्ची बनवाने के लिए खड़ा होना पड़ता है तो वहीं उसके बाद बीपी चेक करवाने के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। उसके बाद बारी आती है डॉक्टर को दिखाने की, उसके लिए भी इसी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। जानकारी के अनुसार टीएमसी में हृदय रोगियों के लिए टेस्ट करवाने वाली टीएमटी मशीन पिछले काफी समय से खराब पड़ी है। इस संदर्भ में टीएमसी के प्राचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला ध्यान में आया है। जल्द ही खराब पड़ी टीएमटी की मशीन को ठीक करवा दिया जाएगा।

# सब्जी मंडी गुप्त गंगा में सफाई-व्यवस्था चरमराई, चारों ओर बदबू ही बदबू

## दुकानदार और आढ़ती परेशान, मुंह पर मास्क लगाकर कर रहे काम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

सब्जी मंडी गुप्त गंगा में इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमरा गई है जिसके कारण यहां पर बीमारी फैलने का अंदेशा बढ़ गया है। लोगों में भी कृषि उपज मंडी समिति के प्रति रोष उत्पन्न हो रहा है वहां के दुकानदारों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यहां कूड़े का ढेर लगा हुआ है, जिससे बदबू फैल रही है। उन्होंने बताया कि वहां पर कूड़ा डालने के लिए रखी गई ट्रॉली भी उल्टी पड़ी हुई है, उसे भी ठीक करवाया जाए।

यहां रोजाना अपना काम करने वाले आढ़तियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरी सब्जी मंडी में बदबू फैल गई है। लोग मुंह पर मास्क लगाकर काम करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी समिति जिला कांगड़ा ने यहां जो सफाई का ठेका दे रखा था, उसकी अवधि कई माह पूर्व पूरी हो गई है। इसके चलते मंडी में सफाई नहीं हो पा रही है। वहां के दुकानदारों ने कृषि मंडी उपज समिति से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से चलाई जाए, ताकि कोई गंभीर बीमारी न फैले और लोगों को राहत मिले।



बताते चलें कि सब्जी मंडी गुप्त गंगा (कांगड़ा) के साथ प्रसिद्ध शनि देव मंदिर वा प्रसिद्ध बाबा वीरभद्र मंदिर शिवालय भी है, जहां पर रोजाना भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। वहीं आसपास के गांव के सैकड़ों लोग जहां पर सब्जी बेचने व खरीदने आते हैं।

उधर, इस बारे में कृषि उपज समिति कांगड़ा के सचिव दीक्षित का कहना है कि बरसात के कारण और गर्मी की वजह से बदबू पनप रही है। यहां लगाए गए कूड़ा निस्पादन यंत्र में कूड़ा निस्पादन में अधिक समय लगता है। यहां का कूड़ा नगर परिषद कूड़ा संयत्र में भेजा गया है। वहीं, कूड़ा फेंकने वाली जगह को साफ करवा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## आज से करवाएं ऑनलाइन पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 2024 -25 के नए स्नातकोत्तर शैक्षणिक सत्र का आरंभ होने जा रहा है। प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने बताया कि हिंदी, इतिहास, अंग्रेजी व अर्थशास्त्र विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gcbaijnath.ac.in** पर जाकर 23 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर प्रवेश फॉर्म भर सकते हैं। तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को 23 जुलाई से 31 जुलाई तक रोल ऑन आधार पर प्रवेश मिलेगा। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## लाहड़ ठाकरां-रेंगेहड़ लिंक रोड 28 तक बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धीरा में लाहड़, ठाकरां, सद्दू, बड़ग्रां से गांव रेंगेहड़ लिंक रोड पर सीसी पेवमेंट कार्य के चलते 21 से 28 जुलाई तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

# त्रेहल के जवान राजीव कुमार को सैन्य सम्मान के साथ दी विदाई



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

जवान राजीव कुमार की पार्थिव देह सोमवार को पंचरुखी के समीप गांव त्रेहल पहुंची। राजीव कुमार की पार्थिव देह के घर पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया और हर आंख में आंसू दिखाई दिए। प्रधान प्यार चंद चौधरी ने बताया कि भारतीय सेना में कार्यरत राजीव कुमार की बीमारी के कारण मौत हो गई।

राजीव कुमार 3 डोगरा में नायक के पद पर सिक्किम में तैनात थे और वे कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका 2 माह तक कोलकाता में उपचार चला। उसके बाद सिक्किम अस्पताल में 15 दिन उपचार के बाद उनकी मौत हो गई। राजीव का पार्थिव शरीर सोमवार को त्रेहल पहुंचा, जहां आर्मी के 69 इंजीनयर नायब सूबेदार विक्रम सिंह के नेतृत्व में सैन्य दल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

राजीव कुमार अपने पीछे परिवार में माता-पिता, एक बड़ा भाई दिव्यांग और एक बहन व गर्भवती पत्नी को छोड़ गए। दुखद बात यह है कि राजीव कुमार की पत्नी के हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी तक नहीं उतरा था। पिछले साल ही शादी हुई थी और उनकी पत्नी 5 महीने की गर्भवती है।

# धारकंडी के विकास के लिए तत्परता से किया जाएगा कार्य : पठानिया


शिमला में उप मुख्य सचेतक पठानिया से मिलते धारकंडी कांग्रेस के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि धारकंडी क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य किया जाएगा। पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

सोमवार को धारकंडी कांग्रेस अध्यक्ष शशिपाल शर्मा, जिला कांगड़ा कांग्रेस कार्यकारिणी में वरिष्ठ महासचिव अक्षय कुमार, उप प्रधान दरीनी,कांग्रेस कार्यकर्ता बाबू राजपूत लाहड़ी व मुनीश शर्मा आज माननीय उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को शिमला में अपना कार्यभार संभालने पर बधाई देते हुए धारकंडी क्षेत्र के विकास के लिए बजट उपलब्ध करवाने के लिए भी आभार भी व्यक्त किया। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष भी धारकंडी क्षेत्र के विकास की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई थी। वर्तमान सरकार आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्प है तथा व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने का बीड़ा उठाया है।

# स्कूलों में बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगेंगे कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला के स्कूलों में बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करने के लिए अभियान आरंभ किया जाएगा, ताकि बच्चों को आधार कार्ड अपडेट करवाने में किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। सोमवार को उपायुक्त हेमराज बेरवा ने अपने कार्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक मित्र संचालकों को आधार किट्स वितरित करने के उपरांत कहा कि सभी स्कूलों में आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए उपरोक्त लोक मित्र संचालक कैंप आयोजित करेंगे। पांच वर्ष तथा पंद्रह वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भी बच्चों को आधार कार्ड अपडेट करवाना जरूरी है इसके लिए बच्चे अपने अपने स्कूल हेड से संपर्क करें, ताकि आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि छात्रवृतियां तथा अन्य सुविधाओं के लिए आधार कार्ड की लिकेंज जरूरी है, अगर आधार कार्ड अपडेट नहीं होगा तो छात्रवृतियां या अन्य सुविधाओं के लिए बच्चों को परेशानी हो सकती है।

# जमानाबाद में मिंजर मेले का आगाज

## शुभारंभ पर एसडीएम इशांत जसवाल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

विकास खंड कांगड़ा के तहत पड़ती ग्राम पंचायत जमानाबाद में सोमवार से 7 दिवसीय मिंजर मेले का आगाज धूमधाम से हुआ। इस मौके पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेला स्थल पर पहुंचने पर मेला कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया और उन्हें पारंपरिक मिंजर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसक मौके पर उन्हें स्मृतिचिन्ह भी भेंट किया गया। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने रिबन काटकर विधि-विधान से सात दिवसीय मिंजर मेला जमानाबाद का शुभारंभ किया। मिंजर मेला कमेटी के प्रधान अशोक कुमार ने जाकारी देते हुए कहा कि इस मेले का आयोजन पिछले लगभग 40 वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मेला की शुरुआत कांगड़ा के पूर्व मंत्री स्व. चौधरी विद्यासागर ने किया था। उन्होंने बताया कि उस समय इस मेले का आयोजन दो दिन हुआ करता था, उसके बाद धीरे-धीरे मेला का कुनबा बढ़ता गया और मेला भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता गया। इस समय इस यह मेला सात दिनों तक मनाया जाता है।



अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

**I, Ruchi Rani** (37 years) wife of Shri Baljeet Singh resident of Ladth, Post Office Ramnagar, Tehsil Indora, District Kangra (H.P.), solemnly declare that my name is wrong entered as Ruchi Rana in my daughter Simran Rana school records. Whereas my correct name is Ruchi Rani. Therefore my correct name Ruchi Rani should be entered in my daughter's school records. All concerned are hereby notified."

## न्यूज ब्रीफ

### टिब्बी पंचायत में रोपे पीपल-बरगद के पौधे



**अतुल, सुजानपुर।** निस्वार्थ भाव सेवा संगठन द्वारा चलाई पौध रोपण मुहिम तहत कुठेड की टिब्बी पंचायत में जोगिंदर सिंह उर्फ बिट्टू व उनकी टीम ने पीपल-बरगद के 10 से 15 पौधों का पौधरोपण किया। वहीं पंचायत मजहोग सुल्तानी में देवराज वर्मा, दिनेश बिट्टू, रणजीत, सक्षम, कैंडी, हिम्मत और शिवम ने पौधरोपण किया। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के सदस्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी के इंचार्ज डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि प्राकृति को संजोए रखाने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। पौध रोपण करके हम आने वाली पीढ़ियों की साफ-सुथरी हवा दे सकते है। (अनंत ज्ञान)

### मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी : संजय



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के आंगनबाड़ी केंद्र बडियाणा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करके ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोरंज के खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने की तथा भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुनष्य के जीवन से बढ़कर पेड़-पौधों का जीवन जरूरी है क्योंकि अगर भूमि पर पेड़ नहीं होंगे तो मानव का जीवन भी संभव नहीं है। इसलिए हमें अपनी सुरक्षा से पहले पेड़-पौधों की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति से अपनी मां के नाम एक-एक पौधा जरूर लगाने तथा नियमित देखभाल करने का आहवान किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना वृत्त जमली के पर्यवेक्षक अभिषेक ठाकुर, भाषा अध्यापक मान चंद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना कुमारी, कुसुम, अंजु देवी, पुष्पा देवी, निर्जला, कविता देवी, निर्मला देवी, नरेश कुमारी, प्रोमिला व अन्य उपस्थित रहे।

### वगारटी की टीम ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** खास गलोड़ पंचायत में शहीद रोहिन ठाकुर वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पहुंचे खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा को आयोजकों ने सम्मानित किया। पंचायत प्रधान ने युवाओं से कहा कि अपने देश से प्यार करना और हर समय देश का कल्याण सोचना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति होती है। खास गलोड़ के रोहिन ठाकुर देश की रक्षा करते हुए शहीद जरूर हुए हैं, मगर अभी भी वह युवाओं के दिलों में बसते हैं और ऐसे शूरवीरों से हमारे युवाओं को सीखना चाहिए। अंतिम मुकाबले में वगारटी की टीम ने कालका की टीम को हराया और इस शाहिद रोहिन ठाकुर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। खास गलोड़ युवा मंडल ने भी इस आयोजन की सफलता पर सभी युवाओं का धन्यवाद किया है।

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक बनाएं राशन कार्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को अतिशीघ्र राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत उन सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए हैं, जो अभी तक राशन कार्ड से वंचित हैं, ताकि इन श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा सके। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार यह कार्य 27 जुलाई तक पूरा किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि पात्र लाभार्थियों की पहचान और उन्हें राशन कार्ड जारी करने के उद्देश्य से जिला हमीरपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कमेटियों का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत निरीक्षक की अध्यक्षता में गठित कमेटियों में ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, स्थानीय उचित मूल्य की दुकान या सहकारी सभा के विक्रेता को शामिल किया गया है। जबकि, संबंधित विकास खंड अधिकारी को नोडल ऑफिसर बनाया गया है। उपायुक्त ने इन सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड जारी करने के मामलों की ताजा रिपोर्ट खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक तथा उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित करें। इसी तरह, जिला के शहरी क्षेत्रों में शहरी निकाय के कार्यकारी अधिकारी भी यह सूचना एवं प्रगति रिपोर्ट भेजें। उपायुक्त ने बताया कि केवल ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक, जिनका अभी तक देश के किसी भी राज्य में राशन कार्ड नहीं बना है, ही राशन कार्ड बनवाने हेतु पात्र होंगे। इसके लिए उन्हें अपने ई-श्रम कार्ड और आधार कार्ड की प्रति उपलब्ध करवानी होगी।

# शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## सावन महीने में दुल्हन की तरह सजा है बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

ऊना जिले के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंच गए थे। इसी तरह उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर जो पंचायत फस्टे के बटाहली में स्थित है, सावन मास के चलते बिल्लकलेश्वर सुधार सभा द्वारा दुल्हन की तरह सजाया गया है। सावन महीने के प्रथम सोमवार को सुबह से ही लोगों की भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए लोगों की काफी लंबी कतारें देखने को मिलीं।

इस मंदिर के प्रति लोगों की अपार आस्था है। इसका मुख्य कारण इस मंदिर के निर्माण का इतिहास पांडवों के इतिहास से जुड़ा हुआ है क्योंकि बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण पांडवों ने अपने अज्ञात वास के दौरान किया था। इस मंदिर की देखरेख वर्तमान समय में क्षेत्रवासियों द्वारा गठित बिल्लकलेश्वर सुधार सभा नामक संस्था कर रही है। इस संस्था द्वारा न केवल इस मंदिर का समय समय पर रेणवेशन का काम किया जाता है, बल्कि मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता हैं। इसी क्रम के चलते इस धार्मिक स्थल में सावन मास के दौरान 26 जुलाई से 3 अगस्त तक शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा हैं एवं 3 अगस्त को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



बिल्लकलेश्वर मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं का काफी तांता लगा रहा।

### पर्यटन की दृष्टि से हो सकता है विकसित



इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। बिल्लकलेश्वर सुधार सभा के सदस्य सुंदर्शन जरियाल ने कहा समय-समय पर इस धार्मिक स्थल कों पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की सभा एवं क्षेत्र वासियों द्वारा मांग उठाई जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष भी इस धार्मिक स्थल कों पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विशेष आग्रह किया है।

## सुजानपुर में कांग्रेस ने दिया भाजपा को झटका

# आरती बनी नई बीडीसी अध्यक्ष, तिकोनीय मुकाबले में ममता और वंदना को हराया



नई बीडीसी अध्यक्ष आरती के साथ मौजूद अन्य गणमान्य।

**ए कुमार, सुजानपुर**

बीडीसी सुजानपुर पर कांग्रेस ने अध्यक्ष पद जीतकर भाजपा को झटका दिया है। कांग्रेस समर्थित आरती कुमारी नई बीडीसी चेयरपर्सन चुनी गई हैं। उन्होंने दो अन्य प्रतिद्वंद्वी ममता और वंदना को हराया। आरती कुमारी को 10 सदस्यों में से कुल 7 वोट पड़े, जबकि वंदना को दो और ममता को एक मत प्राप्त हुआ। इस पर चुनाव अधिकारी एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा ने आरती कुमारी को विजयी घोषित कर दिया। सुजानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर कैप्टन रंजीत सिंह के विजय होने पर यह मुहिम लगभग एक महीने से जारी थी।

इससे पहले वर्तमान चेयरपर्सन अंजना कुमारी को उनके पद से हटा दिया गया था, लगभग एक माह पहले अंजना कुमारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। बीते सप्ताह हुई सदस्यों की बैठक में अंजना कुमारी को उनके पद से हटाया गया था। इसके बाद सोमवार को नए चेयरपर्सन को चुनने के लिए बैठक रखी गई थी।

सुजानपुर बीडीसी का अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित है। इससे पहले अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित अंजना तथा उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा समर्थित काबिज थे। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से नए चुने गए विधायक कैप्टन रंजीत और ने वर्तमान बीडीसी चेयरपर्सन अंजना ठाकुर के बीच 36 का आंकड़ा है। कैप्टन रणजीत सिंह के विधायक चुने जाने के बाद अंजना ठाकुर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी कर ली गई थी। इस संदर्भ में कुल 15 बीडीसी सदस्यों में से 12 ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन चुनाव के मौके पर मात्र 10 ही सदस्य मौजूद रहे जो की कोरम के लिए काफी थे। (अनंत ज्ञान)

# नवोदय चयन परीक्षा के लिए 16 सितंबर तक भेजें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ **छठीं क्लास के लिए 18 जनवरी, 2025 को आयोजित की जाएगी परीक्षा**

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा शनिवार 18 जनवरी, 2025 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितंबर निर्धारित की गई है।

विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि परीक्षा से संबंधित नियमों एवं पात्रता की शर्तों की जानकारी नवोदय की वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान हमीरपुर जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य विक्रम कुमरा ने बताया कि विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए विद्यालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। यदि किसी विद्यार्थी या उसके अभिभावक को ऑनलाइन आवेदन में कोई समस्या आ रही है तो वे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा किसी भी कार्य दिवस को जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में अपने सभी प्रमाण पत्रों और आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर के साथ आकर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। प्राचार्य ने जिला हमीरपुर के पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से 16 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

# उपप्रधान की कुर्सी हटाने पर कोरम का किया बहिष्कार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



उपप्रधान की कुर्सी हटाने पर नाराज गणमान्य।

▶ **पंचायत के सभी वार्ड पंचों बीडीसी और उपप्रधान ने प्रधान पर लगाए आरोप**

ग्राम पंचायत लंबलू में सोमवार को उपप्रधान की कुर्सी पंचायत कार्यालय से हटाने को लेकर वार्ड पंच, बीडीसी और उपप्रधान भड़क गए। इसी के चलते पंचायत के सभी वार्ड पंचों शेखर चंद, अंजना पठानिया, सोमराज, निशा शर्मा व संतोष कुमारी, बीडीसी मेंबर कै. तिलक राज शर्मा और उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने कोरम का बहिष्कार किया और पंचायत प्रधान के खिलाफ कुर्सी हटाने और अभद्रता के साथ व्यवहार करने का हस्ताक्षर युक्त पत्र सचिव को सौंपा।

दरअसल उपप्रधान सुरेंद्र कुमार, बीडीसी मेंबर तिलक राज और वार्ड पंचों का आरोप है कि पंचायत प्रधान केसी चौहान उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करता है। उपप्रधान सुरेंद्र कुमार का कहना है कि पिछले साढ़े चार साल से तानाशाही रवैये से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आज दिन तक किसी भी बिल, बाउचर और विकास कार्य भी उपप्रधान को नहीं बताया जाते। उन्होंने कहा कि 7 जुलाई को भी कोरम में आए थे, उस दौरान यहां से कुर्सी हटाने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि आज जब में कोरम के लिए पंचायत ऑफिस गया तो पंचायत प्रधान ने चौकीदार को यहां से कुर्सी को हटाकर सचिव के कमरे में लगाने के लिए कहा।

किसी पर्चेंजिंग कमेटी में आज तक नाम नहीं डाला। उन्होंने बताया कि जो भी पंचायत की कार्रवाई हो, विकास कार्य हों या अन्य कार्रवाई हो किसी भी नाम नहीं डाला फिर मैंने कुछ नहीं कहा, लेकिन सोमवार को प्रधान ने मेरे साथ ऐसी अभद्रता की मेरी कुर्सी कमरे उठवा दी, फिर वार्ड पंचों ने कहा कि जब आपकी की कुर्सी हटा दी तो हमारी कुर्सी भी पंचायत प्रधान हटा देंगे। हम तानाशाही रवैया कितने दिन सहन करें, इसलिए हमने यह बहिष्कार किया।

वहीं, पंचायत प्रधान केसी चौहान ने कहा कि उपप्रधान ने जो चुनाव लड़ा, उसके खिलाफ याचिका हुई थी। पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त में इसका फैसला हुआ था और यह चुनाव अवैध घोषित हुआ था। अतिक्रमण को लेकर कोई मामला था। जब चुनाव अवैध घोषित हुआ तो उसने दोबारा अपील की तो अपर कोर्ट ने भी लोअर कोर्ट के फैसले को सही ठहराया, लेकिन जो अतिक्रमण है, उसका कनफर्म किया जाए, क्या अभी भी यह अतिक्रमण का मामला है। मैंने उपप्रधान से कहा कि मुझे स्टे आर्डर की कॉपी दें, जो कि नहीं दी उन्होंने कहा कि उपप्रधान के पिता ने 2002 में माना है कि सरकारी भूमि है उसे मेरे नाम किया जाए, लेकिन उच्च न्यायालय ने मना कर दिया।

चुनावों से पहले उपप्रधान के पिता का देहांत हो गया और जो भी जमीन थी, वह बेटों के नाम होनी थी, तो उस समय यह सरकारी जमीन भी उपप्रधान के नाम हो गई हो। मैंने दोबारा नोटिस दिया और कहा कि एक्ट के तहत नहीं और मैं आपको प्रोसीडिंग में शामिल नहीं करूंगा। 19 सितंबर 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें जब तक स्टे ऑर्डर या अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक आपकी उपस्थिति वर्जित रहेगी। एक साल होने को है यह बदतमीजी से बात करता है और धमकाता है, इसलिए तंग होकर मैने चैकीदार को यहां से कुर्सी हटाने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)

## बरसात के मौसम में हमीरपुर जिले के सभी उद्यान केंद्रों में फलदार पौधे उपलब्ध

# किसान-बागवान जमकर कर रहे खरीददारी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



फलदर पौधों की खरीददारी करते किसान।

हमीरपुर जिले के विभिन्न उद्यान केंद्रों में पौधे उपलब्ध करवा दिए गए हैं। किसान और बागवान बरसात के मौसम में लगाए जाने वाले पौधों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। उद्यान केंद्रों में इस बार आम दशहरी लंगडाए चौसा का पौधा 70 रुपए में मिलेगा। वहीं आम्रपाली का पौधा 75 रुपए, संतरा, किन्नू, माल्टा, मौसबीं कलमी नींबू, कलमी बारामासी नींबू 55 रुपए, अमरूद 60, आंवला 60, लीची 70, नींबू;बीजूद्ध एक वर्ष आयु 35 रुपए, नींबू बीजू दो वर्ष आयु 45 रुपए, पपीता 40 रुपए, कटहल 40 रुपए, गलगल 30 रुपए प्रति पौधा के हिसाब से बागवानों को उपलब्ध करवाया जाएगा।

वहीं, मांग में आम के 8150 पौधे, लीची के 4350 पौधे, फलदार नींबू के 18,240 पौधे ए अमरूद के 3400 पौधे ए पपीते के 1920 पौधे ए आंवला के 1250 पौधे, कटहल के 2530 पौधे अन्य पौधों की मांग भेजी गई है।

**पंजीकृत नर्सरियों से ही लें पौधे**

इस बारे में जिला उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार ने कहा कि बागवानों को इस बार 45,540 फलदार पौधे उद्यान विभाग उपलब्ध करवाएगा। इसमें से कुछ पौधे उद्यान केंद्रों में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि इस बार बहुत अधिक गर्मी पड़ी। ऐसे में सभी लोग फलदार पौधे लगाएं, जिससे फल भी प्राप्त होंगे और वातावरण भी शुद्ध रहेगा। वहीं, उन्होंने जिला वासियों से अपील की है किसी भी अपंजीकृत नर्सरी से पौधे न लें। उद्यान विभाग की नर्सरियों व विक्रय केंद्रों से ही पौधे लेना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

# खेलकूद प्रतियोगिताओं से बढ़ता है अनुशासन और भाईचारा : चंदेल

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**



बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि अजय चंदेल को सम्मानित करते आयोजक।

▶ **बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता-उपविजेता रहीं पट्टा की टीमें**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में शुरू की गई रात्रि बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों का रुझान बढ़ रहा है और रात भर लोग खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। भोरंज उपमंडल के रावमापा पट्टा के खेल मैदान में हुई एक दवसीय रात्रि बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिले की करीब 32 टीमों ने भाग लेकर अपना दम दिखाया।

शाम छह बजे से सुबह चार बजे तक चली इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच पंकज-सुरेंद्र और हरीश-विजय की जोड़ी के बीच खेला गया। इसमें पंकज और सुरेंद्र की जोड़ी विजय रही। दोनों ही टीमें पट्टा की थीं। इसी तरह आंचल और पवन की जोड़ी तीसरे और काकू व उसके सहयोगी बिलासपुर की जोड़ी चौथे स्थान पर रही।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजक राजीव, पंकज, हरीश, विजय व अन्य खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्यातिथि साई गैस एजेंसी भोरंज के मुख्य प्रबंधक अजय चंदेल का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में अनुशासन और भाईचारे के भाव पैदा करती हैं। इस दौरान प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 5100 रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विजेता टीम को 5100, उपविजेता को 3100, तृतीय को 1100 रुपए देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर रावमापा बधानी के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, अनिल भरवाल, अवतार, आंचल, सुशील, अक्षय, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र, हर्ष व अन्य उपस्थित रहे।

# कहां हैं मुख्यमंत्री जिन्होंने झूठ बोलकर वोट लिए : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

▶ **कहा-सीएम की बदले की भावना का भूत, क्षेत्र के विकास को लगा रहा ग्रहण**

विधानसभा उपचुनावों के दौरान हर मंच से खुद को विधायक व मुख्यमंत्री बताने वाले अब बड़सर की समस्याओं के समाधान में क्यों दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। क्या बड़सर की देवतुल्य जनता ने उपचुनावों में कांग्रेस को वोट नहीं दिया या फिर केवल वोट की सियासत के लिए मुख्यमंत्री ने लोगों को झूठे आश्वासन देकर केवल ठगने का काम किया है।

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि उपचुनावों से पहले तो मुख्यमंत्री वोट लेने के लिए हर मंच से कहते थे कि वह ही बड़सर के विधायक हैं और मुख्यमंत्री भी बड़सर के हर काम को प्राथमिकता से करने के झूठे आश्वासन देने वाले मुख्यमंत्री बताएं पिछले कई महीनों से बीडीओ कार्यालय में खाली चल रहे खंड अधिकारी के पद को क्यों नहीं भर पाए हैं। जिस तीस हजार जनता ने उपचुनावों में कांग्रेस को वोट दिया, वे भी तो इसी विधानसभा की 52 पंचायतों से संबध रखते हैं। आज जिला का मुख्यमंत्री होने के बावजूद वही लोग अपने पंचायत संबंधित कार्यों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। जिस जिला का मुख्यमंत्री घर में ही अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को नहीं भर पा रहा हो उससे प्रदेश के विकास की उम्मीद भी क्या की जा सकती हैं।बिझड़ी में बीडीओ का पद कई महीनों से रिक्त चल रहा है, बड़सर अस्पताल कर्मचारियों व विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है।

प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं। कांग्रेस सरकार के पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री अपने जिले की समस्याओं का निवारण तक नहीं करवा पाए हैं, ऐसे में बड़सर की जनता चुनावों के बाद अब कांग्रेस के नेताओं से सवाल कर रही है कि मुख्यमंत्री कहां हैं, जिन्होंने झूठ बोलकर उपचुनावों में हमसे वोट लिए हैं। हमें बिकाऊ और खुद को टिकाऊ कहने वाले कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री चुनावों के बाद अब अपने वादों पर कहीं टिकते नजर नहीं आए हैं क्योंकि इसके पीछे मुख्यमंत्री की बदले की भावना का भूत है, जो क्षेत्र के विकास पर ग्रहण लगा रहा है।

**बातचीत** एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में हमीरपुर के ईओ अजमेर ठाकुर ने दी जानकारी, शहर में 14 एस्पिरेशन टॉयलेट्स का निर्माण शीघ्र होगा पूरा

# ड्रोन सर्वे से नप हमीरपुर हाउस टैक्स से सालाना 12 करोड़ करेगी इकट्ठा, अभी 2 करोड़ तक पहुंच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



नगर परिषद हमीरपुर के ईओ से खास बातचीत।

▶ **बताया-50 लाख से तैयार होगा बातानुकूलित स्लॉटर हाउस सरकार को भेजा प्रपोजल**

राहगीरों के लिए आरामदायक स्थान, बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुंदर पार्क जिस शहर में दिख जाएं, वह शहर निश्चित रूप में खूबसूरत दिखने लगता है। हमीरपुर शहर भी इसी नक्शे कदम पर चल रहा है। हमीरपुर में इन दोनों 'एस्पिरेशन टॉयलेट' जिस बड़े स्तर पर तैयार हो रहे हैं। बैठने के सुंदर स्थान बन रहे हैं। ब्यूटीफिकेशन का काम जोर-शोर से जारी है, लगता यही है कि आने वाले दिनों में हमीरपुर शहर न केवल देखने के लिए, बल्कि सहूलियतों के हिसाब से अब्बल हो जाएगा। इस काम को अंजाम देने के लिए जिस बड़े स्तर पर इन दिनों यहां काम चल रहा है, उसे लेकर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर से 'अनंत ज्ञान' ने कई मुद्दों पर लंबी चर्चा की।

अचानक इस तरह के बेहतर दशा दिशा देने वाले कार्यों को अंजाम देने की दिशा कैसे शुरू हो गई? इस पर लंबी बातचीत की, जिसके अंश पेश हैं;

**सवाल : ब्यूटीफिकेशन को लेकर इस शहर की दशा-दिशा अचानक कैसे सुधरने लगी, कारण क्या है?**

**जवाब :** हमीरपुर बेहद महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे और खूबसूरत बनाने के लिए बजट भी दिया है। उसी के बूते काम शुरू हो चुका है। छोटी-छोटी चीजों को बेहतर करके उसे नए रंग रूप में लोगों की आशाओं के अनुरूप बनाने का काम शुरू किया गया है।

**सवाल : एक से बढ़कर एक शौचालय और बैठने के खूबसूरत स्थान, कहां और कितने बन रहे?**

**जवाब :** शौचालय तो इस शहर में पहले भी थे, लेकिन इंदौर, सूरत और कुछ अन्य शहरों की तर्ज पर हमीरपुर के तकरीबन सभी वार्डों में 14 शौचालय का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अगले तीन-चार महीने में यह काम मुकम्मल हो जाएगा। यह शौचालय एस्पिरेशन टॉयलेट के रूप में तैयार किए जा रहे हैं। यहां पर तमाम तरह की सुविधाएं लोगों को मिलना शुरू हो चुकी हैं। हर एक शौचालय पर कर्मचारी भी रखा गया है। मुख्य डाकघर के पास बड़ा रेन शेल्टर और वेटिंग रूम टाइप विशाल कमरा भी बनाया जा रहा है, जो वातानुकूलित होगा। इस रेन शेल्टर के साथ वैसा ही नई सुविधाओं वाला शौचालय भी होगा। वार्ड नंबर एक से लेकर वार्ड नंबर 11 तक सभी जरूरी स्थानों पर ऐसे ही एस्पिरेशन टॉयलेट तैयार किया जा रहे हैं। इनमें तीन-चार तो तैयार भी हो गए हैं। बैठने के सुंदर स्थान भी कुछ तैयार हो गए हैं। बाकियों का निर्माण जारी है।

**सवाल : पार्कों की क्या दशा-दिशा है? क्या उस दिशा में भी नगर परिषद काम कर रही? क्योंकि पार्क शहर के बच्चों और बुजुर्गों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं?**

**जवाब :** पार्कों की दशा दिशा बड़े शहरों की तर्ज पर सुधारी जा रही है, लगभग उन तमाम वार्डों में पार्क तैयार हो रहे हैं, जिनमें जमीन इसके लिए उपलब्ध है। कम से कम कर पार्कों की दशा दिशा सुधारने का पीड़ा उठा दिया गया है। कुछ का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उनमें आधुनिक सुविधाएं भी मुहैया करवाई जा रही हैं।

**सवाल : नगर परिषद अपनी इनकम बढ़ाने के लिए कितने प्रयास कर रही, क्या हाउस टैक्स रिकवरी में लीकेज नहीं है? हाउस टैक्स कितना वसूला जा रहा?**

**जवाब :** अभी तो डेढ़ से 2 करोड़ सालाना हाउसहोल्डर से हाउस टैक्स की नगर परिषद वसूली करती है। इस बार 10 प्रतिशत का रिबेट भी दिया गया, जिस वजह से डेढ़ करोड़ के आसपास अभी तक रिकवरी हो पाई है। 1400 हाउस होल्डर इस शहर में हैं, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि हाउस टैक्स में बहुत सारी लीकेज हैं। इसीलिए अब हाउस-होल्डर का मकम्मल पता करने के लिए 'ड्रोन सर्वे' की योजना है। इसके लिए जिस एजेंसी को 18 लाख का टेंडर अवार्ड किया गया है। वह कुछ समय में ही काम शुरू करेगी। उम्मीद यही है कि इसमें ए वी और सी, तीन अलग-अलग कैटिगरीज में हाउसहोल्डर को बांटा जाएगा और 12 करोड़ के आसपास सालाना इसकी वसूली होगी। यानी नगर परिषद को इस ड्रोन सर्वे से काफी फायदा होने वाला है। इससे नगर परिषद की आय बढ़ेगी।

**सवाल : स्लॉटर हाउस और स्ट्रीट वेंडर मामले में क्या योजना है?**

**जवाब :** फिलहाल यहां स्लाटर हाउस प्रॉपर काम नहीं कर पा रहा है, लेकिन नया स्लॉटर हाउस का ब्लूप्रिंट वार्ड नंबर 5 में बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिस पर 50 लाख खर्च आएगा। इसका प्रोजेक्ट सरकार को भेज दिया गया है। इसी के पास वातानुकूलित मीट मार्केट भी तैयार की जाएगी। उसका भी प्रोजेक्ट में जिक्र किया गया है। स्ट्रीट वेंडर योजना भी नगर परिषद की है। इसे बहुत जल्दी सिरे चढ़ाया जाएगा। इसका फायदा निश्चित रूप में शहर के रेहडी-फड़ी वालों को मिलेगा। यह शहर और खूबसूरत भी दिखेगा। इसमें सारा सिस्टम स्ट्रीमलाइन हो जाएगा।

**सवाल : मौजूदा श्मशानघाट को ब्यूटीफाई करने की भी कोई योजना है?**

**जवाब :** बिलकुल योजना है। शहर में एक डेड बॉडी वाहन भी नगर परिषद खरीद रही है। इसमें फ्रीजिंग की व्यवस्था भी होगी। मौजूदा श्मशानघाट को आने वाले चार-पांच सालों में बहुत खूबसूरत बना दिया जाएगा, यहां का पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक भट्ठी भी लगाई जाएगी। नगर परिषद यहां पर वीआईपी हाल भी बनाएगी। उसके अलावा ऑनलाइन सिस्टम के लिए एक क्लर्क की व्यवस्था भी यहां करेगी, ताकि पूरा ब्यूरो यहीं से ऑनलाइन तैयार किया जा सके। इसके लिए थोड़ा वक्त जरूर लगेगा, लेकिन बेहतर होगा।

**सवाल : सॉलिड वेस्ट प्लांट की मौजूदा स्थिति से लोग क्यों नाराज हैं?**

**जवाब :** बजूरी में स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट की मौजूदा स्थिति में काफी इंप्रूवमेंट किया गया है, लेकिन इसमें और बदलाव करने के लिए एनआईटी हमीरपुर से एक सर्वे रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। उसी के आधार पर और काम होगा। आसपास के लोगों को जो कहीं दिक्कत महसूस होती है, उसका मकम्मल तौर पर निवारण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन शुरू


ऑडिशन के दौरान मौजूद बच्चे व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए ऑडिशन प्रक्रिया आरंभ हो गई है ऑडिशन के प्रथम दिन 22 जुलाई को भरमौर और पांगी उपमंडल से संबंधित 43 कलाकारों ने हिस्सा लिया।

यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिंजर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों के चयन के लिए 22 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा (बाल) में जनजातीय क्षेत्र भरमौर और पांगी से संबंध रखने वाले 43 कलाकार ऑडिशन में शामिल हुए।

जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि 23 जुलाई को उपमंडल सलूनी व तीसा, 24 जुलाई को उपमंडल भटियात व डलहौजी, 25 जुलाई को उपमंडल चंबा तथा 26 जुलाई को जिला चंबा से बाहर के कलाकारों के लिए ऑडिशन का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में कलाकारों के चयन प्रक्रिया के लिए प्रशासन की ओर से स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है जिसमें जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा , जिला लोक संपर्क अधिकारी बलबीर सिंह, सहायक आचार्य सचिन, प्रसिद्ध संगीतकार पीयूष राज,संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल, अजित भट्ट ,केएस प्रेमी व दीपक शर्मा शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि आडिशन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात गायकों व नृतक दलों को मेरिट के आधार पर ही अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के मंच पर प्रस्तुतियां देने का मौका दिया जाएगा।

# युवाओं ने राहत और बचाव की तकनीकें जानीं

**एमएम डैनियल, चंबा**

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत बलजिंदर सिंह 'सेनानी' 14 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के दिशा-निर्देशन में 14 वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नूरपुर की टीमें विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों में स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है।

उसी कड़ी में सोमवार को निरीक्षक सुशील वर्मा की अगुवाई में सरोल, चंबा में आपदा मित्र एवं युवा स्वयं सेवकों को एनडीआरएफ की प्रशिक्षित टीम द्वारा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा आपदा मित्र और युवा स्वयं सेवकों को रोप रेस्क्यू का अभ्यास जैसे स्लेदरिंग, जुमार, रैपलिंग, फ्लाइंग फॉक्स रैपलिंग, गांठों का अभ्यास, लैंड स्लाइड के दौरान क्या करें, क्या नहीं करें तथा सीबीआरएन इमरजेंसी आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षण को समापन किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र कश्यप (नायब तहसीलदार), चंबा ने एनडीआरएफ के इस कार्यक्रम को बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद बताया। इस कार्यक्रम में आपदा मित्र एवं युवा स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए और आपदा में राहत-बचाव की तकनीकों की बारीकियों को जाना।



युवाओं को राहत व बचाव संबंधी तकनीकों को बताते हुए जवान।



# सावन पहला सोमवार : शिव मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतारें


मंदिर में भक्तों की लगी हुई लाइन और पूजा-अर्चना करते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सावन महीने के पहले सोमवार के दिन भरमौर के 84 मंदिर के शिव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली।

सोमवार के दिन यहां पर स्थानीय व बाहर से आए हुए लोगों ने भारी संख्या में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जाकर अपना शीश नवाजा।

इस मौके पर बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं ने भी भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जाकर शीश नवाजा।

गौरतलब है सावन महीने को भगवान भोलेनाथ का महीना माना जाता है। वह इस महीने भगवान भोलेनाथ की पूजा को अति पवित्र माना जाता है। इस महीने में श्रद्धालु बेलपत्र में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# विभाग ने किया सड़क का पैचवर्क

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा के मध्य नजर एनएच विभाग में सड़क पर पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है बग्गा से लेकर भरमौर तक जगह-जगह सड़क कच्ची और टूटी हुई है। जिसके कारण इस सड़क पर गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस सडक की दुर्दशा को लेकर कई बार लोग इसकी शिकायत प्रशासन व विभाग के पास भी कर चुके हैं। वही विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वाकांशी सड़क की दुर्दशा को लेकर पर्यटकों व श्रद्धालु भी काफी परेशान दिख रहे हैं। मणिमहेश यात्रा की तैयारी को लेकर होने वाली बैठक में भी बार-बार इस सड़क की दुर्दशा का मुद्दा जोर-शोर से उठता रहा है। हालांकि विभाग की दलील है कि उनके पास बजट की कमी है बावजूद इसके सडक के रख-रखाब व पैच वर्क के कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि मणीमहेश यात्रा से पहले विभाग पैच वर्क को पूरा कर देगा। गौरतलब है हर वर्ष मणीमहेश यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों की तादाद में श्रद्धालु पवित्र मणिमहेश यात्रा पर आते हैं जहां पर पवित्र डल झील में स्नान करके आस्था के आगे नतमस्तक होते हैं, लेकिन पिछले कई बरसों से यहां की चंबा भरमौर सडक की दशा को लेकर अक्सर श्रद्धालु अपनी शिकायत करके जाते हैं। इस सड़क की दशा व दुर्दशा यहां की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को भी दर्शाती है।


पैच वर्क का कार्य करते कर्मी।

उधर इस विषय पर सहायक अभियंता धर्मचंद ने कहा है कि विभाग ने मणिमहेश यात्रा के मध्य नजर पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा है उम्मीद करते हैं कि यात्रा से पहले सडक की हालत को काफी हद तक सुधार दिया जाएगा।

# श्रावण मास के पहले सोमवार को विधायक प्रकाश राणा ने पत्नी संग की पूजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्रावण महीने के पहले सोमवार को जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने त्रिवेणी महादेव मंदिर घटोड में परिवार संग शीश नवाया। इस अवसर मंदिर कमेटी द्वारा विधायक प्रकाश राणा का जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक प्रकाश राणा ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की और मंदिर में हुए हवन यज्ञ में भी उन्होंने पूर्ण आहुति डाली। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नागेश्वर महादेव कुंड में भी पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए अरदास की। उन्होंने नागेश्वर महादेव कुंड के वर्तमान थानापति विमल गिरी मुलाकात की। जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा ने हर हर महादेव का जयकारा लगाकर जनता को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों को पर्यटन की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाने की कोशिश की जाएगी।


प्रकाश राणा व रीमा राणा के साथ।

# बागवानों के लिए विभिन्न योजनाओं पर अनुदान की सुविधा उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग भरमौर आशीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित बागबानों के लिए विभिन्न योजनाओं पर अनुदान की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के अंतर्गत बागवानों को 80 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जा रहा है। इसी तरह मुख्यमंत्री खुम्भ विकास योजना के अंतर्गत बागवानों को 40 -50 प्रतिशत अनुदान , एंटी हेल नेट योजना के अंतर्गत 80 प्रतिशत अनुदान, मुख्यमंत्री कीवी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान, एकीकृत बागवानी विकास योजना के अंतर्गत 40 -50 प्रतिशत अनुदान , प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 80 प्रतिशत अनुदान , राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान और

उद्यान विकास योजना के अंतर्गत बागवानों को 50 प्रतिशत का अधिकतम अनुदान दिया जा रहा है।

उन्होंने बागवानों से आग्रह किया है कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने नजदीकी उद्यान प्रसार केंद्र ,उद्यान विकास अधिकारी और विषय विशेषज्ञ उद्यान भरमौर से संपर्क करें ।

उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर इन योजनाओं की जानकारी विभिन्न प्रशिक्षण शिवरों के माध्यम से भी बागबानों को प्रदान की जा रही है ।

उन्होंने सभी बागवानों से सेब, नाशपाती, अखरोट, खुमानी, पलम और जापानी फल के पौधों को लेने के लिए अपनी मांग अपने नजदीकी उद्यान प्रसार केंद्र में 31 अक्टूबर 2024 तक लिखित में देने को कहा ताकि उन्हें यह पौधे वित्तीय वर्ष 2024 -25 में उपलब्ध करवा सके।

# पवित्र श्रावण मास में शिव महापुराण का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

लखदाता पीर मंदिर कमेटी धनोटू द्वारा पवित्र श्रावण मास में शिव महापुराण का आयोजन 22 जुलाई से 31 जुलाई किया जा रहा है तथा एक अगस्त को पूर्णाहुति दी जाएगी तथा लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की जानकारी साहित्यकार व समाज सेवी हीरा सिंह कौशल ने दी ।


कलश यात्रा दौरान महिलाएं।

शिव महापुराण के आयोजन से पहले कलश यात्रा पीर मंदिर धनोटू से शिव मंदिर महादेव तक निकाली गई। इस अवसर पर स्थानीय जनता के साथ साथ पीर मंदिर धनोटू के प्रधान बालक राम व अन्य सदस्यों ने व शिव महापुराण वाचक आचार्य राम लोक गर्ग ने भाग लिया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजू डोगरा, नागचला मंदिर के बाबा नीलधर भारती भक्त संजू व अन्य प्रभु प्रेमियों ने शिव महापुराण की कथा आनंद लिया।

# महिला साहित्यकार संस्था के उद्देश्यों से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई द्वारा राज्य स्तरीय लघु कथा वाचन श्रृंखला भाग-10 का आभासी माध्यम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं समाज सेविका राज भारतीय शर्मा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रीता सिंह प्रांत अध्यक्षा एवं संस्थापक महिला साहित्यकार संस्था द्वारा की गई। कार्यक्रम में चार जिलों से चयनित महिला लघु कथाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वालों में दलजीत कौर जिला कांगड़ा प्रतिभा शर्मा, जिला बिलासपुर, काव्या शर्मा जिला कांगड़ा तथा वंदना शर्मा सरोज जिला मंडी रहीं। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी संयोजन जिला चंबा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला चंबा महिला साहित्यकार संस्था अध्यक्षा डॉ. कविता बिजलवान द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति पूर्व प्रशिक्षु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा मोवीना द्वारा दी गई। चक्रमशः सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट व बेहतरीन लघु कथाएं प्रस्तुत की गई जिनकी आभासी माध्यम द्वारा उपस्थित सभी श्रोताओं व दर्शकों द्वारा काफी प्रशंसा की गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि राज भारतीय शर्मा ने अपने संबोधन के दौरान लघु कथा वाचन श्रृंखला आयोजन की इस पहल को काफी सराहनीय बताया और इस पहल के लिए महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रदेश को बधाई दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिंदी साहित्य के विकास की पूरी रूपरेखा रखी । उन्होंने अपनी लिखी हुई एक प्रेरणादाई कहानी भी सभी को सुनाई। लगभग 85 वर्ष की आयु में भी उनका उत्साह देखने लायक था । कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत की गई लघु कथाओं की विवेचना करते हुए सभी कथाकारों द्वारा सुनाई गई कहानियों के सामाजिक, आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक पक्ष को भी बारीकी से समझाया । उन्होंने बताया कि यह लघु कथाएं समाज के अंदर घटित हो रहे घटनाओं का ही एक लघु रूप है । उन्होंने महिला साहित्यकार संस्था के उद्देश्यों और कार्यों को लेकर भी उपस्थित सभी साहित्यकारों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पांच लघु कथा श्रृंखलाओं का आयोजन बिलासपुर इकाई द्वारा किया गया। अब यह श्रृंखला छह सप्ताह तक जिला चंबा द्वारा आयोजित की जाएगी।

जिला चंबा इकाई अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि इस दौरान जितनी भी लघु कथाएं प्रतिभागियों द्वारा सुनाई जाएगी । उनका संकलन तैयार कर शीघ्र ही उन्हें प्रकाशित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं भेज दी हैं जबकि कुछ अभी आनी बाकी है। जैसे ही सभी प्रतिभागियों की रचनाएं संकलित हो जाएगीं उसके बाद पुस्तक के प्रकाशन का कार्य आरंभ किया जाएगा।

# शिक्षकों और विद्यार्थियों ने निर्मित सामग्री को किया प्रदर्शित

**बबलू पठानिया, चुबाड़ी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में सोमवार को शिक्षा सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।


कार्यक्रम के दौरान शिक्षक व विद्यार्थी।

प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि यह शिक्षा सप्ताह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस सप्ताह के दौरान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सात दिनों तक विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं सोमवार को शिक्षण-अधिगम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सामग्री को प्रदर्शित किया गया। यह सामग्री शिक्षण को सुगम और रोचक बनाने के लिए तैयार की गई थी। इस विशेष कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक नवीन कुमार द्वारा किया गया।

सूडोकु 0004 — ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0003 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 जुलाई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** द्वितीयः (10:25) **: नक्षत्र :** धनिष्ठा (8:19), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** आयुष्मान (02:35) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (3:52 -5:34 ।

**विशेष दिन**

- 23 जुलाई 2024 : मंगला गौरी पूजा आज।
- 23 जुलाई 2024 : पंचक आज से प्रारम्भ।

**मेषः** किसी विशेष व्यक्ति का जीवन में प्रवेश आपके तौर तरीके बदल देगा। आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। विरोधी आप को निचा दिखाने के हर संभव प्रयास करेंगे।

**वृषभः** जरूरत से ज्यादा किसी घनिष्ठता संबंधों को कमजोर कर देगी। आप सहने की शक्ति रखें। जल्द ही आप क्रोध से भर जाते हैं। स्वयं पर काबू रखें।

**मिथुनः** समय के साथ स्वयं को बदलें। व्यवहार में नम्रता लाएं। कारोबार विस्तार के लिए धन एकत्रित करने में लगे रहेंगे। भूमि संबंधित विवाद के चलते चिंता रहेगी।

**कर्कः** विवेक से हर कार्य सफल कर लेंगे। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। मित्रों के साथ यात्रा आनंदप्रद रहेगी। आजीविका के लिए भटकना पड़ेगा।

**सिंहः** व्यवसाय में नई योजना लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी का साथ आप को आगे बढ़ने में मदद करेगा। संतान के विवाह संबंधित समस्या से परेशान रहेंगे।

**कन्याः** काम को टालना बंद करें और समझदारी और जिम्मेदारी से कार्य पूर्ण करें। दाम्पत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। कार्यस्थल पर आपकी बुद्धिमानी से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**तुलाः** भविष्य के प्रति चिंतित होंगे। मन में बुरे विचारों को न आने दें। स्वयं पर नियंत्रण रखें। नकारात्मक सोच के कारण ही आप पीछे है। पारिवारिक माहोल सामान्य रहेगा।

**वृश्चिकः** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से मन मुटाव होगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। आय के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। अपने कर्मचारियों के कारण परेशान होंगे।

**धनु :** स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आयेंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी। भूमि भवन से संबंधित मामले पक्ष में हल होंगे।

**मकरः** संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित हैं। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त हैं।

**कुंभः** अपने मन की बात हर किसी को बताने से नुकसान आप का ही है। सुख-सुविधा की वस्तुओं और धन खर्च होगा। आपकी उन्नति से विरोधी ईर्ष्या करेंगे।

**मीनः** मित्रों के सहयोग से कोई जरूरी कार्य होगा। अपनों से संबंधों में मजबूती आयेगी। आलस की अधिकता से कार्य में रुचि नहीं रहेगी।

# श्रद्धालुओं ने किया भोले बाबा का जलाभिषेक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को उपमंडल के प्रमुख शिवालयों में बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्त सुबह ही मंदिर पहुंचे। बोल-बम के जयकारों के बीच भक्तों ने भोले बाबा की विधिवत पूजन अर्चना की।


लोगों को चाय देते हुए सेवक।

सनातन धर्म मंदिर, बाबा बालक रूपी,राम कृष्ण आश्रम लादरूही, पंचमुखी मंदिर शूल, त्रिवेणी महादेव, कुड्डु महादेव सहित अन्य शिवालयों में महादेव का जलाभिषेक के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे। सोमवार को सुबह तड़के ही उपमंडल के सभी शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज रही। मंगला आरती के बाद भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प और गंगाजल से महादेव का अभिषेक कर सुख समृद्धि परिवार कल्याण की प्रार्थना की।

श्रावण मास के पहले सोमवार को उपमंडल के सभी शिवालयों में भोले बाबा के दर्शन करने की होड़ लगी थी।शिव भक्तों द्वारा जगह जगह प्रसाद के रूप में खीर के भंडारे लगाए गए।

# मंडी अस्पताल में 60 हजार की तीन टोकन मशीनें बनी शोपीस

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

क्षेत्रीय अस्पताल मंडी द्वारा स्थानीय संस्थाओं व लोगों का सहयोग न लेना अपने आप में संदेहास्पद हो गया है। नागरिक सभा मंडी द्वारा सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति से कुछ ऐसा ही प्रतीत हुआ। ऐसे में सिटीजन काउंसिल ने प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग कर आम लोगों के लिए राहत देने की अपील की है।

नागरिक सभा का कहना है कि जब मीडिया में बार-बार अस्पताल में पंजीकरण के लिए लंबी-लंबी लाइनें व दो-तीन घंटे का समय लगने की बात उनके ध्यान में आई तो सभा के प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष (उपायुक्त) से मुलाकात की।

इन मुलाकातों के बाद यह पाया गया कि स्टाफ की कमी है। आउटसोर्स पर अतिरिक्त स्टाफ के लिए धन नहीं है। पंखे बैंचों की सुविधा के लिए भी जैसे कैसे जुगाड़ कर लिया गया। सिटिजन काउंसिल की ओर से दिए गए सुझाव के तहत लगभग अपने फंड से 60000 रुपए की टोकन वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई। साथ में दो ऑपरेटर भी मुहैया करवाए गए, लेकिन टोकन वैंडिंग मशीनों व सिटीजन काउंसिल के ऑपरेटरों पर अस्पताल स्टाफ की तरफ से हल्की-फुल्की आपत्ति उठाई जाने लगी और 60000 की मशीन तथा डाटा ऑपरेटर हटा दिए गए। हालांकि चिकित्सा अधीक्षक द्वारा इस संबंध में निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं से अनुमति मांगी है लेकिन सवाल यह है जब यह सुविधा शुरू की जा चुकी थी तो उसे बंद करने के बाद यह कैसा पत्राचार।

इसके चलते अब नागरिक सभा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि मामले में हस्तक्षेप कर अस्पताल में आने वाले रोगियों की सुविधा के लिए व्यवस्था परिवर्तन का कोई चमत्कार दिखाएं। (अनंत ज्ञान)

तीसरी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# बैडमिंटन अंडर-11 में शिवांश और 14 में आदित्य बने चैंपियन


विजेता शिवांश को सम्मानित करते मुख्यातिथि जीवन ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विकास खंड द्रंग की रोपापधर पंचायत के युवक मंडल भटवाड़ द्वारा तीसरी वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बैडमिंटन के अंडर-11 आयु वर्ग का खिताब शिवांश ने जीत अपने नाम किया। शिवांश ने फाइनल मुकाबले में अयान 2-0 सैट से पराजित किया। अंडर-14 लड़कों के फाइनल मुकाबले में अंशुल ने अभय को जबकि लड़कियों के इसी वर्ग में परिशा ने काव्या को हराया। पुरुष वर्ग का खिताब आदित्य ने जीता। आदित्य ने फाइनल मुकाबले में सुमित को 2-0 से पराजित किया।

वहीं बनाना रेस में वान्या तो सैक दौड़ में शिवांश ने मारी बाजी। वहीं प्राइमरी स्कूल के लड़कों की बोरी दौड़ में शिवांश जबकि लड़कियों के वर्ग में अराध्य ने बाजी मारी। महिला मंडलों की रस्साकसी की खिताब महिला मंडल काही ने जीता, जिन्होंने महिला मंडल कलेहड़ को पराजित किया। वहीं महिला मंडल की म्यूजिक चेयर स्पर्धा में महिला मंडल कलेहड़ की ललिता जबकि बच्चों की म्यूजिक चेयर स्पर्धा में अराध्य ने बाजी मारी।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। युवक मंडल भटवाड़ के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं भटवाड़ वार्ड के तीनों महिला मंडलों को 2-2 हजार रुपए की नकद राशि भेंट की।

मुझे वह धर्म पसंद है, जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है। -डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# पर्यावरण की रक्षा, खुद की रक्षा

नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और बुनियादी ढांचे के विकास के कारण हिमाचल अपनी जैव विविधता खोने के खतरे का सामना कर रहा है। बढ़ते तापमान और बदलते मौसम के कारण भू-स्खलन, अचानक बाढ़ और सूखे जैसी स्थिति हिमाचल में बार-बार देखी जा रही है। पिछले साल मानसून सीजन के दौरान बरसात ने हिमाचल में खूब कहर बरपाया था। तब भारी नुकसान को देखते हुए सुक्खू सरकार ने प्रदेश की राजधानी शिमला के ग्रीन एरिया में निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब हरित क्षेत्रों में निर्माण पर सुक्खू सरकार एक बार फिर पूरी तरह से सख्त हो गई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला विकास योजना-2041 के अंतर्गत हरित क्षेत्र में आवासीय निर्माण को नियोजित करने का फैसला लिया है। निश्चित रूप से यह कदम काबिलेतारीफ है। इसके तहत वृक्ष रहित भूखंडों पर ही निर्माण कार्यों की अनुमति मिलेगी। हरे या सूखे पेड़ों वाली भूमि को हरित भूखंड के रूप में नामित किया जाएगा, जिस पर निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। आने वाली पीढ़ियों के लिए हिमाचल को सुरक्षित तथा हरा-भरा रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि मौजूदा हालात में हिमाचल में पर्यावरण का स्तर काफी बिगड़ गया है। पर्यावरण में निरंतर आ रही गिरावट चिंता का सबब है। यह सब अनियोजित बुनियादी ढांचा विकास की वजह से हो रहा है। या यूं कहें कि हिमाचल में भूवैज्ञानिक अस्थिरता वाली स्थिति हो गई है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

हिमालय एक भूवैज्ञानिक रूप से सक्रिय क्षेत्र है और हिमाचल प्रदेश भू-स्खलन, भूकंप और अन्य भूवैज्ञानिक खतरों से ग्रस्त है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में पर्यावरणीय गिरावट के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। जैव विविधता से प्रदेश की आवोहवा को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। गर्मियों में पानी की कमी साल दर साल अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। वर्षा के पैटर्न में बदलाव और पानी की बढ़ती मांग के कारण पानी की कमी हो रही है, जिससे कृषि, उद्योग और मानव उपभोग प्रभावित हो रहा है। विस्थापन और मानवीय संकट गंभीर होते जा रहे हैं। प्राकृतिक आपदाएं और पर्यावरणीय क्षरण समुदायों को विस्थापित कर रहे हैं, जिससे मानवीय संकट पैदा हो रहा है और राज्य की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसा नहीं है कि इन समस्याओं से पार नहीं पाया जा सकता है। अगर इंसान ने खुद समस्याएं पैदा की हैं तो उसे हल भी खुद ही निकालने होंगे। पर्यावरणीय गिरावट पर काबू पाया जकता है, यह संभव है। इसके लिए सतत विकास प्रथाओं को बढ़ावा देना होगा।

मानव गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए पर्यावरण तथा पर्यटन, जैविक खेती और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी सतत विकास प्रथाएं चालू करनी होंगी। राज्य की जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की रक्षा के लिए संरक्षण प्रयासों, जैसे पुनर्वनीकरण, वन्यजीव संरक्षण और मिट्टी संरक्षण को मजबूत किया जाना चाहिए। ये प्रयास तभी फलीभूत हो सकते हैं, जब सामुदायिक जुड़ाव और शिक्षा अच्छी होगी। पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाना चाहिए और उन्हें टिकाऊ प्रथाओं, जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम में कमी पर शिक्षित करना चाहिए, यही समय की मांग है।

हरे-भरे क्षेत्र में घर बनाने से नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पड़ सकते हैं। सबसे पहले जैव विविधता का नुकसान होता है, क्योंकि हरे क्षेत्र अक्सर विभिन्न पौधों और जानवरों की प्रजातियों के लिए आवास होते हैं। घर बनाने से उनके आवास नष्ट हो सकते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र बाधित हो सकता है। मिट्टी का कटाव क्षेत्र में भू-स्खलन जैसी स्थिति पैदा करता है, जिससे बाढ़ का खतरा बना रहता है। निर्माण गतिविधियां आसपास के जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर सकती हैं, जिससे जलीय जीवन और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। प्राकृतिक जल निकासी में व्यवधान आने से बाढ़ और जलभराव हो सकता है। ऑक्सीजन उत्पादन के लिए हरित क्षेत्र आवश्यक हैं। इन समस्याओं से पार पाने के लिए संपूर्ण पर्यावरणीय मूल्यांकन करना चाहिए तथा टिकाऊ निर्माण सामग्री और तकनीकों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी

**पंडित** चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। 17 वर्ष के चंद्रशेखर आजाद क्रांतिकारी दल 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' में सम्मिलित हो गए। सांडर्स वध, सेंट्रल असेंबली में भगत सिंह द्वारा बम फेंकना, वाइसराय को ट्रेन बम से उड़ाने की चेष्टा, सबके नेता वही थे। इससे पूर्व उन्होंने प्रसिद्ध 'काकोरी कांड' में सक्रिय भाग लिया। पंडित चंद्रशेखर आजाद का जन्म एक आदिवासी ग्राम भावरा में हुआ था। 1921 में जब महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन प्रारंभ किया तो उन्होंने उसमें सक्रिय योगदान किया। 17 दिसंबर, 1928 को चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह और राजगुरु ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक के दफ्तर को जा घेरा। ज्यों ही जेपी सांडर्स अपने अंगरक्षक के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर निकला, राजगुरु ने दाग दी और वह मोटर साइकिल से नीचे गिर पड़ा। भगत सिंह ने आगे बढ़कर चार-छह और गोलियां दागकर उसे बिलकुल ठंडा कर दिया। आखिर वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक 'नाटबाबर' ने आजाद को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में घेर लिया। बहुत देर तक आज़ाद ने जमकर अकेले ही मुकाबला किया। उन्होंने अपने साथी सुखदेवराज को पहले ही भगा दिया था। आखिर पुलिस की कई गोलियां आजाद के शरीर में समा गईं। उनके माउजर में केवल एक आखिरी गोली बची थी। उन्होंने सोचा कि यदि मैं यह गोली भी चला दूंगा तो जीवित गिरफ्तार होने का भय है। अपनी कनपटी से माउजर की नली लगाकर उन्होंने आखिरी गोली स्वयं पर ही चला दी। गोली घातक सिद्ध हुई और उनका प्राणांत हो गया। ■



चंद्रशेखर आजाद
जन्म : 23 जुलाई, 1906
मृत्यु : 27 फरवरी, 1931

## अपनी बात

**शिक्षा** के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और आपसी सहयोग की भावना पैदा होती है, लेकिन मोबाइल की लत ने बच्चों को खेलों से दूर कर दिया है। पहले छुटिटयों में कई प्रकार के खेल घर के आंगन में ही खेला करते थे या छोटे से मैदान में ही एक गांव या कस्बे के बच्चे एक साथ खेलते थे। समय बदलने के साथ बच्चों के हाथों में मोबाइल नहीं छूटता, इससे बच्चों की सेहत पर भी काफी असर पड़ रहा है। पहले बच्चे खेलकर आते थे तो घर में बना हुआ खाना खाते थे, जिससे उनकी सेहत भी ठीक रहती थी, अब बच्चे चिप्स, कुरकुरे और जंक फूड ज्यादा खाना पंसद कर रहे हैं जिससे बीमारियां उन्हें जल्द घेर लेती हैं। जंक फूड और मोबाइल की लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य पर काफी असर डाल रही है। बच्चों को स्कूलों में इनके प्रयोग से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताना चाहिए और माता-पिता को भी इन सब आदतों से उन्हें दूर रखने का प्रयास करना चाहिए। -सान्वी, हमीरपुर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीय परंपराओं के अनुपालन से देश बढ़ रहा आगे

भारत जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है, जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस कर दिया था। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था, गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे, परंतु अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए, तभी जाकर आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत के वैभवकाल को पुन: प्राप्त किया जा सकेगा।

भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं, इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे, इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है, इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्योहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं, वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं, इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कारीडोर बनाने जा रही है, क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं, लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक-दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है, वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है, इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक-दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है, वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है।

भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थीं, वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां पर नदियों को, वृक्षों को, धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्योहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं, इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगीं। सनातन काल में जिस गो माता को पूजा जाता था, मुस्लिम उस गो माता को खाने लगे। मुस्लिम शासनकाल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे। इन दोनों के समय में मुगलों और अंग्रेजों ने भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया, जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी, वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं के धर्मांतरण पर, हिंदुओं को मारने पर और उनकी संपत्ति हड़पने पर काम कर रहे थे।

ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ब्राह्मणों को मारकर रोज सवा मन जनेऊ जलाता था। मंदिरों को नष्ट कर उन पर मस्जिदें बना दी गईं। दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं, जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। इसी कालखंड में भारत का भक्ति काल जरूर समृद्ध हुआ और उसने भारत के निवासियों को मानसिक ताकत प्रदान की। तुलसीदास की भक्ति के सामने अकबर जैसा आदमी डर गया और झुक गया। भारत की आजादी की लड़ाई तो सफलतापूर्वक लड़ी गई, परंतु एक दुष्परिणाम भारत विभाजन के रूप में भी सामने आया, जिसमे लाखों हिंदुओं का नरसंहार हुआ। आजादी के 70 वर्ष में भारत की वह आर्थिक उन्नति नहीं हो पाई, जैसी कि अपेक्षा की गई थी। वर्ष 2014 में केंद्र में एक मजबूत सरकार ने शासन को संभाला। कठोर आर्थिक निर्णय लिए। जनता का भी उन्हें साथ मिला तथा लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गई।

वर्तमान सरकार के समक्ष बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं और आज भारत बहुत सी विदेशी ताकतों एवं उनके षड्यंत्रों के साथ जूझ रहा है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि जो संकल्प लेकर भारतीय परम्पराओं के अनुरूप सरकार काम कर रही है, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारतीयों का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में प्रवासी भारतीय भी अपना योगदान कर रहे हैं। विश्व के कई देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की बढ़ती संख्या एवं भारतीय सनातन दर्शन का प्रसार विदेशों में हो रहा है। भारत की तरह वहां पर भी मंदिरों का निर्माण हो रहा है। भारत की साधना पद्धति वहां स्वीकार की जाने लगी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हम सभी ईश्वर यानी प्रभु राम का अंश हैं

शास्त्र कहता है 'श्रद्धावानं लभते ज्ञानं' और 'संशयात्मा विनश्यति'॥ श्रद्धा और संशय विपरीतार्थक शब्द हैं। श्रद्धा हो तो संशय कैसे रहे और संशय हो तो श्रद्धा कहां से हो? यह श्रद्धा बड़ी कीमती वस्तु है। आज तक जिसने, जब, जहां, जो भी प्राप्त किया है, इसी श्रद्धा से ही प्राप्त किया है। कितना ही सुंदर सुडौल शरीर क्यों न हो, प्राण न हों, तो क्या बात बने? ऐसे ही कितनी ही परिष्कृत बुद्धि क्यों न हो, श्रद्धा न हो, तो बुद्धि दो कौड़ी की है।

संशय का ही फल है कि जहां देखो वहां चिंता, तनाव, उहापोह, असमंजस, विकलता, निराशा, दुख ही मालूम पड़ता है। क्या होगा, कब होगा, कैसे होगा? ऐसे ही प्रश्न हर कोई पूछता दिखाई देता है। जब संशय रूपी पिशाच सिर पर चढ़ा हो, तब क्यों न दिल उमंग विहीन, जीवन उजड़ा-उजड़ा, शरीर शिथिल, उत्साह मृतप्राय और जीवन जहरीला हो जाए? ध्यान दें, मटका भी फूटा हो, तिपाई की एक टांग टूटी हो, उसके नीचे पड़ा पत्थर टेढ़ा हो और भूमि भी दलदली हो, तब पानी कैसे टिके? योंही अशक्त देह, संशयग्रस्त, संकल्पहीन, श्रद्धाविहीन बुद्धि हो, तो सुख कैसे टिके, जिस पर वृक्ष का सर्वस्व निर्भर है, वह जड़ ही सूख जाए तो वृक्ष का मरना तय है। जिस के सहारे नदी पार करनी है, वह रस्सी ही टूट जाए तो डूबना तय है। जिस के भरोसे लटकना है, वह खूंटी कच्ची हो तो गिरना तय है। तो जिस श्रद्धा के आधार पर जीवन की इमारत खड़ी होती है, उस श्रद्धा के अभाव में जीवन बिखर जाए तो हैरानी कैसी? मैं तो सर्वव्यापक सर्वज्ञाता सर्वसमर्थ सर्वशक्तिमान परमेश्वर का अंश हूं, अन्यान्य संतों महापुरुषों का वंशज हूं, भला दुख मेरा क्या बिगाड़ता है? इस जगत के दो-दो कौड़ी के भोगों की लालसा में ही मैं अपने जीवन की इतिश्री क्यों मानूं? मैं तो कठोर से कठोर परिस्थितियों में भी साधन में अटल भाव से लगा, जीवत्व का तिरस्कार कर, शिवतत्व में विलीन होकर ही रहूंगा, ऐसी श्रद्धा चाहिए। इसके लिए आप अपने अंदर के नकारात्मक विचारों को छोड़कर ईश्वर के प्रति आशावादी बनें। यदि मुझसे पूछेंगे की आखिर ईश्वर कौन है, तो बस मैं यही कहूंगा भगवान श्री राम क्योंकि स्वामी विवेकानंद ने उन्हें ईश्वर के समरूप माना है और स्वामी विवेकानंद जैसा ज्ञानी महापुरुष और कोई नहीं हो सकता क्योंकि उनके ध्यान में इतनी शक्ति थी कि सत्य को स्पष्ट देख लेते थे, तभी तो शिकागो में उन्होंने हिन्दू धर्म को सबसे श्रेष्ठ बताया था और हिंदू धर्म में एकमात्र स्वामी भगवान श्रीराम हैं, जिन्होंने सब कुछ किया, लेकिन उसका क्रेडिट कभी भी अपने ऊपर नहीं लेकर 33 करोड़ देवी-देवता में विभाजित किया। अत: ईश्वर एक है, जो प्रभु राम हैं और सबों में बसे हैं। आप उनको मन से पूजन करेंगे तो धीरे-धीरे आपको उस शक्ति का अहसास अवश्य होगा और आपनी जीवन की कठिनाइयां कुछ हद तक दूर होंगी।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### कविता — वाणी



विक्रम कौशल प्रयास
समोट, सिहुंता, चंबा

परनिंदा कर अपना पोल न खोल,
'विक्रम' निज भीतर का खोट टटोल।
किसी से गिला हो या कोई शिकवा,
वैर न पनपे मुंह से कुछ ऐसा बोल।
किसी में दोष देख खुद के गुण जगा,
परनिंदा कलंक से कभी जहर न घोल।
यह जीवन पथ शूलों से है भरा पड़ा,
हालात कैसे भी हों, रहना नित अडोल।
सखा दुश्मन बन फिर मित्र बन जाते,
बर्ताव ऐसा रखना बना रहे मेल-जोल।
गैर टांग खिंचाई से खुद गिर जाएगा,
बेपर्द होकर खुल जाएगी तेरी पोल।
किसी की कठोर वाणी के वर्तालाप पर,
अंत:करण के तराजू में 'विक्रम' तोल।

# मुस्लिम महिलाओं के लिए 10 जुलाई का फैसला ऐतिहासिक

सुप्रीम कोर्ट का 10 जुलाई को अहम फैसला आया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) की धारा 125 के तहत पति से तलाक के बाद भरण-पोषण पाने की हकदार हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उसे फैसले को चुनौती देने वाली एक मुस्लिम व्यक्ति की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उसे अपनी तलाकशुदा पत्नी को हर महीने 20000 रुपए देने चाहिएं। उसकी याचिका में कहा गया था कि मुझसे महिला धर्मनिरपेक्ष कानून के तहत भरण पोषण की मांग नहीं कर सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता दान का मामला नहीं है, बल्कि विवाहित महिलाओं का मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि हमारे संविधान में हर धर्म की महिला को समान हक देने का कानून है, इसलिए मुस्लिम महिला को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना अन्य धर्म की महिलाओं को है।

**क्या है मामला :** अब्दुल समद नाम के एक मुस्लिम शख्स ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इसने दलील दी थी कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत ही चलना होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ते के लिए कानून का इस्तेमाल कर सकती हैं। वह सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। ऐसा ही फैसला 1985 में शाहबानो केस में सुनाया गया था। यह फैसला शाहबानो केस की याद ताजा कर गया।

शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने 1985 में कहा था कि सीआरपीसी की धारा 125 में मुस्लिम महिलाओं को भी पति से भरण पोषण पानी का अधिकार है। उस समय कट्टरपंथी मौलवियों के विरोध, रोष और प्रदर्शन बाद तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम तलाकशुदा महिला के भरण पोषण के लिए नया कानून लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया था और पति से गुजारा भत्ता पाने की अवधि इद्दत तक अर्थात 3 महीने सीमित कर दी थी। इद्दत एक इस्लामी परंपरा है, जिसके अनुसार अगर किसी महिला को उसका पति तलाक दे देता है या उसकी मौत हो जाती है तो महिला इद्दत की अवधि तक दूसरी शादी नहीं कर सकती इद्दत की अवधि करीब 3 महीने तक रहती है। इस अवधि के पूरा होने के बाद तलाकशुदा मुस्लिम महिला दूसरी शादी कर सकती है।



लेखिका : प्रो. मनीषा शर्मा
पत्रकारिता अध्यापन से जुड़ी हुईं

देश की मुस्लिम महिलाओं ने जहां एक और इस फैसले का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और फैसले को मुस्लिम महिलाओं के हक में बताया, वहीं दूसरी और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसे शरीयत के विरुद्ध बताया है। इस संदर्भ में मौलानाओं का कहना है कि तलाक के बाद शरीयत में सिर्फ तीन महीने तक भरण पोषण भत्ते का अधिकार है। उसके बाद बीवी की जिम्मेदारी शौहर की नहीं बनती है। मुस्लिम पर्सनल बोर्ड का कहना है कि इससे बड़ा व्यापक असर हमारे समाज पर पड़ेगा। उन्होंने दलील दी कि अगर शौहर के पास पैसे नहीं हैं, तो वह गुजारा भत्ता किस तरह दे सकता है। इसी के साथ कहा कि इससे तलाक के मामले कम होंगे और गुजारा भत्ता से बचने के लिए पुरुष तलाक नहीं देंगे। महिलाएं शादी के बाद दोनों में नहीं बनने या किसी तरह की दिक्कत आने पर भी दर्द सहती रहेंगी और ताउम्र दर्द में रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में भारी रोष है। वह इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन डालने पर विचार कर रहे हैं। एआईएमपीएलबी ने कहा कि हमें संविधान यह हक देता है कि हम अपनी धार्मिक भावना और मान्यताओं के हिसाब से जी सकते हैं। यह हमारे धर्म को खत्म करने की साजिश है और इससे हम अदालत में चुनौती देंगे और इसी के साथ उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला शरीयत से अलग है और मुसलमान शरीयत से अलग नहीं सोच सकता। हम शरीयत के पाबंद हैं।

कमेटी ने कहा कि शादी विवाह के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिक्कत पैदा करेगा। इस मामले पर बोर्ड द्वारा गठित वर्किंग कमेटी ने कहा कि जब किसी शख्स का तलाक हो गया तो फिर गुजारा भत्ता कैसे मुनासिब है। जिस मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को महिलाओं को अधिकार देने आगे आना चाहिए, मुस्लिम महिलाओं के हक की हर जरूरी बात करनी चाहिए, वह धर्म व शरीयत के नाम पर इसका विरोध कर रहा है। वहीं, मुस्लिम महिलाओं ने तीन तलाक कानून के ऐतिहासिक फैसले की तरह इसे मुस्लिम महिलाओं के सम्मान और हक में बताया। शाहबानो प्रकरण में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने कट्टरपंथियों के आगे अपने घुटने टेक दिए थे, परंतु वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार मुस्लिम महिलाओं के हित में अनेक सराहनीय कदम उठा रही है। उनके सम्मान और अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसले ले रही है। महिला चाहे हिंदू हो या मुसलमान, उनकी तकलीफ , समस्या और अधिकार एक ही है। यदि एक मुस्लिम महिला का तलाक हो जाता है और शादी से बच्चे हैं तो वह बच्चों का भरण पोषण किस तरह करेगी? मायके वालों पर कितना निर्भर रहेगी।

हमारी सामाजिक व्यवस्था ऐसी है कि शादी के बाद ज्यादातर महिलाएं आर्थिक रूप से पति पर निर्भर होती हैं। ऐसे में महज इद्दत की अवधि अर्थात 3 महीने तक भरण पोषण भत्ता देकर शौहर अपने कर्तव्य से मुंह नहीं मोड़ सकता। यहां यह पहलू ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आधी आबादी को उसके हक एक समान रूप से दिए जाएं। धर्म के आधार पर उसमें किसी तरह का कोई विभेद नहीं किया जाए, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का सभी को स्वागत करना चाहिए न की विरोध।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान ने कम समय में ही जो अपनी पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं, क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लग्न व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है, इसमें कोई शक नहीं है। मैं इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।

**मुकेश विग**
**स्वतंत्र लेखक, सोलन**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने कम समय में अपनी खास पहचान बनाई है। पूरे प्रदेश के समाचार जहां एक ही एडिशन में पढ़ने को मिल जाते हैं, तो वहीं ब्यूटी टिप्स पर आधारित निखार पेज पर युवाओं को काफी उपयोगी जानकारी मिल पा रही है। गृह जिले कांगड़ा से लेकर पूरे देश तथा दुनिया की खबरों के साथ धर्म आधारित पेज गृहणियों के अलावा खासकर बुजुर्गों को काफी पसंद आ रहा है। इसके अलावा अखबार में प्रकाशित किया जा रहा फिल्मों से जुड़ा पेज भी मनोरंजन के लिहाज से बढ़िया है। कृप्या करियर को लेकर भी नियमित कॉलम का प्रकाशन अगर किया जाए तो इससे बेरोजगार युवाओं को काफी मदद मिलेगी।

**नीलम धीमान, नूरपुर**

**दैनिक** समाचार पत्र अनंत ज्ञान हर रोज एक नए आयाम के साथ हमारे बीच में पहुंच रहा है। इससे भी बेहतर व अच्छी बात यह है कि साथ में वेब टीवी का संचालन सोने पर सुहागा प्रतीत हो रहा है। अभी तक के प्रकाशन व प्रसारण में बेहतर तरीके से संचालन हो रहा है। हमारा सुझाव है कि इसमें जनहित के मुद्दे ज्यादा उठाए जाने चाहिएं। जिन मुद्दों से आम जनता का ज्यादा जुड़ाव है, अगर उन्हें उठाया जाएगा तो लोग अखबार से और अधिक संख्यमों में भी जुड़ेंगे। इसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र को बराबर अधिमान दिया जाना चाहिए। बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर लगातार चिंतन, मंनन और जागरूकता की जरूरत है।

**गोपाल शर्मा**
**पड्डल मोहल्ला, मंडी**

**मैं** जिला ऊना के ईसपुर ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। क्षेत्र के साथ लगते जंगली क्षेत्र है। बंदरों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास अभी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो झलेड़ा से पंजावर आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**मोहित पाठक**
**ईसपुर, ऊना**

**मैं** जिला ऊना के बड़साला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं, इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो नारी, बसाल, टक्का और धमांदरी आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**एसके शर्मा**
**बडसाला, ऊना**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लड़की को भगाकर ले जाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पुलिस थाना करसोग के अंतर्गत पड़ते एक गांव की नाबालिग लड़की को अगवा किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी नाबालिग लड़की 20 जुलाई से कहीं चली गई है इन्हें शक है कि भंडारणू गांव के एक लड़के के द्वारा ही अगवा कर लिया गया है। वहीं एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया है कि शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### कंप्यूटर सेंटर गई नाबालिगा हुई लापता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जड़ोल क्षेत्र से एक नाबालिगा रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने मामले को लेकर भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान के अनुसार एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत जड़ोल क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की की मां ने शिकायत पत्र दर्ज कराया है कि बीते 19 जुलाई को उसकी नाबालिग बेटी सुंदरनगर स्थित कंप्यूटर सेंटर में सुबह घर से आई थी। वहीं जब उसकी बेटी शाम तक घर नहीं पहुंची तो उसकी बेटी ने फोन नहीं उठाया। इसके उपरांत मोबाइल फोन बंद हो गया। परिजनों ने नाबालिगा को परिजनों और अन्य जगहों पर ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। इस पर लापता नाबालिग लड़की की माता के शिकायत पत्र के आधार पर पुलिस थाना सुंदरनगर में केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की के मोबाइल फोन लोकेशन को भी जांचा जा रहा है।

### पांव फिसलने के कारण गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत गांव नालनी में एक 47 वर्षीय व्यक्ति की पांव फिसलने के कारण गिरने से गंभीर चोट लगने पर मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज पर आगामी जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त अंतर्गत मुकेश कुमार(47) पुत्र धनी राम गांव नालनी डाकघर मलोह तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोटली कॉलेज में परिचय कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय कोटली में बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रियदर्शनी द्वारा किया गया। प्राचार्य ने नवागंतुक विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों, करियर, समय सारणी तथा अनुशासन से संबंधित व महाविद्यालयों की विभिन्न समितियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### 24 जुलाई को बीड़ क्षेत्र में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 24 जुलाई को बीड़ फीडर में पुरानी तारों को बदलने तथा नए बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने बताया कि कार्य के चलते 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक गांव खररेहड़ा, भलेड़, तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। लोगों के सहयोग की अपील की है।

### एसएफएस कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम में बांटे फल




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एसएफएस गतिविधि के माध्यम से सुंदरनगर, नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा सावन महीने के पहले सोमवार के पावन दिन पर वृद्ध आश्रम एवं बालिका आश्रम सुंदरनगर में फल वितरण किया। एसएफएस विद्यार्थी परिषद के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा समाज में सेवा का कार्य किया जाता है। जिसमें बुक बैंक, वस्त्र वितरण, परिषद की पाठशाला, जैसे अनेकों सेवा कार्य किए जाते है। इस कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष रोहन शर्मा, नगर मंत्री साक्षी ठाकुर, जिला संगठन मंत्री पवन कुमार, जिला संयोजक मंजुल शर्मा आदि शामिल हुए।

### कुलपति प्रो. ललित की माता का हुआ निधन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कुलपति प्रो. ललित अवस्थी की प्रिय माता का 21 जुलाई को निधन हो गया। विश्वविद्यालय समुदाय इस गहन दुख की घड़ी में कुलपति और उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। किसी प्रियजन को खोना बहुत बड़ा दुख है और विश्वविद्यालय की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रो. अवस्थी और उनके परिवार के साथ हैं।

### बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**अनिल शर्मा, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन की आवासीय परिसर में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत चार सप्ताह के बालिका सशक्तिकरण अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभागी बालिकाओं के व्यक्तिगत स्वच्छता और मासिक धर्म स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. तहसीन मुस्ताक क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर ने किया। उन्होंने प्रतिभागी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से बताया।

### बिजली की तारें गिरने से एनएच रहा बंद

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को अढ़ाई घंटे तक बाधित रहा। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-कतारें लग गई। लोग परेशान हो गए। घटना प्रातःकाल की है जब बरसात झमाझम बरस रही थी। पेट्रोल पंप के पास ही एक पेड़ टूट कर बिजली के खंभे पर गिर गया। इस कारण से चालू लाइन की तारें एनएच पर बिखर गई व सड़क बाधित हो गई। थोड़ी देर में पुलिस चौकी के जवान होमगार्ड के साथ वहां पहुंचे।एक होमगार्ड ने विद्युत शिकायत कक्ष में जाकर कर्मचारी को साथ लाया। उसने होमगार्ड्स की मदद से पहले विद्युत सप्लाई बंद की। बाद में तारों को काट कर यातायात बहाल किया गया।

# मंडी-कांगड़ा सीमा पर पुलिस ने बढ़ाई नाकाबंदी

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

मंडी-कांगड़ा सीमा से सटे क्षेत्रों में पुलिस ने 24 घंटे चौकसी बढ़ा दी है। बाहरी राज्य से आने वाले वाहनों की निगरानी के लिए हथियार लैस पुलिस जवान तैनात कर दिए हैं। जिसमें पुलिस बटालियन, पुलिस चौकियों और थाने के जवान तैनात है। बीड बिलिंग, चौगान मंडी-कुल्लू, मनाली और धर्मशाला को ओर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है।

पुलिस जानकारी के अनुसार इन दिनों हिमाचल में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पर्यटक भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ शरारती तत्वों द्वारा अराजकता फैलाए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए मंडी-पठानकोट हाईवे पर जगह-जगह पुलिस टीमों ने पैट्रोलिंग शुरू कर चौकसी बढ़ाई है।

वहीं मंडी-कांगड़ा सीमा पर बाहरी राज्य के वाहनों की निगरानी को लेकर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तलाशी अभियान में भी तेजी लाई है, ताकि मंडी-कांगड़ा सीमा से प्रवेश कर रहे बाहरी राज्य के शरारती तत्वों पर किसी भी प्रकार की वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में ला सके। (अनंत ज्ञान)

**हथियार लैस जवान मुस्तैद**



पुलिस कर्मियों के द्वारा गाड़ियों की तलाशी लेते हुए।



मंडी कांगड़ा सीमा में मुस्तैद पुलिस कर्मी।

### शरारती तत्वों पर होगी कानूनी कार्रवाई : डीएसपी दिनेश

**पुलिस** जानकारी अनुसार हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, बिहार के लोग हिमाचल में घूमने आ रहे हैं। तो कुछ शरारती तत्व हिमाचल में हुड़दंग मचा रहे है। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने बताया कि मंडी-कांगड़ा सीमा पर बाहरी राज्य के वाहनों की निगरानी को लेकर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तलाशी अभियान में भी तेजी लाई है और उन्होंने बताया कि और पुलिस के द्वारा रात को भी जगह जगह गश्त लगाई जा रही है। बाहरी राज्य के शरारती तत्वों पर किसी भी प्रकार की वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस कानूनी कार्रवाई अमल में ला सके।

### बाहर से आने वाली गाड़ियों की ली तलाशी

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि आए दिन जगह-जगह चोरियों के मामले सामने आ रहे हैं और कॉलेज में पढ़ने वाली 20 साल की लड़की के साथ छीना-झपटी की वारदात के बाद प्रतिदिन पुलिस के द्वारा मंडी, कांगड़ा सीमाओं में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। बाहर से आने वाली गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है।

# छोटी काशी मंडी में एक स्थान पर की जाती है 11 शिवलिंगों की पूजा



स्वामी संत सुंदरम मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

छोटी काशी मंडी में अधिकतर मंदिर भगवान शिव को समर्पित हैं। छोटी काशी में एक ऐसा मंदिर है जिसमें एक स्थान पर 11 शिवलिंगों की पूजा-अर्चना की जाती है और इस मंदिर को श्री पंचदेव एकादश रुद्र महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है।

एकादश रुद्र मंदिर के पुजारी स्वामी सत सुंदरम ने बताया कि स्वामी अखंडानंद के अनुसार, मंदिर का निर्माण राजा साहिब सेन द्वारा करीब 350 वर्ष पूर्व करवाया गया था। वहीं, मंडी जनपद की मानें तो मंदिर राजा विजय सेन की माता साहबनी साहिबा ने बनवाया था। पंचदेव उपासना पद्धति का यह मंदिर पंचायतन शैली में बनाया गया है। जिसकी परिक्रमा करते ही 4 मंदिर, तोरण द्वार, मंडप और गर्भगृह स्थापित है। मंदिर की परिक्रमा पर चार मंदिर स्थित है जिनमें पहला मंदिर सूर्य देव, दुसरा श्री गणेश, तीसरा मां त्रिपुरा सुंदरी व चौथा भगवान सत्यनारायण जी विराजमान हैं। मंदिर के पुजारी स्वामी सत सुंदरम ने बताया कि शिवरात्रि के समय मंदिर में अखंड जाप का आयोजन किया जाता है।

सावन मास में मंदिर में 16 जुलाई से 15 अगस्त तक अखंड जाप और भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इस आयोजन का प्रवेश 45वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

# बालीचौकी में खुला डॉक्टर लाल पैथलैब का कलेक्शन सेंटर

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में डॉक्टर लाल पैथलैब का कलेक्शन सेंटर खुल गया है। इस कलेक्शन सेंटर के खुल जाने से बालीचौकी क्षेत्र के लोगों को अब अधिकांश महत्वपूर्ण टेस्टों की जांच के लिए कुल्लू या मंडी नहीं जाना पड़ेगा।

सोमवार को इस कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डाक्टर निखिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर उनके साथ हिमाचल औषधि भंडार के प्रबंध निदेशक प्रवेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्शन सेंटर के प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस लैब के माध्यम से शुगर, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, किडनी फंक्शन, लिवर, खून के सभी प्रकार के टेस्ट, विटामिन बी12, विटामिन डी 25 हाइड्रोआक्सी इत्यादि हर प्रकरण के टेस्ट किए जाएंगे। लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर लाल पैथलैब के टेस्ट देश के जाने माने अस्पतालों में भी मान्य होंगे।(अनंत ज्ञान)



उद्घाटन करते मुख्यातिथि।

### हिमाचल किसान सभा ने पीलिया रोग पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने पीलिया रोग से जोगिंद्रनगर के तुल्लाह क्षेत्र के एक बच्चे की मृत्यु पर भी गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो पीलिया के इलाज के लिए जोगिंद्रनगर में पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

हर क्षेत्र में पीने के पानी के स्रोतों और पानी के भंडारण टैंकों के सैंपल लेकर जांच होनी चाहिए। कुशाल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार से यह भी मांग की है कि आईटीआई में पढ़ने वाले तुल्लाह क्षेत्र के जिस बच्चे की पीलिया से पीजीआई चंडीगढ़ में मृत्यु हुई है उसके परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

# रोपड़ी गाड़ गांव में बारिश से तबाही

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला मंडी के खंड कटौला के तहत आती ग्राम पंचायत शकरयार गाड़ के रोपड़ी गाड़ गांव में भारी बारिश ने भंयकर तबाही मचाई है। इस तबाही के कारण वाहन और सड़क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके साथ ही गांवों को जाने वाले रास्ते भी पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। इस वजह से ग्रामीण लोगों को लंबी दूरी तय कर आना-जाना पड़ रहा है ।

रोपड़ी गाड़ गांव के लोगों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से ग्रामीण रास्तों और सड़कों की मरम्मत तुरंत करवाने की मांग उठाई है, ताकि उन्हें बारिश के दौरान आने-जाने में हो रही परेशानी का सामना न करना पड़े।



रोपड़ी गाड़ गांव में भारी बारिश से मची तबाही के मंजर की मुंह बोलती तस्वीरें।

# एड्स के बचाव और नुकसान से किया जागरूक

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर आईटीआई में रेड रिबन क्लब ने किया जागरूक।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में सोमवार को प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स व एचआईवी के बचाव और उनसे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर एड्स व एचआईवी के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जिसमे कोपा ट्रेड से तन्वी व मनित, सविंग टेक्नोलॉजी से शब्बू, ड्रेस मेकिंग से तनु, आंचल व कोमल और एमएमबी से नमिश व फरमाईश ने भाग लिया। परिणामस्वरूप प्रथम स्थान तन्वी ट्रेड कोपा, द्वितीय स्थान शब्बू ट्रेड सविंग टेक्नोलॉजी व तृतीय स्थान नमिश ट्रेड एमएमबी ने हासिल करके राशि इनाम 300, 200, 100 रुपए प्राप्त किए व अन्य भागीदारों को सहानुभूति पुरस्कार दिए गए।

संस्थान के अनुदेशक व रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी लव जम्वाल के द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार घायल

**उमेश, सुंदरनगर।** धनोटू थाना के निकट बग्गी मार्ग पर गलत दिशा में जा रही तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक कर स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए यहां के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।



### कैंप में लोगों को कूल्हों के निर्माण और वाटर स्टोरेज टैंक की दी जानकारी



कैंप के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

परियोजना के कृषि प्रसार अधिकारी निशांत पराशर के द्वारा सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्य जैसे की कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम, के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया की पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफ कटर पर 50 प्रतिशत सबसिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा। इस कुहल के तहत 10.22 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। साथ ही उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मैकेनाइजेशन के अंतर्गत पावर टिलर, पावर वीडर, चाफ कटर, टूल किट बारे में लोगों को संपूर्ण जानकारी दी।

# गाड़ी में शराब बेचते आरोपी से 16 बोतलें शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना धनोटू के तहत गांव भौर में आरोपी के कब्जे से देसी शराब संतरा की अवैध रूप से बेच रहे 16 बोतलें बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना धनोटू की टीम गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान आरोपी देवी देवी दास पुत्र किनू राम गांव भौर डाकघर कनैड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी द्वारा गाड़ी नंबर एचपी-31बी-7593 के माध्यम से अवैध शराब बेचते हुए धर लिया गया। इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी की चेकिंग में गाड़ी से अवैध रूप में बेची जा रही 16 बोतलें बरामद की है।

पुलिस ने आरोपी से बरामद अवैध शराब को कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

### भूतपूर्व सैनिक लीग 26 को मनाएगी कारगिल दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कारगिल दिवस धूमधाम से मनाए जाने को लेकर एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट की विशेष बैठक यूनिट के उपाध्यक्ष कैप्टन हुकम चंद की अध्यक्षता में हुई। सर्वसहमति ने निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को सैनिक रेस्ट हाउस सरकाघाट के प्रांगण में कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। 26 जुलाई सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के बाद दो मिनट का मौन कारगिल युद्ध में हुए शहीद हुए जवानों के लिए रखा जाएगा। पूर्व सैनिक व वीर नारियों को आने वाली समस्याओं को सुना जाएगा।

# दुकानों के बाहर धर्म का नाम लिखने का निर्णय गलत : सन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



हिमाचल कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईपन्न ने अल्पसंख्यकों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को अपनी दुकानों के बाहर अपना नाम लिखना कि वह किस धर्म का है, सरासर गलत निर्णय था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सन्नी ईपन्न ने कहा कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपनी हिंदुत्व विचारधारा को थोपने का असफल प्रयास किया है। वह न केवल लोकतंत्र की हत्या बल्कि अल्पसंख्यक वर्ग के सैकड़ों गरीब दुकानदारों की आर्थिक हत्या का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार इतनी ही संवेदनशील है तो यूपी सरकार ने देश के बड़े बूचड़खानों को चलाने के लिए जो लाइसेंस दिए हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से रद्द कर देना चाहिए, क्योंकि इनको चलाने वाले अधिकतर हिंदू हैं। भारत के सबसे बड़े बीफ निर्यातक अरेबियन एक्सपोर्ट के मालिक सुनील कपूर हैं, इसलिए भाजपा राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए ओच्छी राजनीति करना बंद करे और संविधान का पालन करते हुए देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवित रखने के लिए अपनी कर्तव्य का पालन करे।

भाजपा के लोग धर्मांतरण के झूठे आरोप लगाकर ईसाइयों के घरों और चर्चों में तोड़-फोड़ कर झूठे आरोप लगाना बंद करे। आज तक मणिपुर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचार को नहीं रोका गया है।

**हैरत** बस स्टैंड में चरमराई सफाई व्यवस्था, तीन दफा सफाई सिर्फ नाम की

# नशेड़ियों ने बस अड्डे पर लगाए बोतलों के ढेर

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी जिला बस अड्डा में सफाई व्यवस्था इस कदर चरमराई है जहां देखो गंदगी ही गंदगी फैली है। हालांकि अड्डा प्रबंधन द्वारा हर पिलर के पास कूड़ेदान की व्यवस्था की गई है लेकिन बावजूद इसके भी हर जगह कूड़े के ढेर और इधर-उधर कूड़ा बिखरा पड़ा है।

बस अड्डा मंडी में दिन के तीन बार सफाई की जाती है ऐसा सफाई कर्मियों का कहना है लेकिन अनंत ज्ञान ने इस बात का पता लगाने के लिए लगातार एक हफ्ते से व्यवस्था का जायजा लिया, जिसमें पाया गया की जो सफाई कर्मी है वो अपना कार्य इमानदारी से नहीं कर रहे है। जब इस बारे में अड्डा प्रभारी पवन गुलेरिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि सफाई कर्मी पैसे कमाने के चक्कर में शौचालय के बाहर ही बैठे रहते है और सफाई व्यवस्था पर बिल्कूल भी ध्यान नहीं दे रहे है। बस अड्डा के प्रवेश द्वार के पास खड़ी बसों के पीछे बस की आड़ में नशेड़ियों ने बोतलों के ढेर लगा रखे है। साथ ही रात के समय यदि किसी ने बस की आड़ में शराब पी भी है तो सुबह सफाई के दौरान वहां से बोतलें क्यों नहीं उठाई गई यह भी एक बड़ा सवाल है।

बस स्टैंड में शौचालय की व्यवस्था होने के उपरांत भी यहां पर लोग मल त्याग रहे है जिनपर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। जबकि सुलभ इंटरनेशन कंपनी द्वारा बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था को सही रखने के लिए 4 सफाई कर्मी और एक सफाई निरीक्षक तैनात किया गया है, बावजूद उसके सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।(अनंत ज्ञान)



प्रवेश द्वार में बसों के पीछे का दृश्य।





> सफाई कर्मी सुबह से शाम तक 3 दफा सफाई करते है जिसमें सुबह 4 बजे से 6 बजे तक दूसरी 11:30 पर और शाम को 4 बजे से 7 बजे तक सफाई की जाती है साथ ही रोजाना पोछा लगाया जाता है और रविवार को फर्श पानी से धोया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता कम है लोग कूड़ेदान से बाहर ही कूड़ा फैंक देते है। जिसके कारण सफाई करने के बाद भी बस स्टैंड में कूड़ा रहता है।
>
> -अभय कुमार, सफाई निरीक्षक।

### लड़ाई झगड़ा करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, करसोग।** थाना करसोग की पुलिस ने घर में आकर मारपीट करने के आरोपों के तहत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में जितेंद्र शर्मा पत्नी श्री प्रेम कुमार गांव सबोट डाकघर ततापानी तहसील करसोग ने बताया कि गत दिवस वह अपने मकान के आंगन में क्यारियों में गुड़ाई कर रही थी तो उस समय आरोपित व उसकी पत्नी ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की।

आरोपित की पत्नी ने दराटी से वार भी किया है और पुरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लड़ाई झगड़े की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आगे कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का एफपीओ धर्मपुर को मिला न्योता

**रितेश, सरकाघाट**

किसान उत्पादक संघ-एफ़पीओ धर्मपुर को राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम द्वारा 15 अगस्त को दिल्ली में होने जा रहे समारोह में भाग लेने के लिए चयनित किया है। जिसकी जानकारी सोमवार को अंबेडकर भवन सजाओपीपलु में आयोजित साधारण सभा की बैठक में एफपीओ के सीईओ सत्तपाल सिंह चौहान ने दी।

एफपीओ की त्रैमासिक बैठक में पिछले तीन महीने में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और अगली कार्ययोजना तैयार की गई। एफपीओ के सचिव भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि एफपीओ धर्मपुर ने गत एक वर्ष में सबसे ज्यादा गतिविधियां आयोजित की हैं और सदस्यों को जोड़ा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि एफपीओ 7 अगस्त को शुगर निरोधक मिश्रित अनाजों का आटा तैयार कर उसे बिक्री के लिए एनसीडी द्वारा शिमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बैठक में विधिवत रूप जारी किया जाएगा। बैठक में करतार सिंह चौहान, युद्धवीर ठाकुर, रुप चन्द गुलेरिया, प्रेम सिंह, रमेश पालसरा आदि ने भाग लिया।(अनंत ज्ञान)



चर्चा करते हुए सभा के सदस्य।

# शिव भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

## सावन के पहले सोमवार शिव भक्तों ने मंदिरों में की विशेष पूजा, कलाकारों ने महादेव की महिमा का किया गुणगान

**राजेश शर्मा, ऊना**

सावन माह के पहले सोमवार को जिले के सैकड़ों शिव मंदिरों में सावन महीने के पहले सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई और जलाभिषेक करके सावन महीने का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर भंडारे भी लगाए गए।

जिले के प्राचीन सदाशिव धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा, महादेव मंदिर कोटला कलां में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। सदाशिव धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में रविवार देर रात को भी मंदिर ट्रस्ट की ओर से पहुंचे हुए हजारों श्रद्धालुओं के लिए भजन कीर्तन का इंतजाम किया गया था। नामी कलाकारों द्वारा महादेव की महिमा का गुणगान किया जा रहा था। देर रात तक श्रद्धालु महादेव की महिमा में डूबे हुए थे। सुबह ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद माथा टेकने वालों की कतारें लगनी शुरु हो गई थी। सोमवार देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवन पिंडी के दर्शन करके जलाभिषेक किया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान प्रवीण शर्मा ने बताया की मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्था भी की गई थी।

जिला मुख्यालय महादेव मंदिर में भी सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होनी शुरु हो गई थी। सैकड़ों की संख्या में यहां सेवक भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जुटे हुए थे। इसके अलावा महादेव मंदिर कोटला कलां और बनोड़े महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। मंदिर में सुबह से ही भीड़ लगी हुई थी और शाम होते-होते कतारें लंबी हो गई। कोटला कलां शिव मंदिर में स्वामी मंगलानंद महाराज की ओर से शिव महापुराण की कथा भी कराई जा रही है। श्रद्धालु उस कथा का श्रवण भी कर रहे हैं। जिले में सोमवार को शिवमय माहौल हर जगह देखने को मिला। गगरेट के शिवबाड़ी मंदिर में भी हजारों की संख्या में दूर दराज और अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। यहां भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए गए थे। (अनंत ज्ञान)



ऊना के कोटला कलां महादेव मंदिर की पावन पिंडी पर जलाभिषेक करते शिवभक्त।



सावन माह के प्रथम सोमवार को पावन पिंडी पर जलाभिषेक करते पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर।

### डेरा रुद्रानंद आश्रम में शिवार्चन रुद्राभिषेक पूजन शुरू

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में सावन माह में शिवार्चन रुद्राभिषेक पूजन शुरू हो गया है, जो कि पूरे सावन मास में चलेगा। डेरा के प्रसिद्ध विद्वान शास्त्री सतपाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डेरा के महाराज परमश्रद्धेय 1008 श्री सुग्रीवानंद की प्रेरणा जनकल्याण हेतु इस शिवार्चन रुद्राभिषेक शिवपूजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सावन माह शुरू होते ही डेरा में श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल है और काफी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद अमलेहड़ पहुंच रहे हैं। सावन माह का पहला सोमवार होने के कारण डेरा अमलहड़ में काफी लोगों ने शीश नवाया।

## शिवभक्तों ने लिया भोले का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** भगवान शिव के प्रिय पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को शिव भक्ति का ऐसा रंग चढ़ा कि उपमंडल गगरेट का हर कस्बा व गांव शिवमय हो गया। सोमवार पौ फटने से पहले ही उपमंडल गगरेट के तमाम शिवालय बम-बम भोले के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठे। सुबह का स्नान करने के बाद लोगों में भगवान शिव की आराधना के साथ पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक करने की ऐसी होड़ मची कि तमाम शिवालयों में तिल धरने तक की जगह नहीं बची। प्राचीन द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में शिव भक्तों का ऐसा हजूम उमड़ा कि पलक झपकते ही शिवालय के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। शिव भक्तों के पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक कर फलाहार कर अपने ईष्टदेव का आशीर्वाद पाने का प्रयास किया। सावन माह का शिव आराधना के लिए विशेष महत्व है। मान्यता है कि सावन माह में शिव आराधना का विशेष फल मिलता है और इस माह शिव की आराधना करने से भगवान शिव जल्द प्रसन्न हो जाते हैं और उनसे जो मांगों वह मिलता है। सावन माह का पहला सोमवार होने के चलते शिव भक्तों में खूब उत्साह देखने को मिला।

## श्रावण मास के पहले सोमवार को बंगाणा में लगाया खीर का भंडारा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जमासनी माता मंदिर में कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूजा-अर्चना और हवन किया। पूर्व विधायक ने कहा कि वह पूरे कुटलैहड़ को अपना परिवार मानते हैं। इसलिए इस पवित्र दिन को हम अपने परिवार जनों के साथ भगवान भोलेनाथ के दरबार में पूरे कुटलैहड़ की सुख-शांति और समृद्धि हेतु प्रार्थना की।

इसके बाद पूर्व विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं और मंडल पदाधिकारियों के साथ बंगाणा चौक पर प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण भी किया। आते जाते राहगीर भी खीर का प्रसाद लेने में काफी उत्सुक दिखे, जिसके कारण बंगाणा चौक पर कुछ समय तक जाम की स्थिति बनी रही। बंगाणा के बाद

### पूर्व विधायक भुट्टो ने जमासनी में किया हवन

पूर्व विधायक ने डोहगी में लगे मनरेगा कर्मियों के बीच भी खीर का वितरण किया। जनता की सेवा करते समय पूर्व विधायक भुट्टो के चेहरे पर एक संतोष और प्रसन्नता का भाव देखा गया। पूर्व विधायक ने बताया सनातन धर्म से जुड़े सभी त्योहार को मनाने और जन सेवा का यह काम सतत चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, प्रदेश सचिव एससी मोर्चा सूरम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व प्रधान संजीव, प्रधान रघुवीर सिंह, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, उपप्रधान भूषण शर्मा, भाई पिंटू, जीत कुमार, कमल सांगर, सतीश धीमान, पंकज शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पटवारी 25 से छोड़ेंगे अतिरिक्त कार्यभार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो का संवर्ग जिला कैडर से बदल कर प्रदेश कैडर करने पर प्रदेश सरकार के साथ उपजा गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। स्टेट कैडर का पुरजोर विरोध करने के बावजूद अभी तक प्रदेश सरकार ने इस संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया है। इसी बीच हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ का रुख भी सख्त होता जा रहा है। पहले ही आनलाइन कार्य बंद कर चुके पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने पच्चीस जुलाई तक कोई निर्णय न आने की सूरत में विभिन्न पटवार सर्कल का अतिरिक्त कार्यभार छोड़ने की चेतावनी दे डाली है। महासंघ ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर चेताया है कि अगर शीघ्र कोई निर्णय न आया तो पटवारी एवं कानूनगो सभी प्रकार के कार्य बंद करने का कठोर निर्णय भी ले सकते हैं। राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो का पहले जिला कैडर था, जिसे वर्तमान सरकार ने बदलकर अब स्टेट कैडर कर दिया है। यानी अब पटवारी एवं कानूनगो का प्रदेश के किसी भी क्षेत्र या जिले में तबादला हो सकता है। हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ सरकार के इस निर्णय का विरोध कर रहा है। तर्क यह दिया जा रहा है कि इससे राजस्व कार्यों में भारी राजनीतिक दखल होगा और तबादले का डर दिखाकर कुछ लोग सत्ता के प्रभाव से गलत कार्य करवाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने शीघ्र जिला कैडर को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया तो पटवारी एवं कानूनगो हर प्रकार के कार्य बंद करने का कठोर निर्णय लेने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### रेलवे पुल के नीचे पानी में से गुजर रहे वाहन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना से बसाल वाया टक्का मार्ग पर रेलवे पुल के नीचे से होकर वाहन गुजरते हैं, लेकिन पुल बनाए जाने के बाद यहां बरसाती पानी की निकासी का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया। अब मामूली बरसात पर भी इस पुल के नीचे से होकर गुजरना कठिन चुनौती है।

### स्वास्थ्य टीम ने 75 लोगों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, हरोली।** सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गांव और पंचायत ललड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 75 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 20 लोगों के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप के 6 शुगर के 8 जोड़ों के दर्द के 26 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निशुल्क की गई। इस मौके पर आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांववासी मौजूद रहे।



### बिजली बिल जमा न होने पर कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के तहत आते सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है की वह अपना जुलाई महीने का बिजली का बिल 27 जुलाई से पहले पहले जमा करवा दे 27 जुलाई तक बिजली बिल जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विभागीय प्रक्रिया के तहत बिना पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे। यह जानकारी विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभिनता ई. सुरेश कुमार ने दी । उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## नानक चंद को प्रधान और गुरभजन को चुना उपप्रधान



पीडब्ल्यूडी मल्टी टास्क वर्कर्स जिला ऊना की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

पीडब्ल्यूडी मल्टी टास्क वर्कर्स जिला ऊना की कार्यकारिणी का गठन रविवार को किया गया, जिसमें जिला ऊना के नानक चंद को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया, जबकि गुरभजन सिंह को उपप्रधान बनाया गया। शुभम सिंह को महासचिव बनाया गया।

मुख्य सलाहकार राम किशोर, सलाहकार विपन कुमार, महेश चंद को वित्त सचिव, राजवीर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया और राजिंदर शर्मा को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी दी गई। अन्य सभी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिला कार्यकारिणी का गठन करने के उपरांत मल्टी टास्क वर्कर्स (पीडब्ल्यूडी) संगठन ने सरकार से

### मल्टी टास्क वर्कर्स की नई कार्यकारिणी गठित

उन्हें न्यूनतम वेतन देने का आग्रह किया है। इन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनकी अनदेखी कर रही है तथा सरकारी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

यूनियन का कहना है कि मल्टी टास्क वर्कर्स को बीपीएल से भी वंचित कर दिया गया है तथा कम वेतन में उन्हें घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। यूनियन का कहना है कि इन्हें पूरे आठ घंटे काम करना पड़ता है तथा इन्हें अवकाश का भी प्रावधान नहीं है। यूनियन ने सरकार से न्यूनतम वेतन देने का आग्रह किया है ताकि इनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

## इस महीने कर चोरी मामलों में वसूले साढ़े पांच लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग ऊना ने जुलाई माह के दौरान विभागीय नाका गगरेट में चार और पंडोगा में 40 कर चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 5,48,510 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए हैं। यह जानकारी देते हुए राज्य कर व आबकारी विभाग ऊना के उप आयुक्त विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि विभागीय नाका गगरेट में विशेष चैकिंग के दौरान चार मामले बिना बिल के विभिन्न प्रकार के सामान के पाए गए जिन पर जीएसटी अधिनियम की उल्लंघना करने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गगरेट में पकडे गए चार मामलों में तीन मामले स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों के शामिल हैं। इन मामलों पर कार्रवाई करते हुए 77,420 रुपए का अर्थदंड लगाया जोकि मौके पर वसूला गया। इसके अतिरिक्त विशेष चेकंग अभियान के तहत पंडोगा में 40 मामलों में 4,71,090 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए। उन्होंने बताया कि जीएसटी अधिनियम की धारा 30 के तहत 200 रुपए से अधिक मूल्य की वस्तुओं की बिक्री पर बिल जारी करना अनिवार्य है।

## यूपी के 'पहचान मॉडल' को पूरे देश में लागू करना चाहिए : यति सत्यदेवानंद

### कहा, जो पीएम मोदी नहीं कर सके, सीएम योगी ने करके दिखाया

**राजेश ठाकुर , बंगाणा**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा रूट पर खाने-पीने की सभी दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का जो आदेश जारी किया था, उसे अब पूरे राज्य में लागू कर दिया गया है। दुकानदार की पहचान का यह मॉडल पिछले वर्षों में हुए टकराव के बाद लागू किया गया है। इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए। हर साल कांवड़ यात्रा को उपद्रवियों और जिहादी ताकतों द्वारा बाधित किया जाता था। यह बात कहते हुए यति सत्यदेवानंद सरस्वती ने कहा कि जो कार्य पीएम मोदी न कर पाए, उसे सीएम योगी ने करके दिखा दिया है।

इस निर्देश का उद्देश्य धार्मिक यात्रा के दौरान भ्रम से बचना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिहादियों का दोगलापन अब सामने आने लगा है। जब जिहाद को पोषित करने के लिए मुस्लिम संगठनों ने हलाल सर्टिफिकेट को पूरी दुनिया पर थोप दिया, तो हिंदू व्यापारियों को मुसलमान देशों में सामान निर्यात करने के लिए इस्लामिक ताकतों को पैसा देकर हलाल सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। भारत के मुसलमानों ने भी हलाल का निशान देखकर सामान खरीदना शुरू कर दिया है। यदि इस्लामिक ताकतों को खुद के लिए 'हलाल' सिस्टम चाहिए, तो कांवड़ रूट या पूरे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में शुरू हो रहे 'पहचान' सिस्टम से परेशानी का कारण क्या है। हिमाचल सरकार को भी इन नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इसके लिए जल्द ही हम मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन भेजेंगे। (अनंत ज्ञान)

## ट्रेन की चपेट में आया वृद्ध, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना के समीप बारसड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान गरीब दास पुत्र वीरू राम निवासी रक्कड़ डाकघर जलग्रां टब्बा जिला ऊना के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गरीब दास निवासी रक्कड़ रविवार दोपहर को बारसड़ा में रेलवे पुल से गुजर रहा था। इसी दौरान गरीब दास ट्रेन की चपेट में आने से गरीब दास पुल से नीचे जा गिरा। हादसे में गरीब दास की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रेन अपने समय पर गुजर रही थी। रेलवे चौकी ऊना इंचार्ज एसआई अजय ऐरी ने बताया कि मामले को लेकर परिजनों को सूचित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक की मौत मामले में लोगों का गोंदपुर जयचंद में प्रदर्शन



गोंदपुर जयचंद में रोड पर बैठकर धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में एक महीना पहले हुई युवक की मौत मामले में ग्रामीणों ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए हैं। युवक का शव पेड़ से लटका मिला था, जबकि परिजन और ग्रामीण उसे आत्महत्या मानने को तैयार नहीं हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ गोंदपुर जयचंद में रोड जाम करके रोष प्रदर्शन किया। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया। सोमवार को उपमुख्यमंत्री के गांव गोंदपुर जयचंद में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया और विरोध स्वरूप रोड़ जाम भी किया। प्रदर्शन के सूत्रधार महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा का साफ कहना था कि बच्चे को इंसाफ दिलाने के लिए दिन-रात परिवार के साथ खड़े हैं। मौके पर एएसपी सुरिंदर शर्मा पहुंचे और परिवार को निष्पक्ष जांच करने का भरोसा दिलाया उसके बाद एएसपी स्पॉट पर भी गए और यहां पर लड़का पेड़ से लटका मिला था। एएसपी का कहना है कि मुझे एक हफ्ता दें में जो भी तथ्य सामने आते हैं, आपको बता दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## डीसी ने सराहा संतोषगढ़ युवा मंडल का पौधरोपण कार्यक्रम, 451वां पौधा रोपा

### बोले, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया जाना बेहद जरूरी

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

डीसी जतिन लाल ने संतोषगढ़ युवा मंडल की ओर से 1000 पौधों को रोपित करने की कड़ी में सोमवार को संतोषगढ़ खेल मैदान में पहुंच कर 451वां पौधा रोपित किया।

सोमवार को नगर परिषद के स्वर्गीय. वीरेंद्र गौतम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पौधरोपण कार्यक्रम में उन्होंने स्वयं पांच पौधे रोपित किए। इस दौरान नगर परिषद के उपाध्यक्ष रजनीश चब्बा व युवा मंडल के सदस्य मौजूद रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने पौधरोपण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि संतोषगढ़ के युवाओं ने एक हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। ईको फ्रेंडली क्लब के पदाधिकारी अश्वनी सैनी ने उपायुक्त के समक्ष खेल मैदान की टूटी पड़ी चार दीवारी को मरम्मत किए जाने की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने मरम्मत कार्य का एस्टीमेट लगवाने के उपरांत कार्य भी करवाने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर युवाओं ने नए बस अड्डे में लाइट लगाने की मांग की। उपायुक्त ने दोनों समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।






**पौधरोपण** पर्यावरण संरक्षण को लेकर ऊना जिला प्रशासन की प्रेरणात्मक पहल

# लोगों को बांटे 1100 पौधे, डीसी-एडीसी ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक प्रेरणात्मक पहल करते हुए सोमवार को लोगों के लिए निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त जतिन लाल ने स्थानीय लोगों समेत विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों को पौधे वितरित किए।

कार्यक्रम में सिट्रस प्रजाति के 1100 पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपायुक्त जतिन लाल और अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उपायुक्त ने ताड़ प्रजाति का पौधा रोपा, वहीं अतिरिक्त उपायुक्त ने गोल्डन स्प्रूस का पौधा लगाया।

बता दें, वन महोत्सव के कार्यक्रमों की शृंखला में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ऊना ने वन विभाग के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस मौके पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छा भविष्य अच्छे पर्यावरण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाव, मौसम की प्रतिकूलता से सुरक्षा और स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना है। इसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।

उपायुक्त ने अच्छे भविष्य के लिए पौधे लगाने तथा उन्हें बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं, अपने आसपास के परिवेश को हरा-भरा बनाएं और पर्यावरण के संरक्षण में अपना दायित्व निभाएं। इस अवसर पर डीएफओ सुशील कुमार, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव तथा क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान, डीएफएससी राजीव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





उपायुक्त कार्यालय परिसर के समीप पौधरोपण करते डीसी जतिन लाल और एक बच्ची को पौधा वितरित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाहु सर की साफ-सफाई कर किया सौंदर्यीकरण



**शीला कौल, बंजार।** उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत बाहु के धार्मिक स्थल बाहु सर की साफ-सफाई के लिए ग्रामीणों संग पंचायत प्रतिनिधि सेवा संघ बाहु के सदस्यों द्वारा बाहु सर (झील) की साफ-सफाई की गई। इस कार्य में प्रधान ग्राम पंचायत बाहु चंद्रावती राणा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत बंजार कुंज लाल राणा, सेवा संघ बाहु के अध्यक्ष देश राज नेगी और सेवा संघ के सदस्य की अगुवाई में लक्ष्मी नारायण महिला मंडल भूमियां ने बाहु सर झील के आसपास सफाई अभियान चलाकर झील के चारों ओर फूल लगाकर सौंदर्यीकरण किया। पंचायत बाहु की प्रधान चंद्रावती राणा ने इस सराहनीय कार्य के लिए महिला मंडल को पुरस्कृत करने की बात करते हुए कहा कि भविष्य में बाहु के सभी महिला मंडलों के सहयोग से सफाई अभियान, जन जागरण और पौधरोपण जैसे कार्य होते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जिला स्तरीय गेम्स में भुंतर स्कूल का सराहनीय प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर के खिलाड़ियों ने अंडर-19 जिला स्तरीय मेजर गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सोमवार को स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीप्ति पॉल ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर कुल 47 मेडल हासिल किए हैं। विजेता खिलाड़ियों को मेडल के साथ सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। जिला स्तर पर ताइक्वांडो, जूडो में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अध्यापकों के प्रशिक्षण और विद्यार्थियों की मेहनत से ही यह संभव हो पाया है। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान भानु भंडारी, कोच धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को वाहन किया भेंट



**कुल्लू।** डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने बताया कि आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू को एक स्कॉर्पियो वाहन भेंट किया। इससे कुल्लू जिले के लोगों को आपदा के समय अधिक सुरक्षा और सहायता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आपदा से निपटने, प्रतिबंधित करने और संभालने की क्षमता बढ़ेगी। आईसीआईसीआई फाउंडेशन की यह पहल सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में अहम कड़ी साबित होगी। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चेयरमैन एवं डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश को आईसीआईसीआई बैंक शाखा कुल्लू के रिलेशनशिप प्रबंधक पीयूष ने वाहन की चाबियां व कागजात भेंट किए। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक और वाहन भी फाउंडेशन के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। डीसी ने आईसीआईसीआई प्रबंधन का जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को वाहन उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी भी उपस्थित थे।

### योजना के तहत रेनबो फिश फार्म खोलकर बने आत्मनिर्भर, आर्थिकी को कर रहे मजबूत, साल में 15 से 20 क्विंटल ट्राउट फिश का करते हैं उत्पादन

# प्रदेश सरकार की मत्स्य योजना ने बदली दौलत राम की तकदीर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए हुनर आधारित नई-नई योजनाएं शुरू की हैं।

वहीं, अब बेरोजगार युवा भी प्रशिक्षण और अनुदान योजनाओं की सहायता से नए तकनीकी कार्यों में अपनी दक्षता हासिल कर स्वावलंबन के साथ-साथ अपने परिवार का पालन पोषण कर आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ रहे हैं। लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई योजनाओं का संचालन कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार की फिश फार्म बनाने और इसके संचालन को लेकर चलाई जा रही योजना ने कुल्लू के दौलत राम की तकदीर बदल दी है। दौलत राम ने मत्स्य पालन विभाग के माध्यम से रेनबो फिश फार्म बड़ाग्राम में मत्स्य पालन का अपना कारोबार सफलतापूर्वक स्थापित किया है। रेनबो फिश फार्म बड़ाग्राम, जो कि जिला मुख्यालय कुल्लू से लगभग 3.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दौलत राम बताते हैं कि उन्होंने फिश फार्म बनाने के लिए अनुदान सहायता मत्स्य पालन विभाग के पतलीकूहल केंद्र के माध्यम से हासिल की तथा यहां गांव में अपना फिश फार्म बनाया।



बड़ाग्राम के दौलत राम अपने फिश फार्म में कार्य करते हुए।

इसके लिए उन्हें विभाग की ओर से तकनीकी सहायता भी प्रदान की गई। दौलत राम बताते हैं कि वह पिछले 6-7 वर्ष से मत्स्य पालन का कार्य सफलतापूर्वक कर रहे हैं, अब उन्होंने यहां पर हैचरी का कार्य भी शुरू कर दिया है। वह एक वर्ष में 15 से 20 क्विंटल ट्राउट फिश का उत्पादन करते हैं, जो कि साढ़े 5 सौ रुपए प्रति किलो की औसत दर से बिकती है। इस कारोबार से उनके परिवार का सालभर का घर का खर्च निकल जाता है। (अनंत ज्ञान)

#### पतलीकूहल केंद्र से ट्रेनिंग की प्राप्त



मत्स्य विभाग के पतलीकूहल केंद्र से एक सप्ताह की ट्रेनिंग भी प्राप्त की है। विभाग के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण में सिखाया गया कि मछली पालन किस तरह से शुरू किया जाए और मछली की उचित रूप से देखभाल किस तरह की जाए। इन जरूरी बातों को सीखने के पश्चात ही हैचरी निकाली तथा इसका कार्य भी उन्हें सिखाया गया, अब वह स्वयं ही हैचरी के कार्य के लिए ट्राउट फिश का सीड पैदा करते हैं। सीड बेचने से भी हमारी अतिरिक्त आय हो रही है। सरकार ने यह स्कीम तथा प्रशिक्षण एवं अनुदान की सुविधा प्रदान की है, जिससे अच्छी आय अर्जित हो रही है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# श्रीखंड महादेव के दर्शनों का विशेष महत्व

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सावन का पहला सोमवार है और पहले सोमवार को दुनिया की कठिनतम, जोखिम भरी धार्मिक, लेकिन रोमांचक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव के दर्शनों को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

सावन के पहले सोमवार को श्रीखंड महादेव के दर्शनों का विशेष महत्व है और श्रीखंड महादेव यात्रा का 35 किलोमीटर लंबा दुर्गम रास्ता सावन के महीने में बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। निरमंड के दशनामी जूना अखाड़े की छड़ी भी श्रीखंड के दर्शनों को रविवार को ही पहुंच गई थी। बरसों से चली आ रही श्रीखंड महादेव यात्रा अब ट्रस्ट के अधीन है और यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए ट्रस्ट ने पूरी यात्रा को पांच पड़ावों में बांट रखा है। पहला पड़ाव बेसकैंप सिंहगाड है, जहां यात्रियों का मेडिकल चेकअप और पंजीकरण किए जाने के बाद यात्रा पर भेजा जाता है। इसके ब्याड थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी व पार्वतीबाग में पड़ाव बनाए गए हैं। ट्रस्ट की ओर से स्थापित पांचों पड़ावों पर पुलिस, होमगार्ड के जवान, रेसक्यू टीमें और मेडिकल स्टाफ तैनात किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी भी परेशानी में तुरंत राहत पहुंच सके। वहीं, रास्तों में जगह-जगह मुफ्त लंगर लगे हैं, टेंट में ठहरने, खाने आदि की व्यवस्था है। श्रीखंड की चोटी से पहले एक सुंदरघाटी है पार्वतीबाग, जहां कई दुर्लभ फूल, पौधे और जड़ी बूटियां हैं। जहां पहुंचने के बाद रात के समय यहां कई प्रकार की जड़ी बुटियां चमक उठती हैं। फूलों की बगिया है, जहां फूलों की खूशबू सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है। रास्ते में कई तरह की जड़ी बुटियां हैं, जबकि आसपास का नजारा बेहद ही मनोरम है। मानों स्वर्ग पहुंच गए हों। (अनंत ज्ञान)



सावन के पहले सोमवार को श्रीखंड महादेव यात्रा पर जाते श्रद्धालु।

#### भस्मासुर ने की थी तपस्या

**एक** दंतकथा के अनुसार, भस्मासुर राक्षस ने यहां तपस्या की और भगवान शिव से वरदान मांगा, जो उनपर ही भारी पड़ा। शिव भोले को जान बचाते भागते फिरते देख राक्षस के डर से माता पार्वती यहां रो पड़ी। कहते हैं कि उनके आंसुओं से यहां नयन सरोवर का निर्माण हुआ, जिसकी एक-एक धार यहां से पच्चीस किमी नीचे भगवान शिव की गुफा निरमंड के समीप देव ढांक तक गिरती हैं।

#### पांडवों ने काटा था कुछ समय

**एक** कथा के अनुसार, जब पांडवों को तेरह वर्ष का वनवास हुआ था। उसका कुछ समय उन्होंने यहां बिताया था। यहां भीम के स्थापित बड़े-बड़े पत्थर आज भी मौजूद हैं। उन्होंने यहां एक राक्षस को मारा था, जो यहां आने वाले भक्तों को मार खाता था। राक्षस का रक्त जब जमीन पर पड़ा, तो उस जगह की जमीन का रंग लाल हो गया था, यह जगह आज भी लाल है।

#### सैकड़ों लोगों को रोजगार हो रहा उपलब्ध

**बेसकैंप** सिंहगाड में कई तरह की दुकानें सजी हैं, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, पूजा का सामान, लाठी, छाते, हार, मालाएं, ब्रेसलेट के अलावा स्थानीय ताजे सेब भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। श्रीखंड के रास्ते में पार्वतीबाग, भीमडवारी, नैनसरोवर, भीमबही, थाचड़ू, बराहटीनाला, डंडाधार सहित अनगिनित मनोरम स्थल हैं, जिन्हें देखने के बाद यात्रि यहां से वापस जाने की सोचता तक नहीं हैं।

#### तीन दिन में गए 3424 यात्री

**आनी।** 14 जुलाई से शुरू हुई श्रीखंड महादेव यात्रा के शुरू होने के अब तक 9 दिनों में 7274 यात्री श्रीखंड यात्रा पर रवाना हो चुके हैं। नौंवे दिन बेसकैंप सिंहगाड में 376 पंजीकृत यात्रियों को श्रीखंड यात्रा पर रवाना किया गया, जिनमें 366 पुरुष और 10 महिला यात्री शामिल हैं।

### रक्तदान के लिए आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**कुल्लू।** सहभागिता टीम के सदस्यों द्वारा एक रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम राजकीय (छात्र) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले टीम सहभागिता के सदस्य क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के रक्त केंद्र में डॉ. वीर सिंह से मिले और उनसे रक्तदान के बारे में जानकारी ली। डॉ. वीर सिंह ने टीम को रक्तदान करने की योग्यता एवं फायदों के बारे में बताया। उसके बाद टीम के सदस्य स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के लिए पहुंचे। प्रधानाचार्य प्रकाश ने टीम सहभागिता के कार्यों की सराहना की और स्कूली छात्रों को रक्तदान के महत्व बताने के लिए आभार जताया। इस कार्यक्रम के दौरान टीम सहभागिता की तरफ से इशू, आरती, सोनिया, धीरज, सृष्टि एवं दीपक तथा विद्यालय स्टाफ से श्याम, सुंदर एवं असीम राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## ढालपुर में लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सोशल वेलफेयर एसोसिएशन फार आउटर सराज पीपल संस्था की ओर से सावन माह के पहले सोमवार को कुल्लू के ढालपुर कॉलेज गेट के पास खीर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 12 बजे पहले एसोसिएशन की ओर से भगवान शिव के मंदिर में खीर का प्रसाद चढ़ाया उसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर इसका शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बाजार की जनता सहित क्षेत्रवासियों ने इस खीर भंडारे का लुत्फ उठाया। साथ ही आयोजकों द्वारा राह से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित उसमें बैठे लोगों को भी खीर वितरित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि एसोसिएशन वेलफेयर के कार्य के साथ-साथ धार्मिक कार्य भी करती आई है। इसमें रक्तदान करना, आग से प्रभावित परिवारों की सहायता करना, बीमार व्यक्ति की आर्थिक मदद करना यह एसोसिएशन अभी तक कार्य कर चुकी है। सावन के पहले सोमवार को खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसोसिएशन की ओर से सभी सदस्यों व गैर सदस्यों का इस आयोजन में सहयोग देने के लिए आभार जताया है।



सावन माह के पहले सोमवार को ढालपुर कॉलेज गेट के पास खीर का प्रसाद बांटते हुएलोग।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में भावना रही प्रथम



**भुंतर।** राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला भुंतर में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अंतर्गत विद्यालय परिसर में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में जमा दो विज्ञान संकाय की छात्रा भावना ने प्रथम स्थान हासिल कर 1000 का नकद पुरस्कार जीता, जबकि जमा दो विज्ञान संकाय की छात्रा वारीका ठाकुर ने द्वितीय स्थान हासिल कर 750 रुपए का नकद इनाम हासिल किया और जमा दो विज्ञान संकाय की छात्रा कृतिका ने तृतीय स्थान हासिल कर 500 रुपए की नकद ईनामी राशि का इनाम प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य दीप्ति पाल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली तीनों छात्राओं को अपने ओर स्कूल प्रशासन की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर ठाकुर, विशाल, कश्मीर शर्मा लेखराज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## सरकार ने अतिरिक्त टैक्स लगाकर पर्यटन व्यवसाय को किया चौपट : गोविंद



कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों के वाहनों पर अतिरिक्त टैक्स लगाकर प्रदेश के पर्यटन को खत्म कर दिया है।

सोमवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 2023 में प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले व्यवसायिक वाहनों, जिनके पास ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट होने के बावजूद अतिरिक्त टैक्स लगा दिया, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न वाहनों से 3000, 4000 पर 5000 टैक्स लिया, जिसके चलते बाहरी राज्यों के टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर्स ने हिमाचल की बुकिंग लेना बंद कर दिया और इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के लिए टूरिस्ट भेजना शुरू किया, जिसके चलते हिमाचल के पर्यटन कारोबार को भारी नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार ने वन नेशन वन टैक्स देने के बावजूद हिमाचल की सरकार ने अतिरिक्त टैक्स लगाकर पर्यटन व्यवसाय को चौपट किया है। केंद्र सरकार की तरफ से राज्य सरकारों को पत्र लिखकर यह कहा गया कि ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट के बाद राज्य में अतिरिक्त टैक्स नहीं लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद प्रदेश सरकार के कानों में जून तक नहीं रेंगी। यह सरकार आम जनमानस अपने परिश्रम से कमाई करती है।

सरकार उसको रोकने का काम कर रही है। सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी बनाई है। कैबिनेट सब कमेटी के स्टेटमेंट आई है कि हिमाचल में पिछली भाजपा सरकार के समय में प्रदेश में जो 5000 होमस्टे हैं, उनके पानी और बिजली को कमर्शियल करने का निर्णय लिया है। सरकार होमस्टे रजिस्ट्रेशन की राशि भी तीन गुना बढ़ा रही है। प्रदेश सरकार होमस्टे से स्वरोजगार चलने वाले लोगों के साथ कुठाराघात कर रही है। हिमाचल में होमस्टे से नौजवान रोजगार चला रहे हैं और अपने पैरों पर खड़ा होने का कार्य कर रहे हैं, ऐसे में जब प्रदेश में रोजगार प्राप्त होगा, तो युवा बेरोजगार हो जाएगा। ऐसे में सरकार को जन कल्याणकारी योजना में फीस बढ़ोतरी और पानी और बिजली के कर्मशलाइज्ड बिलों की बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए। गोविंद ने कहा कि प्रदेश सरकार भेदभाव वाली राजनीति कर रही है।

### सड़कों पर बेतरतीब पार्क की गई गाड़ियों पर पुलिस की कार्रवाई

# दो दर्जन गाड़ियों का किया चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल परिसर के साथ लगते सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों का पुलिस ने चालान कर वाहन चालकों को अच्छा सबक सिखाया।

सोमवार को जिला मुख्यालय के साथ लगते क्षेत्रीय अस्पताल के आसपास स्थित सड़कों के दोनों ओर बेतरतीब पार्क किए गए वाहनों के कारण हो रही समस्या के चलते पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने वाहन चालकों की मनमानी और लापरवाही पर नकेल कसने के लिए दर्जनों गाड़ियों का चालान कर दिया। इस दौरान पुलिस विभाग के दल ने सड़क के दोनों छोरों पर स्थित छोटे-बड़े वाहनों सहित बाइक और स्कूटर का भी चालान किया। हैरानी की बात है कि ढालपुर में स्थित कोर्ट परिसर से लेकर कुल्लू कॉलेज के बीच में सड़कों के दोनों छोरों पर या तो बेतरतीब तरीके से वाहनों को पार्क किया जाता है या फिर कभी-कभी रेहड़ी-फड़ी चलाकर गुजारा करने वाले लोग इन सड़कों के किनारों को अपने अस्थायी कारोबार के लिए इस्तेमाल कर गुजारा करते हैं। हांलाकि इस दौरान पुलिस कर्मचारियों के द्वारा चालान करते हुए देख कुछ वाहन चालक उल्टे पांव लौट गए। क्षेत्रीय अस्पताल नजदीक होने के कारण बहुत से लोग अस्पताल में इलाज करवाने के लिए और जांच के लिए अस्पताल का रूख करते हैं। बेहरहाल कुल्लू पुलिस समय-समय पर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करते रहते हैं।



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के समीप बेतरतीब पार्क गाड़ियों का चालान करते पुलिस कर्मचारी।

# सूत्रधार संस्था विभिन्न क्षेत्रों में कर रही सराहनीय कार्य : संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हर वर्ष की भांति इस बार भी सूत्रधार कला संगम की ओर से 19वां सूत्रधार गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित देवसदन में आयोजित हुए गुरु पूर्णिमा महोत्सव में पशुपालन विभाग पैरावैट के प्रदेश अध्यक्ष व अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में सूत्रधार संस्था के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। इस दौरान सूत्रधार कला संगम संस्था के प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि गुरु पूर्णिमा जो ऋषि वेद ब्यास को समर्पित गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन, संरक्षक मंडल सदस्य राजेंद्र सूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिंद्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



19वें गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान संस्था के प्रशिक्षु अपने गुरु को सम्मानित करते हुए।

**परेशानी** — सुल्तानपुर के वार्ड नंबर-चार में सीवरेज के ढक्कन से बाहर बह रहा मल मूत्र युक्त गंदा पानी

# तीन दिन से सीवरेज की लीकेज से जनता परेशान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

सुल्तानपुर के वार्ड नंबर-चार में तीन दिन से हो रही लगातार सीवरेज की लीकेज से जहां सुल्तानपुरवासी परेशान हैं।

वहीं, दूसरी तरफ इन रास्तों से गुजर रहे लोगों को बदबू और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। पिछले 3 दिन से सुल्तानपुर रास्ते में स्थित हनुमान मंदिर के साथ लगती एक दुकान के ठीक सामने से लगातार बदबूदार और मलमूत्र युक्त गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, जो कि हरेक आने-जाने वाले के लिए समस्या बन चुका है। पिछले 3 दिन से सुल्तानपुर वार्ड नंबर-4 के सीवरेज चैंबर को विभाग के कर्मचारियों के द्वारा खोदा जा रहा है और एक चैंबर जोकि एक होटल के नजदीक है उसको तीन दिनों से खोद रखा है मगर उसकी मरम्मत अब तक नहीं की गई है।

इस रास्ते से रघुनाथ मंदिर, संस्कृत कॉलेज, सुल्तानपुर कन्या स्कूल के लिए छात्रों का आना-जाना भी इसी रास्ते से होता है। इसके साथ ही इसी रास्ते से सुल्तानपुर धर्मसभा, अप्पर सुल्तानपुर, मठ, लोरन के लिए आवाजाही करते हैं और हरेक को इन रास्तों से गुजरते समय चैंबर से बह रहे मल मूत्र पर मजबूर चलना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से लगातार स्थानीय लोग अपनी दुकानों ओर घरों के सामने से बह रहे मल मूत्र को साफ करने के लिए सुबह-सुबह ही बाल्टियों में पानी भर भर कर रास्तों को साफ कर रहे हैं, मगर कुछ ही समय के अंदर फिर वही हाल हो रहा है और यह सिलसिला सुबह से शाम तक चलता जा रहा है। सुल्तानपुर रास्ते में कम से कम पांच चैंबर प्रभावित हैं और विभाग के द्वारा एक चैंबर की मरम्मत की जा चुकी है और एक अन्य चैंबर का कार्य प्रगति पर है मगर जो चैंबर दुकान ओर होटल के आगे सबसे पहले खोद कर रखे गए हैं, उन्हें उसी हालत पर छोड़ रखा है। (अनंत ज्ञान)





सुल्तानपुर के वार्ड नंबर-4 में खुले छोड़े गए चैंबरों की हालत (दाएं) दुकान के आगे से सीवरेज चैंबर से बह रहा गंदा पानी।

> मामला मेरे ध्यान में हैं और पिछले 3-4 दिनों से सुल्तानपुर में सीवरेज के पुराने हो चुके चैंबरों को दोबारा से खोद पर आरसीसी कर पक्का करने का काम किया जा रहा है, ताकि सीवरेज चैंबरों को मजबूती दी जा सके।
>
> **अमित मिरुपा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग कुल्लू मंडल।**

### विभिन्न योजनाओं पर हुई चर्चा

**आनी।** सोमवार को आनी में देवी-देवता कारदार संघ आनी इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कारदार संघ के अध्यक्ष भागेराम राणा ने की। जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सभी कारदारों को सरकार की ओर से मंदिरों के विकास के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं और उनसे लाभ लेने के विषय चर्चा हुई, जिसके बाद सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किस तरह की औपचारिकताएं पूरी करनी हैं, इसपर विस्तारपूर्वक सभी कारदारों को जानकारियां दी गईं। कारदार संघ के अध्यक्ष भागेराम राणा ने बताया कि कारदारों द्वारा प्रधानमंत्री के समक्ष मांग रखी थी कि देवता के कब्जे में ऐसी जमीनें हैं, जिस पर जनता मौखिक तौर पर उसे देवता की मानती हैं, लेकिन देवता के पास उस जमीनें के पट्टे उपलब्ध नहीं हैं।



# नाग देवता का प्राचीन मंदिर कालसर्प योग में जन्मे जातकों के लिए फलदायी

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर के गिरिपार आंज-भौज में बसे पुरुवाला-सालवाला में नाग देवता का मंदिर स्थित है।

पुराणों में नागों के आठ कुलों का वर्णन मिलता है, जिनके नाम-वासुकी, तक्षक, कुलक, कर्कोटक,पद्म, शंख, चूड़, महापद्म और धनंजय। यह मंदिर तक्षक नाग देवता का है, जो भगवान शिव को अति प्रिय है। इसलिए कालसर्प योग में जन्मे जातकों के लिए इस मंदिर में की गई पूजा विशेष फलदायी होती है। इस मंदिर का इतिहास अति प्राचीन है यह सातवीं, आठवीं शताब्दी का माना जाता है। नटनी के शाप/प्राकृतिक आपदा के समय सिरमौर रियासत की राजधानी सिरमौरी ताल के गर्क हो जाने के


सिरमौर के गिरिपार आंज-भौज में सालवाला स्थित नाग देवता का प्राचीन मंदिर।

समय में भी इस मंदिर का अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ था। यहां के राजा मदन सिंह यदुवंशियों के भाटी शाखा से संबंध रखते थे। इस वंश का राज संपूर्ण पंजाब में था तथा राजधानी बठिंडा थी इस वंश के शासक गज थे, जिन्होंने गजनी बसाई थी। राजा गज का पहला मुस्लिम युद्ध खलीफाओं के साथ हुआ था। नटनी के शाप अथवा प्राकृतिक आपदा से गर्क हुए सिरमौर रियासत के लिए नया शासक लेने के लिए हुसांक नामक ब्राह्मण के साथ एक प्रतिनिधिमंडल जैसलमेर गया। जैसलमेर में उस समय राजपूतों का बाहुल्य था। वहां से शालीवाहन द्वितीय के सबसे छोटे बेटे हासु/हंसु को सिरमौर रियासत भेजा गया। यह 1195 ईस्वी की घटना बताई गई है, जबकि कुछ इतिहासकारों का मानना है कि यह घटना-1095 ईस्वी की है।

प्रसिद्ध इतिहासकार कर्नल जेंस टॉड ने अपनी पुस्तक -ऐनल एंड ऐंटी कबीली आफ राजस्थान में इस घटना की पुष्टि करते हुए लिखते हैं कि यह घटना बारहवीं शताब्दी में घटित हुई, जिसमें प्राकृतिक आपदा से सिरमौरी ताल के गर्क हो जाने बारे बताया है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि जब हंसु/हासु सिरमौर पहुंचा, तो काफी राणे तथा ठाकुर सिरमौर रियासत से अलग हो गए थे। राजबन पर भी कोली वंश का शासन हो गया था। राजा हंसु/हासु ने राणों तथा ठाकुरों को युद्ध में परास्त किया, जबकि कोली वंश के शासक को उसी क्षेत्र में बसा दिया। राजा हंसु/हासु जब दोबारा जैसलमेर से वापस आ रहा थे, तो हिसार के पास उनकी मृत्यु हो गई। उस राजा की रानी गर्भवती थी तथा वह अपने मायके में थीं। विचार कर उसे सिरमौर लाने का प्रबंध किया गया, लेकिन जैसे ही वह रानी साल वाला जंगल के पास स्थित इस मंदिर में पहुंची, तो उसे प्रसव पीड़ा हुई तथा उसने एक बालक को जन्म दिया, जिसका नाम सुवंश प्रकाश (ढाक प्रकाश) रखा गया और यही बालक आगे चलकर सिरमौर रियासत का उत्तराधिकारी बना। ढाक वृक्ष के नीचे इसका जन्म हुआ तथा भयंकर बारिश में नाग देवता ने इसकी रक्षा की थी। (अनंत ज्ञान)

## परिवार में सांप को मारना वर्जित

**आज** भी राजपरिवार नाग देवता को अपना पितर/देवता मानते हैं। किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले नाग देवता को निमंत्रण दिया जाता है। किसी भी प्रकार का नाग/सर्प सामने आने पर राजपरिवार की महिलाएं घुंघट कर लेती हैं। इस परिवार में सांप को मारना वर्जित है। नाग देवता की दिया जात स्वरूप उसी पलाश/ढाक की लकड़ी की चार प्रतिमाएं आज भी नाहन के परैत ब्राह्मण परिवार के पास मौजूद हैं। बड़ी पत्थर की प्रतिमा उसी साल वाला मंदिर में स्थित है। कुछ समय बाद यह मंदिर बाढ़ के कारण जमीन में धंस गया था, जिसको स्थानीय लोगों द्वारा खोद कर निकाला था।

# पंजोड़ में आयोजित शांत यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग


नाहन। सिरमौर जिले के उपमंडल शिलाई के अंतर्गत आने वाले गांव पंजोड़ में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान शांत यज्ञ में एक साथ हजारों श्रद्धालुओं ने विजट देवता व उनके भाई शिरगुल महाराज का जयघोष किया। पारंपरिक शैली में मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद खुनेवड़ अथवा कुरूड़ चढ़ाए जाने की परंपरा को निभाने के लिए इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचे शिलाई व उपमंडल संगड़ाह आदि इलाकों के दो दर्जन के करीब गांवों के लोगों ने एक साथ देवता का जयघोष किया, तो पूरा इलाका गूंज उठा। पारंपरिक वाद्ययंत्र दमेनू, ढोल व नगाड़े की ताल पर तब तक लिंबोर कहलाने वाले जयकारे जारी रहते हैं, जब तक देवता मंदिर में विराजमान नहीं हो जाते।

## न्यूज ब्रीफ

### संजय हिमाचल स्कूल डीपीई संघ के अध्यक्ष



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल डीपीई संघ सिरमौर के चुनाव में गागल शिकोर स्कूल के डीपीई संजय कुमार को सर्वसम्मति से नया जिला अध्यक्ष चुनय गया, जबकि मोगीनंद स्कूल के डीपीई सतीश पुंडीर को महासचिव पद की कमान सौंपी गई। जिला मुख्यालय में हुए चुनाव से पूर्व एक आमसभा आयोजित हुई, जिसमें सिरमौर के सात जोन के 40 डीपीई ने हिस्सा लिया। इस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पिछले छह साल से न तो चुनाव करवा रहे हैं और न ही पद छोड़ने को तैयार हैं। लिहाजा, आमसभा में मौजूद सभी सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया और नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस मौके पर नए जिला अध्यक्ष और महासचिव के साथ-साथ रामपुर, भारापुर स्कूल के डीपीई भविंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लुधियाना स्कूल के डीपीई देवपाल को सह सचिव, बागथन स्कूल की डीपीई प्रीतिका गुरुंग को कोषाध्यक्ष, भगानी और सनियो दीदग स्कूलों के डीपीई राजेश पुंडीर और भाग सिंह को उपाध्यक्ष और विजय कुमार को मुख्य सलाहकार पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ-साथ अविनाश पंवार को प्रेस सचिव बनाया गया।

### नशे के दुष्प्रभाव पर निकाली जागरूकता रैली



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में एक सप्ताह तक चलने वाला एनएसएस विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बागवानी कॉलेज के 100 से अधिक वॉलंटियर्स ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के दौरान बागवानी कॉलेज के डीन डॉ. मनीष शर्मा ने एनएसएस की गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. मीनू गुप्ता ने एनएसएस शिविर के बारे में एक ओरिएंटेशन व्याख्यान दिया, जिसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में प्लास्टिक कचरा संग्रहण और जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया। शिविर के दौरान, वॉलंटियर्स ने वन महोत्सव गतिविधि में भाग लिया और नौणी पंचायत में ग्रेविया प्रजाति और व्हिस्परिंग विलो के पौधे लगाए। उन्होंने विश्वविद्यालय की सीमा और ओछघाट से नौणी तक सड़क पर सफाई अभियान भी चलाया। नौणी पंचायत से औद्यानिकी कॉलेज और शमरोड़ स्कूल तक नशे के दुष्प्रभाव पर जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर में विद्यार्थियों को पंचायतीराज व्यवस्था के बारे में भी जानने का अवसर मिला। इसमें नौणी पंचायत का दौरा शामिल था, जहां उन्होंने पंचायत प्रधान मदन हिमाचली और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

### कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं से करवाया अवगत



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में बीए/ बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन/ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर ने की। उन्होंने सर्वप्रथम कॉलेज में प्रवेश लेने वाले प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं उन्हें कॉलेज से संबंधित नियमों एवं उपलब्ध सुविधाओं से अवगत करवाया। इसके बाद प्रोफेसर जगमोहन ठाकुर ने अनुशासन, करियर काउंसलिंग एवं एंटी रैगिंग विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके अतिरिक्त डॉक्टर राजन कौशल, डॉक्टर सुध्यान नेगी, प्रोफेसर दिनेश कुमार, प्रोफेसर मोल्लम डोलमा, प्रोफेसर सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रोफेसर कृष्णदत्त आदि ने विषयों एवं कॉलेज में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों, क्लबों एवं विभिन्न अवसरों के विषय में व्याख्यान दिया। इससे विद्यार्थी अत्यधिक लाभान्वित भी हुए।

### प्रदीप को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कमान



**राजगढ़।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राजगढ़ इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन रतन कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। इसमें एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें प्रदीप शर्मा प्रधान, नरेश निर्मल वरिष्ठ उपप्रधान, चमन लाल तोमर महासचिव, राजेश शवाईक कोषाध्यक्ष, रणवीर ठाकुर उपाध्यक्ष, मोहन सिंह कश्यप सह-सचिव, मदन तोमर प्रेस सचिव और जसवंत चौहान को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा र ठाकुर व र कश्यप को मुख्य सलाहकार चुना गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने मीडिया को बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पेंशनर्स के हित के लिए निरंतर प्रय शील रहेगी। उनका कहना था कि वे पैशनर्स की मांगों व समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने व उनका पूरा करवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# रेहड़ी-फड़ी विकास समिति की मांगों को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल


रेहड़ी-फड़ी विकास समिति की मांगों को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति की मांगों को लेकर अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता और समाज सेवी मुकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा से मिला।

पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप ने डीसी को रेहड़ी चालकों की समस्याओं से अवगत करवाया। साथ ही आयुक्त को आजीविका भवन विजिट कर हालात का जायजा लेने का भी आग्रह किया। मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के प्रधान ने कहा कि वर्तमान में नगर आयुक्त सोलन की ओर से स्ट्रीट वेंडर एक्ट-2014 की अनदेखी की जा रही है। हमारे संगठन में लगभग 148 लाइसेंस धारकों में से कुछ साथियों को नगर निगम द्वारा पालिका बाजार में दुकान दी गई हैं और 55 बूथ नवनिर्मित आजीविका परिसर में 15 दिसंबर 2023 को आवंटित किए गए हैं, जिसमें लगभग 64-65 के करीब रेहड़ी लाइसेंस धारकों ने आवेदन किए थे, जिनमें से नौ लोगों की पर्ची नहीं निकली थी, उन्हें व बाकी बचे अन्य लोगों को अब तक कोई भी स्थान नहीं दिया गया है और वह लोग बेरोजगार हो चुके हैं।

# सावन के पहले सोमवार को सोलन के शिवालयों में ॐ नम: शिवाय की गूंज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सावन महीने के पहले सोमवार को जिला मुख्यालय सोलन के शिवालयों में ॐ नम: शिवाय की गूंज रही।

सोलन के प्रसिद्ध जटोली शिव मंदिर सहित नर्सिंग मंदिर, सलोगड़ा स्थित शिवालय और अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। शहर के अधिकतर मंदिरों में विशेष पूजा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही भक्तों ने व्रत रखकर शिवालयों में दूध, दहीं से भोलेनाथ का अभिषेक किया। जटोली शिव मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ रही। यहां भक्त सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। मंदिर कमेटी से जुड़े राजेश कुमार का कहना है कि ऐसी मान्यता है कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द पूरी होती हैं। सावन में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का विशेष महत्व


जटोली शिव मंदिर।

होता है। इसके अलावा सावन में भगवान शिव की पूजा-आराधना के लिए शास्त्रों के नियमों का विशेष पालन करना होता है। शहर के वार्ड-14 स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इसी प्रकार से सलोगड़ा, शिव ढाक, पट्टा मोड, सहित जिले के अन्य शिवालयों में भी भक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## सनातन परंपरा का सबसे पवित्र सावन मास आरंभ

**राजगढ़।** सोमवार से सावन का पवित्र मास आरंभ हो गया है। इस बार सावन माह में पांच सोमवार पड़ रहे हैं।

आज सावन के पवित्र महीने का प्रथम सोमवार है। वैदिक पंचांग के अनुसार सावन महीने की शुरुआत सोमवार 22 जुलाई से हो रही है और इसका समापन 19 अगस्त सोमवार को होगा। साथ ही सावन की शुरुआत और समापन दोनों ही सोमवार के दिन होने से बहुत ही दुर्लभ संयोग बना हुआ है। हिंदू धर्म में सावन के महीने का विशेष महत्व होता है। हिंदू कैलेंडर का यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। ऐसी मान्यता है कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द पूरी होती हैं। सावन में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का विशेष महत्व होता है। इसके अलावा सावन में


भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए शास्त्रों के नियमों का विशेष पालन करना होता है। हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही ज्यादा महत्व दिया जाता है और यह पूरा महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इस महीने में सावन के दिनों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाता है और भगवान शिव पर धतूरा, बेलपत्र, चंदन, शहद दूध, शमी पत्र आदि अर्पित किए जाते हैं। माना जाता है कि इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्त की सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### सावन महीने का विशेष महत्व क्यों

श्रावण मास का प्रत्येक दिन बेहद फलदायी है, लेकिन उससे भी ज्यादा श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार का दिन विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति सावन के सोमवार का व्रत करता है उसके वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती है। साथ ही, उस व्यक्ति को जीवन में सुख-समृद्धि की कमी भी नहीं रहती है। मान्यता है कि सावन के महीने में की गई पूजा से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं।

# एआई प्रगति के भविष्य पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय में एचआर उत्कृष्टता के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति का दोहन शीर्षक से दो दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव में रचनात्मकता और एआई प्रगति के भविष्य पर चर्चा की गई।

कॉन्क्लेव के दौरान शूलिनी यूनिवर्सिटी के सह-संस्थापक और अध्यक्ष इनोवेशन एंड मार्केटिंग, आशीष खोसला और शूलिनी ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग के निदेशक प्रो. अमर राज सिंह ने अनलीशिंग क्रिएटिविटी एंड लर्निंग विद जेनेरेटिव एआई द शीर्षक से एक सत्र आयोजित किया। दूसरे दिन की


एचआर उत्कृष्टता के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति का दोहन कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी।

शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला की ज्ञानवर्धक बातचीत से हुई, जिन्होंने रचनात्मकता और एआई के अभिसरण के बारे में बात की। अकादमिक क्षेत्र में उद्योग की भूमिका, भारत में केपीएमजी के एसोसिएट निदेशक सचिन शर्मा, शूलिनी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विज्ञान संकाय के डीन मुनीश सहरावत और प्रोफेसर प्रदीप शर्मा के साथ एक दंडात्मक चर्चा की गई।

# विजय पांचवीं बार बने पेंशनर्स वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राजगढ़ खंड इकाई के चुनाव स्थानीय सनातन धर्म मंदिर में मुंशीराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिदत्त शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, जिसके बाद विजय भारद्वाज को पांचवीं बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

डॉ. कृष्ण दत्त शर्मा को महासचिव बनाया गया, जबकि परसराम गालिब को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अयोध्या अरोड़ा व जीवन सिंह तोमर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। श्यामा देवी व इंदर सिंह पुंडीर को उपाध्यक्ष बनाया



गया। गरजा राम को सहसचिव व गोपाल शर्मा को संगठन सचिव बनाया गया, जबकि मुंशीराम वर्मा को मुख्य सलाहकार व प्रताप सिंह को सलाहकार बनाया गया। सुशील को महालेखाकार, रूप सिंह कंवर को उपलेखाकार व रविदत्त भारद्वाज को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त हरिदत्त शर्मा व रविदत्त भारद्वाज को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।

## भरल लाल बने 13वीं बार क्लब के प्रधान

**रिकांगपिओ।** रगदेन युवक मंडल क्लब पांगी का चुनाव नायब तहसीलदार कल्पा रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। रविंद्र ठाकुर नायब तहसीलदार कल्पा की अध्यक्षता में रगदेन युवक मंडल की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें भरत लाल 13वीं बार क्लब के प्रधान बने व रवि राज उपप्रधान, विकास महासचिव, भूपेश कुमार सहसचिव, अमर सिंह कोषाध्यक्ष, शंकर लाल सलाहकार, निर्मल सिंह संयोजक, प्रेम चंद विशेष को सलाहकार बनाया गया।

# राजस्व मंत्री पर विश्वास जता कर कांग्रेस में हुए शामिल, ली प्राथमिक सदस्यता



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजेश सोनी कल्पा, लोकेश कल्पा, धर्म सागर दूनी सहित देवमंती दूनी ने प्रदेश सरकार में बागवानी, राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी सहित कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान मंत्री ने सभी को पार्टी में जुड़ने पर बधाई देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान विशेष रूप से डायरेक्टर स्टेट कॉ-ओपरेटिव बैंक विक्रम सिंह नेगी, जिला परिषद सदस्य हितेश आज्यान, जय कृष्ण नेगी जनजातीय परिषद सदस्य, कुलवंत नेगी उपाध्यक्ष राज्य इंटक, अनिल विलेज कांग्रेस कमेटी दूनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## पेड़ से लटका मिला शव

**पांवटा साहिब।** पांवटा ब्लॉक की पंचायत पातलियों के शिव मंदिर के पास जंगल में पेड़ से लटका शव मिला।

मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस तत्काल जंगल में घटना स्थल पर पहुंची और पेड़ से लटके शव को उतारकर और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। डीएसपी, पांवटा अदिति सिंह ने बताया कि पेड़ से लटके शव की शिनाख्त कर ली है, जिसकी पहचान सुरजीत कुमार 36 साल पुत्र खेमकरण निवासी गांव सिरदापुर रामपुर कोठी तह. गोला जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश का के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी प्रीति देवी व बेटे विकास कुमार और सरबजीत कुमार व मौके पर अन्य गवाहों के बयानों ने किसी पर भी कोई शक जाहिर नहीं किया है।

# अवैध माइनिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा विभाग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ में अवैध माइनिंग रोकने में माइनिंग विभाग पूरी तरह से सख्त नजर आ रहा है।

माइनिंग विभाग नालागढ़ रोजाना अवैध माइनिंग माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई में जुटा हुआ है। माइनिंग विभाग नालागढ़ ने अवैध माइनिंग माफिया पर कार्रवाई करते हुए एक वर्ष में लाखों रुपए का जुर्माना लगाकर सरकार की झोली में डाला है। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध माइनिंग माफिया में खौफ बना है। यह कार्रवाई जिला सोलन माइनिंग अधिकारी हरविंद्र सिंह के दिशा-निर्देशों पर नालागढ़



माइनिंग विभाग की टीम के द्वारा अमल में लाई जा रही है। जानकारी के अनुसार बद्दी व नालागढ़ में अप्रैल से जून माह तक माइनिंग विभाग के द्वारा 92 चालान काटे जा चुके हैं, जिसमें 55 चालान कंपाउंड हुए, जिन पर 11 लाख 73 हजार रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है बाकी प्रक्रिया में हैं। एमओजिला सोलन माइनिंग अधिकारी हरविंद्र सिंह का कहना है कि माइनिंग विभाग नालागढ़ अवैध माइनिंग रोकने में लगातार काम कर रहा है। अप्रैल 2024 से जून माह तक 92 चालान काटे जा चुके हैं, जिसमें से 55 चालान कंपाउंड हुए, जिन पर 11 लाख 73 हजार रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है, जबकि 37 चालन प्रोसेस में हैं। टीम के द्वारा नालागढ़ में सराहनीय कार्य किया गया है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। अवैध माइनिंग को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**हाउस** दुकानों का किराया बढ़ाने पर लग सकती है मुहर, पार्किंग के मुद्दे पर भी होगी चर्चा, 27 को होगा जनरल हाउस

# नगर निगम सोलन के जनरल हाउस में लंबित कार्यों को मिलेगी गति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने आखिर चार महीने की देरी के बाद जनरल हाउस की तिथि तय की है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो 27 को जनरल हाउस आयोजित किया जाएगा।

मेयर के चुनाव में देरी के चलते हाउस की अध्यक्षता कार्यकारी मेयर मीरा आनंद करेगी। इस बार का हाउस अपने आप में खास होने वाला है, जिसमें पानी की समस्या, अवैध कनेक्शन और सफाई के टेंडर सहित प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर हंगामे के आसार हैं। यदि पार्षदों की सहमति बनी, तो शहर में निगम की तरफ से आवंटित दुकानों की सब लेटिंग और



किराया बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह शहर के पुराना बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण के लिए सेना से जमीन अदला-बदली पर भी प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके अलावा शहर में लंबित विकास कार्य के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों को मिलेगी गति

हाउस के आयोजन से शहर के वार्ड क्षेत्रों में लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही बजट के अभाव में लंबित कार्यों के लिए भी बजट का प्रावधान होगा। बता दें कि जनरल हाउस नहीं होने से विकास कार्यों को भी गति नहीं मिल पाई है। पहले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते जनरल हाउस नहीं हुआ और फिर मेयर का पद खाली हो गया। ऐसे में शहर के विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। एमसी एक्ट के मुताबिक मेयर का पद खाली होने की स्थिति में एक महीने के अंदर चुनाव करवाना आवश्यक होता है। नगर निगम में मेयर का पद खाली होने की अवधि पूरी होने को है पर सरकार की तरफ से अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है।



"जनरल हाउस की तिथि 27 जुलाई को तय हुई है। हाउस का एजेंडा बन चुका है। इसमें 20 से 25 मुद्दों पर चर्चा होगी।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### 40 महीने में मात्र 10 जनरल हाउस

निगम में पिछले करीब तीन साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसा कार्य नहीं जो सही तरीके से सिरे चढ़ा हो। यही कारण है कि 40 महीने के कार्य काल में मात्र 10 जनरल हाउस नहीं हो पाए। एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए पर कभी आयुक्त की ट्रांसफर, तो कभी मेयर की कुर्सी की खींचतान में जनरल हाउस लंबित होते रहे हैं। वित्तीय वर्ष में मात्र एक ही जनरल हाउस हो पाया है। चुनाव आचार संहिता के चलते पिछले करीब एक महीने से हाउस नहीं हुआ, लेकिन केंद्र में सरकार का गठन होने के बावजूद नगर निगम एक अदद जनरल हाउस का आयोजन नहीं कर पा रहा है। ऐसे में चुने हुए पार्षदों और नगर निगम से विकास कार्यों की उम्मीद नहीं की जा सकती।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश से 4,500 से अधिक भारतीय छात्र लौटे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंसक झड़पों के बीच 4,500 से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए हैं। इन झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि नेपाल के 500, भूटान के 38 और मालदीव का एक छात्र भी भारत पहुंचा है। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''अब तक 4,500 से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए हैं। उच्चायोग भारतीय नागरिकों के सीमा प्रवेश स्थल तक सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था कर रहा है।'' मंत्रालय ने कहा कि ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में सहायक उच्चायोग भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी में सहायता कर रहे हैं।

### 39,000 से अधिक फिलस्तीनी मारे गए

**दीर अल बलाह ।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजराइल के हमले में अब तक गाजा पट्टी क्षेत्र में 39,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 89,800 से अधिक घायल हुए हैं। दक्षिणी गाजा और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में इजराइली हवाई हमलों में कई दर्जन लोगों की मौत के बीच युद्ध में हताहतों की यह नयी संख्या सामने आई है। मंत्रालय की गणना में सैनिकों और असैन्य नागरिकों दोनों को शामिल किया गया है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमला किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा पर हमला शुरू किया था। हमास के आतंकवादियों ने हमले में लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 250 अन्य को बंधक बना लिया था।

### नेशनल हेराल्ड मामले में संक्षिप्त जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद सुब्रमण्यन स्वामी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड



मामले में संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने तीनों को चार सप्ताह के भीतर दलीलों पर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि इसके बाद लिखित जवाब 15 हजार रुपए के मुकदमा खर्च के साथ स्वीकार किया जाएगा। अदालत ने इस मामले को बहस के लिए 29 अक्टूबर को सूचीबद्ध किया है। उच्च न्यायालय, स्वामी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई अदालत के समक्ष सबूत पेश करने का अनुरोध करते हुए दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य आरोपी हैं।

### दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को मस्कट भेजा

नई दिल्ली। अबूधाबी से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आ रहे इंडिगो के एक विमान को सोमवार को तकनीकी गड़बड़ी के कारण मस्कट की ओर मोड़ दिया गया। एयरलाइन ने बयान में कहा कि आवश्यक रखरखाव के बाद विमान पुनः परिचालन में आ जाएगा। विमान में यात्रियों की संख्या के बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है। बयान के अनुसार, 'अबू धाबी से दिल्ली आ रही इंडिगो की उड़ान 6ई 1406 को तकनीकी खराबी के कारण मस्कट की ओर मोड़ दिया गया।' बयान में कहा गया है कि यात्रियों को मस्कट में होटल में ठहराने की पेशकश की गई है। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों के गंतव्य तक की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### रेल यात्री यातायात में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 673 करोड़ यात्रियों ने रेल यात्रा की, जो सालाना आधार पर लगभग 5.2 प्रतिशत अधिक है। संसद में सोमवार को पेश की गई आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई। समीक्षा के मुताबिक, कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड को छोड़कर माल ढुलाई से आमदनी भी वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत बढ़ी। इसमें कहा गया, ''आईआर (भारतीय रेलवे) में यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 (अनंतिम वास्तविक) में 673 करोड़ था, जो इससे पिछले साल के मुकाबले लगभग 5.2 प्रतिशत अधिक है।'' समीक्षा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में रेलवे की माल ढुलाई 158.8 करोड़ टन रही और इसने वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक 7.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) हासिल की है। इस दौरान क्षमता वृद्धि, नए रोलिंग स्टॉक और परिचालन दक्षता में सुधार पर विशेष जोर दिया गया।

### संशोधित याचिका दायर करने के आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सांसद बांसुरी स्वराज के चुनाव को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती की याचिका में सोमवार को कई गलतियों का उल्लेख किया और उनसे एक संशोधित याचिका दायर करने को कहा। याचिका में मुद्रण संबंधी बहुत सारी त्रुटियां हैं जिससे इसमें दिए गए कथनों को समझना मुश्किल हो गया है। अदालत ने भारती को संशोधित याचिका दायर करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तारीख तय की।

### नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा शुरू



**नूंह (हरियाणा)।** पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर जाएंगे। यात्रा का मार्ग करीब 80 किलोमीटर लंबा है। यात्रा शुरू होने से पहले, बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्वाह्न करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इससे पहले सुबह, यात्रा में भाग लेने वाले कई भक्त नल्हड़ मंदिर के लिए रवाना होने से पहले गुरुग्राम के सेक्टर 10 में राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। हरियाणा सरकार ने यात्रा के मद्देनजर नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी है और उसने मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

### मुंबई में बारिश से बिगड़े हालात, एनडीआरएफ तैनात

**मुंबई।** मुंबई में कई स्थानों पर सोमवार को सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिससे कल्याण और ठाकुर्ली स्टेशन के बीच व्यस्त समय के दौरान लोकल ट्रेन सेवाएं थोड़ी देर के लिए बाधित हुईं। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने दावा किया कि शहर में सुबह आठ बजे तक 24 घंटे के दौरान कई स्थानों में 200 मिलीमीटर से अधिक की बारिश दर्ज की। मुंबई और उसके उपनगरों में भारी बारिश तथा समुद्र में ऊंची लहरें उठने के पूर्वानुमान के बीच शहर में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ के तीन दल तैनात किए हैं।

# इसराइली सेना ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का आदेश दिया

**एजेंसी, दीर अल-बलाह**



इसराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का सोमवार को आदेश दिया जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इसराइली ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गयी है। अमेरिकी और इसराइली अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

इसराइली के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि गुरुवार को वार्ता जारी रखने के लिए एक वार्ता दल को भेजा जाएगा। मिस्र, कतर और अमेरिका, इसराइल तथा हमास पर चरणबद्ध तरीके से संघर्ष विराम समझौता करने पर जोर दे रहे हैं।

इस बीच, नेतन्याहू, राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने के लिए अमेरिका की बहुप्रतीक्षित यात्रा पर सोमवार सुबह रवाना हुए, जिन्होंने रविवार को घोषणा की कि वह अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे।

नेतन्याहू ने कहा कि चाहे अगला अमेरिकी राष्ट्रपति कोई भी बने, ''हमारे दुश्मनों को पता होना चाहिए कि इसराइली और अमेरिका हमेशा एक साथ खड़े हैं।''

उन्होंने कहा कि वह 40 साल से अधिक वक्त की दोस्ती के लिए बाइडन को धन्यवाद देंगे और साथ ही उन पर कुछ मुद्दों पर अधिक समर्थन के लिए भी दबाव डालेंगे।

### गाजा में इसराइल के हवाई हमले, 15 की मौत

गाजा में इसराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। इसराइल की ओर से यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के लिए रवाना हुए, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नेतन्याहू अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए हमास के खिलाफ नौ महीने से जारी युद्ध के लिए अपना पक्ष रखेंगे।

# करियर काउंसलिंग सत्र में 700 से अधिक छात्रों ने लिया भाग



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

कक्षा आठवीं, नौवीं और दसवीं के छात्रों के लिए एक सफल करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। क्रैक अकादमी, जो की भारत का पहला ऑनलाइन एड-टेक प्लेटफॉर्म है, ने मानव मंगल स्कूल, जीरकपुर में इस सत्र का आयोजन किया, जिसमें 700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य विभिन्न करियर विकल्पों और उनकी तैयारी के महत्व पर मार्गदर्शन देना था।

सत्र में क्रैक अकादमी के तीन प्रमुख सदस्य शामिल थे। सीईओ और संस्थापक नीरज कंसल ने अपनी प्रेरक यात्रा छात्रों के साथ साझा की। स्वेतांक पांडे, चीफ कंटेंट ऑफिसर, ने अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया। सह-संस्थापक रिषि भार्गव ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

पैनलिस्टों ने सही करियर चुनने के महत्व पर जोर दिया और तैयारी के टिप्स दिए। इस दौरान कक्षा दसवीं के एक छात्र ने कहा कि आज की जानकारी ने मेरे भविष्य के करियर को लेकर मेरी शंकाओं को दूर किया है।

क्रैक अकादमी के सीईओ नीरज कंसल ने कहा कि हम छात्रों को सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास देने में विश्वास करते हैं ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। इस सत्र में इंटरैक्टिव कार्यशालाएं, प्रश्नोत्तर सत्र और व्यक्तिगत मार्गदर्शन शामिल था, जिससे छात्रों को अपने करियर के बारे में स्पष्टता मिली। (अनंत ज्ञान)

# बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर

## भारतवंशी कमला हैरिस को प्रेजिडेंशियल कैंडिडेट चुना, ट्रंप बोले- हैरिस को हराना और आसान

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। चुनाव से 4 महीने पहले उन्होंने चिट्ठी लिखकर इस बात का ऐलान किया। बाइडेन ने कहा कि मैं देश और पार्टी हित के लिए चुनाव से बाहर हो रहा हूं।



बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के साथ डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ाया। भारतवंशी कमला ने भी बाइडेन के समर्थन को स्वीकार करते हुए कहा है कि वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी जीतने के लिए तैयार हैं।

दरअसल, अमेरिका में 28 जून को हुई प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता यह मांग कर रहे थे कि वे राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी छोड़ दें। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर पार्टी की सबसे सीनियर लीडर नैंसी पेलोसी उन्हें प्रेसिडेंशियल रेस से बाहर होने को कह चुकीं थीं। इसके बाद बाइडेन ने कहा था कि अगर डॉक्टर मुझे अनफिट या किसी बीमारी से ग्रसित पाते हैं तो मैं राष्ट्रपति की रेस से बाहर हो जाऊंगा। इसके बाद वे कोरोना पॉजिटिव हो गए। वहीं, ट्रंप ने कहा कि ट्रंप हैरिस को हराना और आसान होगा।

### बाइडेन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडेन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है।

बाइडेन की घोषणा के तुरंत बाद रविवार को 'एक्स' पर 'बाइडेन एचक्यू' खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया। प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है।

### घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने वाला है ममता का बयान : रविशंकर

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने वाला है। रविशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे।

# नीट का उठाते रहेंगे मुद्दा, सरकार पर दबाव बनाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता का मुद्दा संसद के भीतर उठाते रहेंगे और सरकार पर दबाव बनाएंगे।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि शिक्षा मंत्री को नीट के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। मंत्री ने उच्चतम न्यायालय और प्रधानमंत्री की बात की, लेकिन वह यह नहीं बता पा रहे हैं कि वो नीट के मुद्दे पर क्या कर रहे हैं? देश के युवाओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हम चाहते हैं कि सरकार इस पर चर्चा करे, लेकिन वे तैयार नहीं हैं। हम ये मुद्दा उठाते रहेंगे और सरकार पर दबाव बनाते रहेंगे। राहुल ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितता के विषय को लेकर सोमवार को सदन में सरकार पर प्रहार किया और दावा किया कि देश के करोड़ों छात्रों एवं देशवासियों को इस बात का यकीन हो गया है कि भारतीय परीक्षा प्रणाली एक फ्रॉड (धोखे वाली) है तथा जिसके पास पैसा है वह इस पूरी प्रणाली को खरीद सकता है।

# एनएसयूआई ने छात्र निकाय चुनावों की तैयारियां शुरू की



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

राजीव गांधी कांग्रेस भवन सेक्टर 35 चंडीगढ़ में शहर के छात्र नेताओं की एक बैठक हुई, जिसमें छात्र निकाय चुनावों की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा की गई।

छात्रों को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएसलकी ने कहा कि पार्टी चंडीगढ़ से संसद सीट जीतने और हाल ही में विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन से उत्साहित है। पार्टी की छात्र इकाई पिछली बार पंजाब विश्वविद्यालय चुनाव जीतने में भी सक्षम रही थी और यह सभी छात्र नेताओं द्वारा एकजुट और निरंतर अभियान के कारण संभव हुआ था।

उन्होंने सभी छात्र नेताओं से छात्र समुदाय के लिए कड़ी मेहनत करने और उनके मुद्दों को हल करने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)

### 26 को कारगिल जाएंगे पीएम मोदी

**अशोक ठाकुर, जम्मू ।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर 26 जुलाई को पहुंचेंगे। वह बलिदानियों को श्रद्धांजलि देंगे। पीएम के दौरे को लेकर रविवार को लद्दाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डॉ. बीडी मिश्रा ने सचिवालय में बैठक की।

एलजी ने विभागीय सचिवों/उपायुक्त कारगिल, पुलिस और सेना के अधिकारियों को के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की।

पीएम कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह में शामिल होने के साथ वीर नारियों के साथ बातचीत भी करेंगे। हेलीपैड पर उनके लिए ग्रीन रूम तैयार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# धामी ने यूसीसी लागू करने की तैयारियों पर की बैठक

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की तैयारियों के संबंध में सचिवालय में बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए इसके अधीन संचालित होने वाली प्रक्रियाओं एवं नियमों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिया जाए।



बैठक की अध्यक्षता करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यूसीसी के प्राविधानों को व्यवस्थित रूप से संपादित किये जाने के लिए गठित उप समिति के कार्यों एवं विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही को भी शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी को विधिवत लागू किए जाने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी के बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता भी लाई जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

यूसीसी के प्राविधानों को लागू करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने जानकारी दी गई कि इस सबंध में तीन उप समितियों का गठन किया गया। नियमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए गठित उपसमिति की अब तक 43 बैठकें हो चुकी हैं, जो 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। नियमों के कार्यान्वयन में सुगमता और पारदर्शिता के लिए गठित उप समिति की 20 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, यह उप समिति भी 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। (अनंत ज्ञान)

### अंबाला में पूर्व सैनिक ने की परिवार के पांच लोगों की हत्या

**एजेंसी, अंबाला**

**नारायणगढ़** में एक पूर्व सैनिक ने अपनी मां और नाबालिग भतीजे-भतीजी समेत परिवार के पांच सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव की है। सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने कथित तौर पर परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। शवों को जलाने की भी कोशिश की। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई।

# बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया।

देश में कुछ ही दिन पहले, देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने हिंसा में हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़े अब तक साझा नहीं किए हैं।

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।

रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था।

**ताकत** भारत लड़ाकू विमान को और बनाएगा पावरफुल, पहले बैच के लिए रक्षा मंत्रालय से मिली मंजूरी

# सुखोई जेट होंगे अपग्रेड, आसमान में दुश्मनों को चटाएंगे धूल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** अपने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को और भी शक्तिशाली बनाने की तैयारी में है। रक्षा मंत्रालय ने 84 सुखोई जेट के पहले बैच को अपग्रेड करने के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दे दी है।



इस अपग्रेड के बाद ये सुखोई जेट अगले 30 साल तक आसमान में दुश्मनों को धूल चटा सकेंगे। इस अपग्रेड में जेट में अडवांस्ड रडार, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक्स, लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार और मल्टी-सेंसर फ्यूजन जैसी कई खूबियां जोड़ी जाएंगी। इसके बाद ये सुखोई जेट पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को टक्कर दे पाएंगे।

एक सूत्र ने बताया कि अपग्रेडेड सुखोई जेट 2055 तक उड़ान भरते रहेंगे। फिलहाल भारतीय वायुसेना के पास सिर्फ 30 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं, जबकि उसे चीन और पाकिस्तान दोनों से निपटने के लिए 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है। हर स्क्वाड्रन में 16-18 जेट होते हैं। ऐसे में इन सुखोई जेट का अपग्रेड होना बहुत जरूरी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अगले 15 साल में इन 84 सुखोई जेट को अपग्रेड करेगा। मंजूरी मिलने के बाद, इसके डिजाइन और विकास में सात साल लगेंगे। इसके बाद जेट को बैचों में अपग्रेड करके वायुसेना में शामिल किया जाएगा।फ्लाई-बाय-वायर सिस्टम को छोड़कर, अपग्रेड किए गए सुखोई जेट के सभी इलेक्ट्रॉनिक्स स्वदेशी होंगे। इसमें बेहतर एल्गोरिदम वाले तीनों मिशन कंप्यूटर शामिल हैं। सुखोई जेट में स्वदेशी 'विरूपाक्ष' एईएसए रडार लगाए जाएंगे, जो मौजूदा रडार की तुलना में 1.5 से 1.7 गुना ज़्यादा दूरी तक दुश्मन के विमानों का पता लगा सकेंगे।

### भारत के पास 259 सुखाई जेट

**भारत** के पास अभी 259 सुखोई जेट हैं, जो उसकी लड़ास्त्र2 क्षमता की रीढ़ हैं। इनमें से ज्यादातर जेट हैल ने रूस से लाइसेंस लेकर बनाए हैं। इसके अलावा, दुर्घटनाग्रस्त हुए जेट की भरपाई के लिए 11,500 करोड़ में 12 नए सुखोई जेट और उनके उपकरण खरीदे जा रहे हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि 15 साल में भारत के पास खुद का पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) होगा। इसकी तकनीक का इस्तेमाल पहले 84 जेट के बाद अपग्रेड किए जाने वाले सुखोई जेट में किया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रा : जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना




**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू** स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार तड़के रवाना हुआ। 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई। अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

# दूसरी टीमों के लिए भी पेरिस ओलंपिक में चमक बिखेरेंगे भारतीय

पेरिस ओलंपिक 3 दिन शेष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक-2024 में भारत सिर्फ भारतीय दल तक सीमित नहीं होगा बल्कि भारतीय मूल के कई खिलाड़ी दूसरे देशों के लिए अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। आइएं नजर डालते हैं उन खिलाड़ियों पर जिनका संबंध भारत से है, लेकिन वे पेरिस ओलंपिक में अन्य देशों का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे।

## राजीव राम (टेनिस, अमेरिका)



**अमेरिका** के डेनवर में जन्मे 40 वर्ष के राजीव के माता-पिता बेंगलुरु के रहने वाले थे। राजीव के पिता बोटेनिस्ट थे, जिनका 2019 में कैंसर से निधन हो गया। वहीं उनकी मां सुषमा वैज्ञानिक तकनीशियन है। राम ने एक बार कहा था ,''मुझे अपनी भारतीय विरासत पर गर्व है। टेनिस में बहुत ज्यादा भारतीय नहीं हैं। हम एक समूह के रूप में जो भी कामयाबी अर्जित करेंगे, उससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।'' अमेरिका के लिए खेलते हुए राजीव ने चार पुरुष युगल और एक मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम जीता है। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में वीनस विलियम्स के साथ मिश्रित युगल खेला था। इस बार वह पुरुष युगल में भाग लेंगे।



## प्रिथिका पावडे (टेबल टेनिस, फ्रांस)

प्रिथिका के पिता का जन्म पुडुच्चेरी में हुआ था। वह 2003 में शादी के बाद पेरिस जा बसे और एक साल बाद प्रिथिका का जन्म हुआ। खुद टेबल टेनिस खिलाड़ी रहे उनके पिता ने उन्हें इस खेल से रू-ब-रू कराया जब वह छह साल की थी। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में टोक्यो में पहला ओलंपिक खेला। रसायन और पर्यावरण विज्ञान की छात्रा 19 वर्ष की प्रिथिका महिला एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल में खेलेगी।

## कनक झा (टेबल टेनिस, अमेरिका)



भारतीय मूल के एक और खिलाड़ी कनक झा अमेरिका के लिए खेलेंगे। झा की मां करूणा मुंबई से और पिता अरूण कोलकाता और प्रयागराज से हैं। दोनों आईटी पेशेवर है। झा ने कैलिफोर्निया में भारतीय समुदाय केंद्र से टेबल टेनिस खेलना शुरू किया। झा की मां ने उन्हें हिन्दी और जैन धर्म सीखने के लिए जैनशाला और हिंदशाला में डाला। 24 वर्ष के झा चार बार अमेरिका के राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं और पिछले दो ओलंपिक खेल चुके हैं। उसने युवा ओलंपिक 2018 में पदक जीता था। वह पेरिस में पुरुष एकल में खेलेंगे।



## शांति परेरा (सिंगापुर, एथलेटिक्स)

सिंगापुर की फर्राटा क्वीन के नाम से मशहूर वेरोनिका शांति परेरा केरल मूल की है। उनके दादा-दादी तिरूवनंतपुरम के वेट्टुकाड के थे। उनके दादा को सिंगापुर में नौकरी मिली और उन्होंने भारत छोड़कर वहां घर बसाया। पिछले साल परेरा ने एशियाई खेलों में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। सिंगापुर की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई परेरा ओलंपिक उद्घाटन समारोह में सिंगापुर के दो ध्वजवाहकों में से होंगी।

## अमर धेसी (कुश्ती, कनाडा)



ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में जन्मे अमर धेसी के पिता बलबीर धेसी खुद ग्रीको रोमन पहलवान रह चुके हैं। पंजाब के जालंधर के संघवाल गांव से निकले बलबीर को पंजाब पुलिस में नौकरी भी मिल गई थी, लेकिन बेहतर जिंदगी की तलाश में वह 1979 में कनाडा चले गए। उन्होंने 1985 में सर्रे में युवाओं के लिए खालसा कुश्ती क्लब शुरू किया। अमर धेसी अपने पिता और बड़े भाई परमवीर के साथ कुश्ती खेलता था। अमर धेसी ने टोक्यो ओलंपिक में पदार्पण करके पुरुषों के 125 किलो वर्ग में 13वां स्थान हासिल किया। उसने एक साल बाद पेन अमेरिकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

## ओलंपिक में अब तक भारत

**भारत** ने ओलंपिक में पहली बार 1900 में भाग लिया था। भारत ने अब तक ओलंपिक में 10 गोल्ड, 9 सिल्वर और 16 कांस्य समेत कुल 35 मेडल जीते हैं। यह 35 मेडल उन्होंने 8 अलग-अलग खेलों में जीते। भारत की हॉकी टीम ओलंपिक में अब तक की सबसे सफल टीम है, जिसने आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, 1980 में खेलों में भारत चैंपियन के रूप में उभरा। पेरिस ओलंपिक-2024 में 329 स्पर्धाओं में 32 खेल होंगे।

महिला एशिया कप

## टीम इंडिया का नेपाल के खिलाफ ग्रुप मैच आज शाम सात बजे से

# जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा भारत

### अभी तक भारत का बल्लेबाजी-गेंदबाजी में प्रदर्शन शानदार



**एजेंसी, दांबुला**

पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट केग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अपने अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था।

नेपाल अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात को हराने में सफल रहा था, लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है, जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

भारतीय टीम हालांकि अन्य टीमों की स्थिति पर गौर करने के बजाय अपने विजय अभियान को जारी रखने पर ध्यान देगी। उसने अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसे वह जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे। विस्फोटक बल्लेबाज घोष ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 29 गेंद पर 64 रन बनाए थे, जिससे भारत महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार 200 रन का आंकड़ा छूने में सफल रहा।

हरमनप्रीत ने 47 गेंद पर 66 रन बनाकर सूत्रधार की भूमिका निभाई थी। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। यहां तक कि पिछले मैच में चोटिल ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल की जगह टीम में शामिल की गई तनुजा कंवर ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और चार ओवर में केवल 14 रन दिए और एक विकेट भी लिया। इंदु बर्मा की अगुवाई वाली नेपाल की टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत से अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन पाकिस्तान के सामने उसकी एक नहीं चली।

अब उसकी टीम भारत की चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ होगी और अगर उसे भारतीय टीम को परेशानी में डालना है, तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### संभावित टीमें

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, तनुजा कंवर, सजना सजीवन में ले।

**नेपाल।** इंदु बर्मा (कप्तान), काजोल श्रेष्ठ, रूबीना छेत्री, सबनम राय, सीता राणा मगर, राजमती ऐरी, पूजा महतो, बिंदू रावल, रोमा थापा, ममता चौधरी, कबिता जोशी, कबिता कुंवर, डॉली भट्टा, कृतिका मरासिनी, समझाना खड़का में से।

## पार्ल रॉयल्स से जुड़ेंगे जो रूट



**जोहान्सबर्ग।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट बेतवे एसए टी20 लीग के तीसरे सत्र में पार्ल रॉयल्स टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूपों में कुल 344 मैच खेलकर 19,219 अंतरराष्ट्रीय रन बना चुके रूट ने 2016 टी-20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुंबई में ग्रुप मैच में 230 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए 44 गेंद में 83 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी।

उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में भी 36 गेंद में 54 रन बनाए थे, लेकिन इंग्लैंड जीत नहीं सका था। पार्ल रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा ,''हमें पता है कि जो रूट कितना शानदार खिलाड़ी है। रॉयल्स टीम में उसका होना बहुत अच्छा रहेगा। उसने अपने प्रदर्शन से हर टीम के लिए खुद को साबित किया है।''

रूट आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स और आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल चुके हैं।

## महिला हॉकी टीम ने नौसेना अकादमी में अभ्यास किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) में अभ्यास किया, जिसमें निशस्त्र लड़ाई का प्रशिक्षण, दौड़ और नाव खींचने जैसी गतिविधियां शामिल थी, जिसका लक्ष्य खिलाड़ियों को मानसिक रूप से अधिक मजबूत और अधिक अनुशासित बनाना था।

यह अनूठा शिविर केरल के कन्नूर में 15 से 21 जुलाई तक आईएनए पर आयोजित किया गया। महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी और फिलहाल नए सिरे से खड़े होने की कोशिश में है।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा गया ,''आईएनए के अनुशासित माहौल में लगाए गए इस शिविर का लक्ष्य टीम के कौशल का विकास करके एकजुटता और दृढता का भाव खिलाड़ियों में भरना है।''

## चैस : आर वैशाली ने बनाई बढ़त

**बील, स्विट्जरलैंड।** बील शतरंज महोत्सव के 57वें संस्करण के चैलेंजर वर्ग में भारत की ग्रैंड मास्टर आर वैशाली ने लगातार तीन जीत हासिल कर चैलेंजर्स श्रेणी में बढ़त बना ली है है। उन्होंने 17/26 स्कोर के साथ यूएई की सालेम सालेह को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले वैशाली ने पहले राउंड में नॉर्वे के जोनस भूल को मात देने हुए अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने जर्मनी के अलेक्जेंडर डोनचेकों को पराजित किया और जब तीसरे राउंड में उन्होंने यूएई की सालेम सालेह को पराजित किया है। इस जीत के साथ वैशाली अब टूर्नामेंट में तो एकल बढ़त पर चल ही रही है।

## पालमपुर ने ऊना को कबड्डी में दी पटकनी

**आशीष दमीर,कांगड़ा**

भडियाडा ग्राम सुधार सभा और यूथ क्लब की ओर से आयोजित मेले में कबड्डी का फाइनल मैच आकर्षण का केंद्र रहा। फाइनल मैच पालमपुर और ऊना के मध्य खेला गया जिसमें पालमपुर ने ऊना को 61-24 से हराया। मेले के दौरान सीनियर व जूनियर वर्ग की 12 टीमें हिस्सा ले रही थीं।

फाइनल जीतते ही पालमपुर क्लब की टीम खुशी से झूम उठी। समापन अवसर पर विधायक पवन काजल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि अब युवाओं में अन्य खेलों के अलावा कबड्डी को लेकर भी दिलचस्पी बढ़ रही है। यह एक साहसिक प्रतियोगिता है और युवाओं को इस खेल में भी अपनाभविष्य आजमाना चाहिए।



कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मुख्यातिथि विधायक पवन काजल के साथ।

उन्होंने कहा कि हर गांव में कबड्डी के लिए बेहतर कोर्ट बनाए जाएं, इसकी योजना वह तैयार कर रहे हैं, ताकि कांगडा के युवा भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों को कबड्डी के कोर्ट बनाने के लिए जमीन सुनिश्चित करने के लिए कहा जाएगा, ताकि गांव और शहर के युवा इस खेल में अपनी रुचि दिखा सकें।

इस मौके पर प्रधान रविंद्र सिंह, मनोहर लाल, ग्राम सुधार सभा प्रधान प्यार सिंह राणा, सौरभ चौधरी, राजिंदर पटियाल, सीता राम, जगत सिंह, सत्यप्रकाश सोनी, रजनीश मोना, विजय विजू आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## भारत विश्व जूनियर स्क्वाश से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लड़कों की छठी वरीयता प्राप्त टीम चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं।

लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई, लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित करके दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन निर्णायक मुकाबले में निरुपमा दुबे को डोयस ये सैन ली से पांच गेम तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर जीत

**एजेंसी, नॉटिंघम**

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्ट इंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इसके बाद उन्होंने जेसन होल्डर और आखिरी खिलाड़ी शमर जोसेफ को आउट किया।



वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## पेरिस में टोक्यो जैसी गलती नहीं करूंगी : मनिका बत्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा। अपने साथियों के साथ पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगी बत्रा ने टोक्यो ओलंपिक के अनुभव से काफी कुछ सीखा है।

बत्रा ने कहा,''पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। उसके बाद मेरी मानसिकता बदली है। मैं अधिक शांत हो गई हूं।''

उन्होंने कहा,''मैं अपने दमखम और फुर्ती पर ध्यान दे रही हूं और मेरा वास्तविक लक्ष्य पदक के लिए चुनौती पेश करना है।''

## पेरिस ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे पीआर श्रीजेश

**एजेंसी, पेरिस**

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में आयोजित हुए टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश (श्रीजेश के लिए जीतना है)' का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा।

प्रेस कांफ्रेंस

## भारत का मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार मीडिया से रू-ब-रू हुए

# गंभीर चाहते, रोहित-विराट खेलें 2027 वनडे विश्वकप

**एजेंसी, मुंबई**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि वह चाहते हैं कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली अधिकांश वनडे और टेस्ट खेलें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2027 वनडे विश्व कप खेलने के लिए वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। रोहित और कोहली दोनों ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 प्रारूप को अलविदा कह दिया। दोनों श्रीलंका दौरे पर टी-20 सीरीज में नहीं होंगे लेकिन वनडे सीरीज खेलेंगे। भारत का मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार मीडिया से रू-ब-रू हुए गंभीर ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन की भी बात कही।

उन्होंने कहा ,'' मैं पहले भी कह चुका हूं कि बुमराह जैसे खिलाड़ी का कार्यभार प्रबंधन अहम है, लेकिन एक बल्लेबाज के लिए लगातार खेलते रहना जरूरी है अगर वे अच्छे फॉर्म में हैं। रोहित और विराट अब टी-20 क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि बाकी दोनों प्रारूपों में वे अधिकांश मैचों में उपलब्ध रहेंगे।''



प्रेस कांफ्रेंस करते भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ।

### कोहली के साथ मेरा रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं : गंभीर

**मुख्य** कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है।

गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। हालांकि अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी।

गंभीर ने कहा, ''विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है।'' कोहली के संदर्भ में उन्होंने कहा, ''हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।''

### सूर्यकुमार कप्तान बनने के योग्य उम्मीदवार : अगरकर

**मुख्य** चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि जब हार्दिक पांड्या पर तरजीह देकर सूर्यकुमार यादव को टी-20 टीम की कप्तान बनाने का फैसला किया गया तो फिटनेस, ड्रेसिंग रूम से फीडबैक और लगातार उपलब्धता उनके पक्ष में रही।

अगरकर ने कहा, ''सूर्यकुमार को कप्तान क्यो बनाया गया। क्योंकि वह योग्य उम्मीदवार था। पिछले एक साल से अधिक समय से वह ड्रेसिंग रूप में है और उसके बारे में ड्रेसिंग रूम से फीडबैक मिला है। उसमें क्रिकेट की अच्छी समझ है और वह अभी भी टी-20 क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से है।''

उन्होंने कहा ,''हमें ऐसा कप्तान चाहिए था तो सारे मैच खेले। हमें लगता है कि वह कप्तान बनने का हकदार है और हम देखेंगे कि वह इस भूमिका में कैसे फिट बैठता है।'' अगरकर ने कहा कि उन्हें ऐसा कप्तान चाहिए था जिसका फिटनेस का रिकॉर्ड अच्छा हो और जिसका चोटों का इतिहास नहीं रहा हो।

## जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-17 चैंपियन बने लक्ष्य

### लड़कियों के अंडर-17 का खिताब दिया शर्मा ने जीता

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

जिला ऊना बैडमिंटन संघ द्वारा जिला स्तरीय अंडर-15 व अंडर -17 बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाई गई। 48वीं सब जूनियर दो दिवसीय प्रतियोगिता में लड़कों व लड़कियों व युगल मुकाबलों हुए, जिसमें लड़कों के अंडर-17 एकल में लक्ष्य, युगल में रुद्रा सहोड, लक्ष्य मिश्रित युगव में निशांत व दिया शर्मा चैंपियन बने।

लड़कियों के अंडर-17 एकल में दिया शर्मा ने खिताब जीता। लड़कों के अंडर-15 एकल में शगुन राणा, युगल में शगुन राणा और अनुष राणा, मिश्रित युगल में रूहानी और शगुन राणा विजयी रहे।

लड़कियों के अंडर-15 एकल में रिधि लखनपाल, युगल में रूहानी व रिधि लखनपाल ने खिताब जीते।



जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी कोच स्टॉफ के साथ।

जिला ऊना के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 25 जुलाई को हमीरपुर में शुरू होगी, जिसमें अंडर-15 व अंडर-17 के मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता में जिला ऊना से विजेता व उपविजेता टीमें भाग लेगी। इस अवसर पर जिला एसोसिएशन संघ की ओर से अशोक ठाकुर, अशोक आंगरा, सुनील राव, अनिल रंधावा, अभिषेक कपिला, हरिंदर सिंह, जगतार सिंह, पंकज कुमार, आनंदा अकादमी के कोच राकेश कुमार व डॉ. कोमल मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)